रांची ● वर्ष : 02 ● अंक : 184 ● हजारीबाग से भी प्रकाशित ● पृष्ठ : 12 ● सोमवार ● 29.04.2024 ● मूल्य : 4 रुपया ● TV.awazdailyharshit tv & www.pratahawazlive.com ● सुझाव या शिकायत : pratahawajranchi@gmail.com

रांची संस्करण

# प्रातः आवाज

हम बनेंगे आपकी आवाज, निर्भीक एवं निष्पक्ष हिन्दी दैनिक

राज्यसभा के उपसभापति ने भाजपा नेता मृत्युंजय शर्मा की लिखी किताब 'ब्रोकन प्रॉमिसेस' का किया विमोचन



पेज - 03

## कल्पना गांडेय विस सीट से आज करेंगी नामांकन, सास-ससुर का लिया आशीर्वाद

प्रातः आवाज



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उप चुनाव के लिए 29 अप्रैल को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इससे पूर्व उन्होंने रविवार को झामुमो पार्टी प्रमुख और सांसद और ससुर शिबू सोरेन तथा सास रूपी सोरेन से आशीर्वाद लिया। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के एक्स पर फोटो पोस्ट करते हुए कल्पना ने लिखा कि आंदोलन, संघर्ष और शहादत से बने विशाल वृक्ष का नाम है झामुमो। झारखंडवासियों के हक-अधिकार के लिए अंतिम सांस तक लड़ने वाले संघर्ष का नाम है झामुमो। झारखंड मुक्ति मोर्चा अध्यक्ष बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने उन्हें गांडेय विधानसभा क्षेत्र से उपचुनाव लड़ने का निर्देश दिया है। उपचुनाव के लिए झामुमो के तीर-कमान की शक्ति के साथ कल (सोमवार) नामांकन पत्र दाखिल करने से पूर्व आज बाबा, मां और दीदी का आशीर्वाद लिया। कल्पना ने लिखा है कि वे झामुमो की सिपाही के रूप में झारखंड और गांडेय विधानसभा क्षेत्र की जनता के हक-अधिकार के लिए जीवनपर्यंत कार्य करेंगी। आप सभी के स्नेह और आशीर्वाद के साथ आने वाले वक्त में गांडेय की तस्वीर बदली जाएगी।

उल्लेखनीय है कि गांडेय सीट से झामुमो के सरफराज अहमद विधायक थे। ईडी द्वारा जमीन घोटाला मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत की गिरफ्तारी के दौरान सरफराज ने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद पिछले दिनों वे राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो गए।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड के चाईबासा, पलामू और लोहरदगा में जनसभाओं को करेंगे संबोधित

प्रातः आवाज



**रांची ।** राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए चौथे चरण से मतदान होना है। राज्य में 13 मई को सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू चुनाव होने हैं। एनडीए और इंडी गठबंधनों ने सभी 14 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा भी कर दी है। साथ ही दोनों गठबंधन ने स्टार प्रचारकों की सूची भी जारी कर दी है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चाईबासा, पलामू और लोहरदगा में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। मोदी तीन मई को कोल्हान प्रमंडल के चाईबासा में तीन बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। चार मई को सुबह 9:30 बजे पलामू के चियांकी हवाई अड्डे में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसी दिन दोपहर 12:30 से लोहरदगा के सिसई में जनसभा को संबोधित करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव आज चतरा में करेंगे जनसभा



रांची। भाजपा के स्टार प्रचारक एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सोमवार को झारखंड के एक दिवसीय दौरे पर आएंगे। वह चतरा लोकसभा क्षेत्र के हंटरगंज में तीन बजे अपराह्न भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी रविवार को लोकसभा क्षेत्र प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू ने दी। रांची पहुंचकर यादव हेलीकॉप्टर से तीन बजे अपराह्न चतरा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत हंटर गंज के खूंटी केवाल मैदान में एनडीए प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री मोहन यादव देर शाम विमान से रांची से प्रस्थान करेंगे।

### अपराधियों ने चाचा-भतीजे को मारी गोली, एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

**पटना:** पटना के मनेर में देर रात अपराधियों ने चाचा और भतीजे पर को गोली मारी। जिसके बाद दोनों को इलाज के लिए नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने चाचा को मृत घोषित कर दिया। वहीं भतीजे की हालत गंभीर बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार मनेर थाने के ब्रह्मचारी पोखर गांव के पास देव कुमार अपने भतीजा बिट्टू के साथ बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान कुछ अपराधियों ने दोनों पर फायरिंग कर दी। जिसके बाद दोनों सड़क पर गिर गये। वहीं वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी घटनास्थल से फरार हो गए। गोली की आवाज सुनकर आसपास गांव के लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।
जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। वहां इलाज के दौरान चाचा देव कुमार की मौत हो गई, जबकि बिट्टू का इलाज चल रहा है। इस संबंध में डीएसपी पंकज कुमार मिश्रा ने बताया कि देव कुमार को अपराधियों ने पीछे से गोली मारी है, जो कि सीने के आर-पार हो गई।

### चुनाव आयोग ने बैन किया 'आप' का प्रचार गीत

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने रविवार को आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने पार्टी के प्रचार गीत 'जेल का जवाब वोट से' पर यह कहते हुए प्रतिबंध लगा दिया है कि इसमें सत्ताधारी पार्टी और एजेंसियों की बहुत खराब छवि दिखाई गई है। राष्ट्रीय राजधानी में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आतिशी ने कहा कि तानाशाही सरकार में ऐसा होता है कि विपक्ष को जेल में डाल दिया जाता है और चुनाव प्रचार करने से भी रोका जाता है। आज भारत के चुनाव आयोग ने अअढ के प्रचार गीत पर प्रतिबंध लगा दिया है। भारत के इतिहास में पहली बार चुनाव आयोग ने किसी पार्टी के प्रचार गीत पर प्रतिबंध लगाया होगा। यह वही चुनाव आयोग है जिसे यह नहीं दिखता कि बीजेपी हर दिन आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करती है। आतिशी ने कहा कि जब बीजेपी एमसीसी के दौरान विपक्षी नेताओं को जेल में डालने के लिए ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल करती है, तो चुनाव आयोग को उस पर कोई आपत्ति नहीं होती है।

### यात्री बस और कार में टक्कर, एक महिला की मौत व दो लोग घायल

**पूर्वी सिंहभूम:** टाटा-हाता मुख्य मार्ग पर चाईबासा से बोकारो जा रही एक यात्री बस और कार के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें कार सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दुर्घटना में दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। है। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायलों को सदर अस्पताल भेजा गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों में परसुडीह निवासी चंदन महापात्रा व असीम दास शामिल है। वहीं चंदन महापात्रा की पत्नी की दुर्घटना के दौरान ही नौके पर मौत हो गई। चंदन महापात्रा को जमशेदपुए के टीएमएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

## गिरिडीह में नकली नोट के कारोबारी के घर एटीएस की छापेमारी

# नोट गिनने की मशीन बरामद

प्रातः आवाज



**गिरिडीह ।** झारखंड एटीएस की टीम ने फेक करेंसी को लेकर गिरिडीह में छापेमारी की। टीम ने रविवार को बेंगाबाद थाना क्षेत्र स्थित चपुआडीह पंचायत के मुंडहरी गांव में मो जफरुल अंसारी के घर में छापेमारी की। छापेमारी में नोट गिनने की चार मशीनें जब्त की गयीं। हालांकि, जफरुल भागने में सफल रहा।

एटीएस को यह सूचना मिली थी कि बेंगाबाद के मुंडहरी गांव से नकली नोट का धंधा चल रहा है। इस सूचना पर देर रात एटीएस की टीम वहां पहुंची। एटीएस ने गिरिडीह के एसपी से बात की। एटीएस ने गिरिडीह पुलिस के सहयोग से जफरुल अंसारी के घर में रविवार को छापेमारी की। छापेमारी में जफरुल के घर से नोट गिनने की मशीन बरामद की गयी।

हालांकि, छापेमारी की भनक लगते ही जफरुल फरार हो गया। उसकी तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि जफरुल का संबंध पश्चिम बंगाल से भी है। पश्चिम बंगाल के आसनसोल में उसके साथी है। यहीं से यह नोट डबल करने के कारोबार से जुड़ा और लोगों को झांसे देकर नोट डबल करने लगा।

## गुजरात में तटरक्षक बल की बड़ी कार्रवाई

## 600 करोड़ के ड्रग्स के साथ 14 पाकिस्तानी गिरफ्तार



**पोरबंदर।** भारतीय तटरक्षक बल ने रविवार को गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ऑफ इंडिया के साथ एक ज्वॉइंट ऑपरेशन में बड़ी कामयाबी हासिल की। टीम ने गुजरात तट पर एक संदिग्ध पाकिस्तानी नाव पकड़ी। नाव में 600 करोड़ रुपये मूल्य की करीब 86 किलोग्राम दवाएं थीं। पाकिस्तानी नाव के 14 क्रू सदस्यों को भी कस्टडी में लिया गया है। खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए तटरक्षक बल ने क्षेत्र में सक्रिय मादक पदार्थों की तस्करी सिंडिकेट पर कार्रवाई शुरू कर दी है। भारतीय तटरक्षक बल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स हैंडल पर पोस्ट किया, रातभर समुद्र में चले एंटी नार्को ऑपरेशन में इंडियन कोस्ट गार्ड ने अपने जहाज 'राजरतन' की मदद से गुजरात एटीएस और एनसीबी के साथ एक ज्वॉइंट ऑपरेशन किया। पोरबंदर के पश्चिम की तरफ अरब सागर में पाकिस्तानी नाव को पकड़ा गया। इस नाव से 86 किलोग्राम ड्रग्स बरामद किया गया है। इंटरनेशनल मार्केट में इसकी कीमत 600 करोड़ रुपये है। नाव से 14 पाकिस्तानी क्रू मेंबर को भी हिरासत में लिया गया है।

### पलामू : भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त

**पलामू :** जिले के पाटन थाना क्षेत्र के किशुनपुर स्थित एक जेनरल स्टोर की से पुलिस ने भारी मात्रा में अंग्रजी शराब बरामद किया। उसके बाद दुकानदार नंदू साव के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं दुकानदार नंदू साव स्टोर छोड़ कर फरार हो गया। पुलिस उसे पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। थाना प्रभारी लालजी के नेतृत्व में अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ छापामारी में 99 बोतल बियर व सात बोतल दारू (बैग पाईपर,आरएस समेत अन्य दारू) जब्त किया गया। बताया गया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए एसपी रीष्मा रमेसन के निर्देश के आदेश के आलोक में कार्रवाई की गयी है।



# रांची के हरमू फल मंडी में लगी भीषण आग

प्रातः आवाज

**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू कॉलोनी स्थित हरमू फल में मंडी में रविवार की रात भीषण आग लग गई। आग लगने की घटना की घटना से मौके पर अफरातफरी मच गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि कई दुकान को आग ने अपनी चपेट में ले लिया है।

मौके पर मौजूद फल दुकानदार और स्थानीय लोगों के द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी गई। अग्निशमन विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने में जुटी हैं। बताया जा रहा है कि दुकान में शॉर्ट-सर्किट होने की वजह से आग लग गई, हालांकि आग लगने के पीछे का सही वजह सामने नहीं आ पाया है। इस आग लगने की घटना में कितने रुपए का नुकसान हुआ है, इसका सही आकलन के बाद ही पता चल पाएगा।

## मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन पहुंचे जमशेदपुर

## समीर मोहंती को जीत दिलाने की भरी हुंकार

एजेंसी



**जमशेदपुर।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन आज जमशेदपुर पहुंचे, जहां वे जिला झामुमो द्वारा आयोजित बूथ स्तरीय कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। उनके साथ जमशेदपुर गठबंधन सीट के प्रत्याशी सह बहरागोड़ा के विधायक समीर मोहंती भी मौजूद रहे। कार्यक्रम मे विधायक रामदास सोरेन, विधायक संजीव सरदार एवं विधायक मंगल कालिंदी, इंचागढ़ विधायिका सविता महतो समेत पार्टी के शीर्ष नेतागण मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमें जीत का लक्ष्य लेकर चलना है। प्रत्येक बूथ पर एक प्रभारी होंगे और उन प्रभारियों कों 25-25 महिला व पुरुष का लिस्ट तैयार कर संगठन कों सौंपना है। विगत लोकसभा में हम थोड़े कमजोर पड़े थे लेकिन विधानसभा मे हमने अपनी पकड़ बनाई थी और कोल्हान से एक भी सीट भाजपा कों नहीं मिला, और इस लोकसभा चुनाव मे भी हमें उसी रणनीति के साथ चलना है। ताकि इस बार झारखण्ड से एक भी लोकसभा सीट भाजपा कों ना जाये। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि कभी भी शिक्षा और रोजगार जैसे मुद्दों पर काम नहीं किया, बल्कि जनता को केवल जुमलों मे उलझा कर रख दिया। इस बार क्षेत्र की जनता इसका मुंह तोड़ जवाब देगी और भाजपा को उखाड़ फेकेगी। मौके पर सभी ने एक साथ अपने पार्टी के प्रत्याशी समीर मोहंती को जीत दिलवाने का संकल्प लिया गया। महागठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती ने कहा कि ये लड़ाई झारखंड के अस्मिता को बचाने का और झारखण्ड राज्य कि आवाज को संसद तक पहुंचाने का है, जिसे एक-एक बूथ स्तर के कार्यकर्ता मिलकर ही इसको सफल बना सकते हैं।

## अरविंद सिंह लवली का इस्तीफा स्वीकार

● जल्द मिलेगा प्रदेश कांग्रेस को नया अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** कांग्रेस आलाकमान ने पार्टी नेता अरविंद सिंह लवली के दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस प्रभारी दीपक बावरिया ने मीडिया से बातचीत में इसकी जानकारी दी है। अरविंद सिंह लवली ने आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन और पार्टी के दो उम्मीदवारों के चयन को लेकर सवाल उठाए थे। इसके बाद से ही भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस पर हमलावर है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने लवली के इस्तीफे पर कहा कि इस्तीफा इस बात को साबित करता है कि सत्ता के लालच में कांग्रेस का स्तर इतना नीचे गिर गया है कि उनके अपने पार्टी वर्कर आम आदमी पार्टी के साथ गठजोड़ को लेकर नाराज हैं। इस गठजोड़ के बावजूद कांग्रेस दिल्ली की सारी सीटों पर हार रही है। जिस जहाज के कैप्टन राहुल गांधी है उस जहाज की सवारी कोई नहीं करना चाहता।

## रांची में 30 अप्रैल से पहली महिला हॉकी लीग, आठ टीमें लेंगी हिस्सा

## राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के लिए छह टीमें पहुंचीं रांची



प्रातः आवाज


**रांची ।** मोरहाबादी का मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम एक बार फिर गुलजार होने वाला है। यहां 30 अप्रैल से पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग होगी, जो नौ मई तक चलेगी। इस लीग में देशभर के आठ राज्यों की टीमें हिस्सा लेंगी। मैच खेलने के लिए ओडिशा, हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, मिजोरम और मणिपुर की टीमें रविवार को रांची पहुंची हैं। बहुप्रतीक्षित देश की पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग प्रतियोगिता के प्रथम चरण के मैच मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में नौ मई तक आयोजित होने हैं। इस राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के आयोजन में अंडर-21 आयु वर्ग के खिलाड़ियों को उचित मंच देना है। साथ ही देश के लिए अगली पंक्ति को तैयार करना है। प्रत्येक दिन चार मैच खेले जायेंगे। पहला मैच सुबह सात बजे से जबकि दूसरा मैच शाम चार बजे से, तीसरा मैच शाम छह बजे से और चौथा मैच रात आठ बजे से खेले जायेंगे। 30 अप्रैल, एक मई, चार मई, पांच मई, सात मई और नौ मई को मैच खेले जायेंगे। तीन मई, छह मई और आठ मई को विश्राम दिवस होगा। मैचों का सीधा प्रसारण फैनकोड पर किया जायेगा।

लीग का उद्घाटन 30 अप्रैल को होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय खेल प्राधिकरण के महानिदेशक संदीप प्रधान, विशिष्ट अतिथि राज्य के खेल सचिव और खेल निदेशक होंगे। लीग में दर्शकों का प्रवेश निःशुल्क होगा। मैच में हॉकी हरियाणा, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी झारखंड (मेजबान), हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी बंगाल, हॉकी मिजोरम, मणिपुर हॉकी, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा की टीमें शामिल होंगी।

# सड़क दुर्घटना में 75 वर्षीय सौकत अंसारी की मौत

प्रातः आवाज

**मांडर।** रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ में मुड़मा चौक के निकट रविवार को अहले सुबह एक ट्रैक्टर के धक्के से शौकत अंसारी 75 वर्ष की मौत हो गयी। वह मेशाल के रहने वाले थे। और मुड़मा चौक के निकट ही स्थित मस्जिद में मोअज्जिन का काम करते थे। घटना सुबह करीब सवा चार बजे की है। बताया जा रहा है कि वह चौक में सड़क किनारे स्थित मस्जिद में फर्ज की नमाज के लिए अजान देने जा रहे थे। इसी क्रम में रांची की ओर जा रहे एक ट्रैक्टर ने उन्हें धक्का मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये, बाद में घायलावस्था में उन्हें मांडर स्थित रेफरल अस्पताल ले जाया गया जहां से रेफर किये जाने के



बाद उन्हें रिम्स ले जाया जा रहा था, लेकिन इससे पहले रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार हादसे के बाद चौक में स्थित हाइवे पेट्रोलिंग के पुलिसकर्मियों ने ट्रैक्टर को पकड़ने के लिए उसका पीछा भी किया। लेकिन ट्रैक्टर फरार होने में सफल रहा।

## मुड़मा चौक ईदगाह मस्जिद के मोअजिम मृतक सौकत के परिजनों से मिलने पहुंचीं विधायक



**मांडर।** हर दिन की तरह रविवार सुबह 4:00 का अजान देने के लिए अपने घर से मुड़मा चौक स्थित ईदगाह मस्जिद शौकत अंसारी, उम्र 65 वर्ष, पिता स्व० जुम्मन अंसारी, ग्राम मेसाल मुड़मा निवासी जा रहे थे, सड़क पर अज्ञात वाहन के चपेट में आ जाने से घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। इसकी जानकारी पार्टी कार्यकर्ताओ एवं ग्रामीणों द्वारा मिलने के पश्चात माननीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, मृतक के परिजनों से मिलने उनके आवास पहुंची, परिजनों से मिलकर शौक व्यक्त कर ढ़ांढ़स बंधाया। मौके पर उप प्रमुख अमानत अंसारी, विधायक प्रतिनिधि समीम अख्तर, आबिद अंसारी, फिरोज अंसारी एवं अन्य उपस्थित रहे।

## सौकत अंसारी के जनाजे में शामिल हुए डॉ परमेश्वर भगत



**मांडर।** मुड़मा चौक ईदगाह मस्जिद के मोअजिम सौकत अंसारी की जनाजे में शामिल हुए डॉ परमेश्वर भगत। ज्ञात हो की आज फर्ज नमाज के लिये अजान देने मस्जिद घुसने से चंद मिनट पहले मांडर की ओर से आ रहे अज्ञात ट्रैक्टर द्वारा धक्का मार देंने से उनका इन्तेकाल हो गया। जनाजे और मिट्टी में पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर शामिल हुए। डॉ परमेश्वर भगत ने शोक संतप्त परिवार को ढ़ांढ़स बंधाया और हर सुख दुःख में साथ देने का भरोसा दिलाया। मौके पर मौलाना रफीक साहब, समाजसेवी शमीम अख्तर आजाद, हाजी शाकिर इस्लाही, समाजसेवी अमानत अंसारी एवं सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित हुए।

## समाचार सार

### सड़क दुर्घटना में घायल की रिम्स में मौत



**इटकी (प्रातः आवाज)।** सड़क दुर्घटना में घायल हरि चरण साव (42) नाम के व्यक्ति का इलाज के दौरान रिम्स में मौत हो गयी। मृतक हरि साव गड़गांव बस्ती का निवासी था। बताया गया कि पिछले 26 अप्रैल शुक्रवार की रात विवाह कार्यक्रम में खाना खाकर साईकिल में सवार होकर हरि साव गड़गांव लौट रहे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। गंभीर रूप घायल हरि साव रिम्स में इलाजरत थे।

### झारखंड सरकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम में वर्षा कुमारी का हुआ चयन



**खलारी (प्रातः आवाज)।** झारखंड सरकार के द्वारा प्रशिक्षण के लिए गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के बालिका एथलेटिक्स खिलाड़ी वर्षा कुमारी का चयन किए जाने पर क्लब के संस्थापक गणेश कुमार महतो ने वर्षा कुमारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। श्री महतो ने बताया कि अब वर्षा कुमारी को सरकार के द्वारा निःशुल्क खेल प्रशिक्षण, 12वीं कक्षा तक पढ़ाई, रहने के लिए हॉस्टल, पौष्टिक भोजन एवं खेल सामग्री निःशुल्क दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के द्वारा अब तक 40 से अधिक ग्रामीण एथलेटिक्स खिलाड़ियों का चयन झारखंड सरकार, सीसीएल एवं भारत सरकार के द्वारा कर के निःशुल्क खेल प्रशिक्षण, रहने के लिए हॉस्टल, 12वीं कक्षा तक पढ़ाई, खाने के लिए पौष्टिक भोजन एवं खेलकिट सरकार के द्वारा निशुल्क दिया जा रहा है। अब तक गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के 30 से अधिक खिलाड़ी राष्ट्रीय खेल मे शामिल होकर बेहतरीन प्रदर्शन कर चुके हैं।

# भाजपा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा को जिताने का लिया गया संकल्प

प्रातः आवाज

**तमाड़।** प्रखंड अंतर्गत सारमाली में चुनावी दौरे के दौरान भाजपा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा को जिताने का संकल्प लिया गया। लोकसभा चुनाव जनसंपर्क अभियान के क्रम में जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा के नेतृत्व में सारमाली, नवाडीह, दुलमी, भीटुडीह में कार्यकर्ताओं के साथ मिलने जुलने के दौरान सारमाली में आम जनों के साथ चुनाव संबंधी बैठक किया गया। चुनावी जनसभा में जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा ने एक गीत से संबोधन प्रारंभ करते हुए कहा कि भूल कर भी मुख में जाति पाति की न बात हो,भाषा प्रांत के लिए कभी न रक्त पात हो, आ रही है आज चारों ओर से यही पुकार, हम करेंगे त्याग मातृभूमि के लिए अपार।



**ये देश का चुनाव है। देश मजबूत होगा तो हम सब भारत वासी मजबूत होंगे**

विधानसभा प्रभारी विनोद सिंह ने कहा कि ये चुनाव कोई साधारण चुनाव नहीं हैहै। धर्म और अधर्म का युद्ध हर युग में हुआ है। आज देश में परिवार और वंशवाद चलाने वाले लोग एक तरफ हैं वहीं देश के हर नागरिक को अपना परिवार मानकर केवल उनके हर सुख-दुःख की चिंता करने वाले यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। फैसला जनता को करना हैं। हम तो केवल देश के लिए आप सबों के आशीर्वाद के लिए आये हैं। नरेन्द्र मोदी या अन्य और कोई। कार्यक्रम में नरेंद्र महतो, कृष्ण महतो, शशधर महतो, ललित महतो, सत्यनारायण महतो, पूर्णचंद्र महतो, प्रकाश सिंह मुंडा, बिरेन महतो, दिनेश साहु, डोमन सिंह मुंडा, अंगद महतो,मुचीराम महतो सहित कई महिला पुरुष शामिल थे।

## झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय में विश्व बौद्धिक संपदा अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में व्याख्यान का आयोजन

प्रातः आवाज

**रांची।** विश्व बौद्धिक संपदा अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में झारखण्ड केन्द्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग ने एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। इस चर्चा की शुरुआत करते हुए विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर विमल किशोर ने बौद्धिक संपदा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि, विश्व बौद्धिक संपदा दिवस का उद्देश्य लोगों को पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट, और अन्य बौद्धिक संपदा की सुरक्षा के विभिन्न तरीकों के बारे में जागरूक करना है, ताकि वे इस मूल्यवान संपदा को समझें और संरक्षित करें। वर्ष 2024 की थीम पर चर्चा करते हुए शिक्षा स्कूल के डीन, प्रोफेसर तपन कुमार बसंतिया ने कहा, विश्व बौद्धिक संपदा अधिकार दिवस 2024 एक महत्वपूर्ण अवसर है जिससे हम समझ सकते हैं कि बौद्धिक संपदा कैसे नवाचारिक और रचनात्मक समाधानों को प्रोत्साहित करती है और एक साझा भविष्य के निर्माण में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। चर्चा को आगे बढ़ाते हुए शिक्षा विभाग के ही अन्य प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों और शोधार्थियों के जीवन में बौद्धिक संपदा की आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डाला। इस व्याख्यान में सभी छात्रों को अपनी भूमिका को समझने और बौद्धिक संपदा अधिकार के महत्व को समझने का अवसर मिला। इस चर्चा में शिक्षा विभाग के अन्य संकाय सदस्य यथा डॉ. शशि सिंह, डॉ मानवी यादव, डॉ विजय कुमार यादव, डॉ नीरा गौतम, डॉ मनोहर कुमार दास, श्रीमती एंजेल नाग, डॉ. शिल्पी राज, डॉ रामकृष्ण रेड्डी तथा श्री सुमंता हलदर ने भी उक्त विषय पर बहुमूल्य विचार व्यक्त किये, साथ ही शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने भी इस चर्चा में सक्रिय सहभागिता की।

# लो वोल्टेज एवं अनियमित विद्युत आपूर्ति से त्रस्त ग्रामीणों ने बेड़ो विद्युत सब स्टेशन का किया सांकेतिक घेराव

विद्युत आपूर्ति ठप्प कराई ● आज एमआरटी की टीम आकर समस्या का करेगी निराकरण

निराकरण नहीं होने पर मंगलवार से पूरे इलाके का विद्युत आपूर्ति ठप्प कराने की दी गयी चेतावनी

प्रातः आवाज





**बेड़ो।** बिजली की समस्याओं से त्रस्त आक्रोशित ग्रामीणों ने बेड़ो के विद्युत सब स्टेशन का सांकेतिक घेराव किया और बेड़ो प्रखंड में लो वोल्टेज की समस्याओं का अभिलंब समाधान करने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि अनियमित विद्युत आपूर्ति और लो वोल्टेज से खेतों की सिंचाई, पेयजलापूर्ति सहित सभी तरह के कुटीर उद्योग काफी प्रभावित है। सभी तरह का कामकाज ठप्प पड़ गया है। आक्रोशित ग्रामीणों ने मुखिया नीरज कुजूर एवं जरिया पंचायत की मुखिया कुंवारी खलखो के संयुक्त नेतृत्व में बेड़ो विद्युत सब स्टेशन का सांकेतिक घेराव कर सभी फीडर की विद्युत आपूर्ति ठप करा दी। ग्रामीणों ने चेतावनी दिया कि अगर विद्युत व्यवस्था को ठीक-ठाक नहीं किया गया तो अनिश्चितकालीन तालाबंदी की जाएगी। घेराव की सूचना मिलने पर हिंदू जागरण मंच के महामंत्री वाणी कुमार राय भी विद्युत विभाग के कार्यालय पहुंचे और समस्याओं की जानकारी ली। उधर समाजसेवी ब्रजेश कुमार महतो ने बताया कि लो वोल्टेज से बेड़ो सहित आसपास के दर्जनों गांवों में खेती किसानी का काम ठप्प पड़ गया है। व्यवसाय सहित बच्चों की पढ़ाई ठप्प पड़ गई है। कुटीर उद्योग बुरी तरह प्रभावित हो गया है। भीषण गर्मी में लो वोल्टेज के कारण पंखे, कूलर, इन्वर्टर तथा पानी मशीन जल जा रहे हैं। सामान्य कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो गए हैं। नीरज कुजूर ने कहा कि अगर विद्युत विभाग के पदाधिकारी 24 घंटे के अंदर तकनीकी खराबी दूर नहीं करते और लो वोल्टेज की समस्याओं से लोगों को निजात नहीं मिलता तो बहुत जल्द विद्युत सब स्टेशन में अनिश्चितकालीन तालाबंदी की जाएगी और उग्र आंदोलन किया जाएगा। वहीं दुरभाष विद्युत विभाग के एसडीओ प्रशांत कुमार, कनीय अभियंता अशोक प्रियदर्शी, एक्सक्यूटिव इंजीनियर हिमांशु कुमार से स्थानीय मुखिया, हिंदू जागरण मंच के वाणी कुमार राय तथा कृषक मित्र ब्रजेश कुमार महतो ने वातार्लाप किया। विद्युत विभाग के पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया कि एमआरटी की टीम सोमवार को बेड़ो का दौरा करेगी और समस्याओं के निराकरण के संबंध में आवश्यक कार्रवाई किया जाएगा। इस पर मुखिया कुंवारी खलखो एवं ब्रजेश कुमार महतो सहित सभी ग्रामीणों ने चेताया कि अगर सोमवार को समस्या का निराकरण नहीं किया जाएगा तो मंगलवार से विद्युत आपूर्ति ठप्प करा दी जाएगी। इस मौके पर प्रमोद कुमार, संजय कच्छप, सुनील उरांव, गणेश महतो, सुशील उरांव, चारो उरांव, जनार्दन भगत, गंगा महतो, मंटु उरांव, संजय महतो, बैजनाथ महतो, दिलीप कुमार, अनिल गोप, पंकज महतो, संदीप महतो,कृष्णा गोप, बिरसा उरांव, उमेश उरांव, लालु गोप, कृष्णा गोप, नारायण गोप, पंचू गोप, नीरज महतो, दीपक महतो, जोन लकड़ा, रंथु महतो, महावीर महतो, झिरगा उरांव, केश्वर महतो, एल्विन टोप्पो सहित दर्जनों ग्रामीण मौके पर मौजूद थे।

## भारतीय जनता पार्टी खलारी मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न

प्रातः आवाज

**खलारी।** भारतीय जनता पार्टी खलारी मंडल कार्यसमिति की बैठक रविवार को मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा के अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में मंडल प्रभारी सतीश साह,रांची जिला ग्रामीण महामंत्री प्रीतम साहू विषेश रुप से उपस्थित रहे। बैठक में चुनाव की रणनीतियों पर चर्चा करते हुए लोकसभा चुनाव 2024 में रांची लोकसभा संसदीय क्षेत्र से निवर्तमान सांसद संजय सेठ को राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा पुनः उम्मीदवार घोषित किये जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए 02 मई को उनके नामांकन के दौरान सैकड़ों की संख्या में खलारी कोयलांचल से कार्यकताओं के शामिल होने का निर्णय लिया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि नामांकन में संजय सेठ के साथ खलारी से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्त्ता, महिला-पुरुष एवं युवा शामिल होगे और उनका हौसला



अफजाई करेंगे।

बैठक में सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, कोर कमेटी के सदस्य अरविंद सिंह, बिकास दुबे, भरत रजक, शशि प्रसाद साहू, शत्रुंजय सिंह, नेहा सिंह, रेखा महतो, सरस्वती देवी, रतन लाल, दिलीप पासवान, अंशु सिंह, शशि कांत सिंह, अमरनाथ कुमार, सतेन्द्र दुबे, संजीव तिवारी, मिथिलेश प्रजापति, राजू गुप्ता, रितेश केशरी, चतुर्गुण भुइयां, आनन्द कुमार सिंह, कमलेश कुमार महतो, प्रकाश यादव, कार्तिक यादव, हरिहर ठाकुर, कमलेश तुरी, रामेश्वर महतो, अनन्त मुंडा, रवींद्र मुंडा , राजेंद्र राम, गणेश कुमार महतो, शिव कुमार चौधरी, संतोष रजक , अनिल कुमार, अजीत पांडेय, सरिता सिंह, फूल कुमारी, पूनम देवी, सीमा देवी, अनिता सिंह, दीप शिखा देवी, ममता केशरी, रामरती देवी, अनिता देवी,संजीत देवी, कविता देवी, नीरा देवी, रवींद्र पासवान, शुभम कुमार सिंह, रौशन कुमार, कुमार सत्यम सिंह, सन्तोष कुमार सिंह, रविभूषण सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लापुंग के जमनी टोली में पेयजल को लेकर मचा हाहाकार

बूंद बूंद पानी को लेकर तरस रहे लोग ● मोटर जलने के बाद अब पैनल का पाईप फटा ● जल मीनार में पानी नहीं चढ़ रहा ● ग्रामीण भारी परेशान

- विभागीय एसडीओ देवानंद सिंह ने कहा कि मिस्त्री को भेज कर तुरंत बनवाया जाएगा, चिंता की कोई बात नहीं।
- मुखिया ने कहा कि उन्हें समस्याओं की कोई जानकारी नहीं है।

प्रातः आवाज





**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के खटंगा जमनीटोली में पेयजल को लेकर मचा हाहाकार। जल मीनार में लगी मशीन खराब होने के कारण 1 महीने से अधिक समय से पेयजलापूर्ति ठप्प हो गई है। गांव की समाजसेवी सुषमा खलखो ने बताया कि एक बार पानी मशीन को बनाया गया बाद में वह मशीन जल गया और पैनल का दो पाइप फट गया। इसके कारण टंकी में पानी नहीं चढ़ रहा है। अब एक महीने से अधिक समय से गांव में पेयजल को लेकर हाहाकार मच गया है। एकमात्र जलमीनार से पेयजल आपूर्ति ठप्प हो गई है। वहीं दूसरी ओर जीतु उरांव ने कहा कि जलमीनार से पानी नहीं आने के कारण गांव की महिलाएं दर-दर भटकने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि सिर्फ पेयजल ही नहीं गांव वालों को सरकारी योजनाओं का लाभ बहुत कम मिल पाता है। वहीं गांव की समाजसेवी सुषमा खलखो एवं महादेव उरांव ने कहा कि बूंद बूंद पानी को लेकर जमनी टोली के लोग तरस रहे हैं। उन्होंने बताया कि मजबूरी में जमुनी नदी में बालु हटाकर पीने के लिए लोग प्रदूषित पानी लाने को मजबूर हैं। गांव के फूलचंद उरांव, बंधनी उरांव, सिबनी उरांव, सरुआ उरांव, बतिया उरांव, मंगरी उराईन, सुनीता एक्का, शोभा धनवार, सृष्टि कच्छप, सांजो उरांव, पिंकी कुमारी, संगीता कुमारी, प्रतिमा तिर्की, सीमा कुमारी, पुष्पा कुमारी, करमी उरांव, बुधुवा उरांव, शंकर उरांव, सुकरो लोहराईन,लखिया उरांव, रईया उरांव, मंगरा उरांव, दिलीप उरांव, पोटो उरांव, धर्मेंद्र उरांव, गंदौरी उरांव, एतवा उरांव, सलगी उरांव, गैरी उरांव, ननकु लोहरा, मोहना उरांव, सुकरा उरांव,संदीप लोहरा सहित अन्य लोगों ने गांव में बैठक कर मुखिया और विधायक सहित जनप्रतिनिधियों तथा पेयजल एवं स्वच्छता के पदाधिकारियों से गुहार लगाई है कि अविलंब जमनी टोली में जलमीनार से पेयजलापूर्ति बहाल करने की मांग की है। उधर जमनी टोली में स्थित जमुनी नदी के तेजी से सुखने के कारण नदी में पानी का स्तर तेजी से घट रहा है। इससे पूरे गांव वाले बेहद चिंतित है। इस संबंध में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के एसडीओ देवानंद सिंह ने कहा कि शिकायतकर्ता का नंबर उपलब्ध कराया जाय तुरंत मिस्त्री भेजकर बनवा दिया जाएगा। चिंता की कोई बात नहीं है। वहीं दूसरी ओर स्थानीय मुखिया बिरसमुणी देवी ने कहा कि उन्हें ग्रामीणों ने किसी तरह की समस्या की जानकारी नहीं दी है। जानकारी मिलने पर त्वरित कार्रवाई किया जाएगा।

समाचार सार

## कांग्रेस की नजर देश की जनता की कमाई और उसकी संपत्ति पर : संजय सेठ



**रांची (प्रातः आवाज)।** सांसद संजय सेठ ने रविवार को रांची के हटिया, नामकुम, हाजी चौक, किशोरगंज, होठवासी क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया तथा विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। सांसद सेठ ने कहा कि कांग्रेस और उसके गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई और संपत्ति पर है। कांग्रेस परिवारवादी ने देश को लूट कर अपना साम्राज्य खड़ा कर लिया देश को कुछ नहीं दिया। कांग्रेस ने देश की जनता के धन को लूटा, देश को लूटा, सिर्फ भ्रष्टाचार इनका एक काम था। गरीबी हटाओ का नारा 70 साल से कांग्रेस का नारा ही बनकर रह गया। कांग्रेसी अमीर होते गए और गरीब और गरीब होता गया। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनते ही मोदी जी ने गरीबों को सम्मान दिया। उनके मूलभूत सुविधा को ध्यान में रखते हुए छोटी-छोटी चीजों को ध्यान में रखते हुए गरीबों के लिए काम किया। चाहे वह शौचालय के रूप में हो, उज्ज्वला योजना, हो प्रधानमंत्री आवास हो, जनधन खाता हो, या मुफ्त में अनाज हो, ऐसे कई कार्य किया जा रहे हैं। देश को मजबूत बनाने के लिए प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करने की जरूरत है। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष बरुण साहू, रोमित नारायण सिंह, सुरेंद्र राम, पप्पू वर्मा, नरेश साहू, प्रमोद सिंह, गोरखनाथ सिंह, विनोद सिंह, मीनू सिंह, अनंत रंजन, माया घोष सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रेमी संग मिलकर पत्नी ने की थी पति की हत्या, तीन गिरफ्तार



**रांची (प्रातः आवाज)।** ओरमांझी थाना पुलिस ने अपने ही पति की हत्या करने के मामले में पत्नी सहित तीन आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में सीता देवी, प्रेमी सनोज कुमार महतो और प्रेमनाथ महतो शामिल है। हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा और टांगी सहित अन्य सामान पुलिस ने बरामद किया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि बताया कि ओरमांझी क्षेत्र के अंतर्गत 23 अप्रैल को दिन के करीब 10 बजे सपाही नदी के शमशान घाट में पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया था। मृतक की पहचान ओरमांझी स्थित डहु निवासी अशेश्वर महतो के रूप में की गई थी। मृतक की पत्नी सीता देवी के आवेदन पर ही पुलिस ने अशेश्वर महतो की खोजबीन शुरू की थी। एसएसपी ने बताया कि ओरमांझी थाना में एक महिला ने आवेदन दिया था कि उसका पति गायब है। इसकी सूचना पर पुलिस ने जांच -पड़ताल शुरू की। तलाशी के क्रम में उक्त महिला के पति का शव शमशान घाट के पास से बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस ने अनुसंधान शुरू किया तो पता चला कि पत्नी ही अपने पति की हत्या में शामिल थी। उन्होंने बताया कि पत्नी ने ही हथौड़े और टांगी के वार से पति की हत्या की थी। महिला ने ही अपने प्रेमी सनोज महतो और प्रेमी के बहनोई प्रेम नाथ महतो के साथ मिलकर पति के शव को ले जाकर नदी में फेंक दिया था।

## सरहूल महामिलन समारोह शोभायात्रा में खूंटी में उमड़ा जनसैलाब



**खूंटी (प्रातः आवाज)।** नगर पंचायत क्षेत्र में शनिवार को सरहूल महामिलन समारोह आयोजन करके नगर में शोभायात्रा निकाला गया। इस शोभायात्रा में जनजातीय समुदाय का जनशैलाब उमड़ पड़ा था। जिसमें खूंटी के कचहरी मैदान से ढोल नगाड़े के साथ सामुहिक नृत्य करते हुए शोभायात्रा निकाला गया जो बाजारटांड़ भगतसिंह चौक से नेताजी चौक होते हुए आश्रम टांड़ में जाकर समाप्त हुआ। इस शोभायात्रा में सरहूल का झंडा लिए एकरुपता परिधान में लोग शामिल हुए थे। जिसमें सरनावलम्बियों के साथ काफी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग भी शामिल रहे। और प्रकृति के इस पावन पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित महामिलन समारोह शोभायात्रा में हर्षोल्लास के साथ शामिल हुए। इसके पूर्व पाहनों द्वारा कचहरी मैदान में पूजा पाठ करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया था। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में दुर्गावती ओड़ेया, पाण्डया मुण्डा, आदि काफी संख्या में आयोजन समिति के सदस्य व अधिकारी शामिल थे। इस आयोजन में खूंटी शहर सहित मुरहू खूंटी कर्रा आदि प्रखण्ड के अनेक गांवों से लोग पहुंचे थे।

## आदिवासी समुदाय को अपने दोस्त और दुश्मन की पहचान करना होगा : लक्ष्मीनारायण मुंडा



**रांची (प्रातः आवाज)।** खूंटी जिला के कचहरी मैदान में पूरे आदिवासी विधि विधान, ढोल, नगाड़ों व अपने परंम्परिक वेश भूषा के साथ सरहूल मिलन समारोह मनाया गया। आदिवासी समन्वय समिति के संयोजक लक्ष्मीनारायण मुंडा ने खूंटी जिला सरहुल मिलन समारोह में कहा कि आदिवासी समुदाय पर चौतरफा हमला हो रहा है, आदिवासी समुदाय को अपने दोस्त और दुश्मन की पहचान करना होगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी इलाके की प्राकृतिक संसाधनों और जंगल,जमीन सब लूटा जा रहा है। आदिवासियों को पहचान, वजूद, इतिहास, विरासत सब खतरे में है। इसके खिलाफ आदिवासी समुदाय को खड़ा होना होगा। वहीं आदिवासी जनपरिषद के अध्यक्ष प्रेम शाही मुण्डा कहा कि आदिवासी सामुदाय प्रकृति के साथ जीता है और उसी को अपना ईश्वर (बोंगा) मानता है। कांके रोड सरना समिति के अध्यक्ष डब्लू मुण्डा ने कहा कि आदिवासी समाज सरहूल मिलन समारोह के माध्यम से अपने भाषा, संस्कृति, वेशभूषा, धर्म एवं अपने वाद्य यंत्र जैसे ढोल, नगाड़े, मांदर, बासूरी इत्यादि को संरक्षित करने का संदेश देता है। सरहूल मिलन समारोह में रांची से गये प्रतिनिधि मंडल में लक्ष्मीनारायण मुण्डा, प्रेमशाही मुण्डा, देवनाथ मुण्डा, शिवरतन मुण्डा, परमेश्वर मुण्डा मौजूद थे।

### रांची उपायुक्त ने की नामांकन से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा

# चुनाव को लेकर कार्मिक कोषांग के कार्यों का हुआ मॉक ड्रिल

■ रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए अधिसूचना आज होगी जारी, इसके बाद नामांकन पत्र प्राप्त किए जा सकेंगे

प्रातः आवाज



**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी रांची राहुल कुमार सिन्हा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रविवार को कार्मिक कोषांग के कार्यों का मॉक ड्रिल करते हुए नामांकन से जुड़ी तमाम तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों से क्रमवार जानकारी ली और उनको दिए उत्तरदायित्व के बारे में पूछा। साथ ही कई दिशा-निर्देश दिए।

डीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पूरे समाहरणालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाए। चुनाव के दौरान समाहरणालय परिसर में अनावश्यक रूप से भीड़ ना लगे। पार्किंग व्यवस्था और अन्य सभी व्यवस्था को दुरुस्त रखें। उन्होंने कहा कि समाहरणालय ब्लॉक-ए, कमरा संख्या-312 से नामांकन पत्र, कमरा संख्या- 202 निर्वाची पदाधिकारी का कक्ष रहेगा।

रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए अधिसूचना 29 अप्रैल को जारी होगी। इसके बाद समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित कमरा संख्या-312 से कार्यालय अवधि (सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक) नामांकन पत्र प्राप्त किए जा सकेंगे।

निर्वाचन के लिए समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित कमरा संख्या 202 को निवार्ची पदाधिकारी का कक्ष बनाया गया है, जहां नामांकन पत्र दाखिल होगा। नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष अधिसूचित स्थल पर पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे। इसके बाद कमरे के अंदर आने की अनुमति नहीं होगी।

इस दौरान अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था), रांची सह सहायक निवार्ची पदाधिकारी हटिया विधानसभा क्षेत्र राजेश्वर नाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर सह निवार्ची पदाधिकारी रांची विधानसभा क्षेत्र उत्कर्ष कुमार, अपर समाहर्त्ता रांची सह निवार्ची पदाधिकारी सिल्ली विधानसभा क्षेत्र राम नारायण सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची विवेक सुमन एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी, कर्मी भी उपस्थित थे।

## राज, सत्ता और प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर रहा इंडी गठबंधन : आदित्य साहू




**रांची (प्रातः आवाज)।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने कहा कि लोकतंत्र लोकलाज से चलता है। झारखंड में जेएमएम, कांग्रेस और राजद गठबंधन की सरकार स्वार्थ के लिए कानून को ठेंगा दिखाकर हर काम कर रही है। साहू मीडिया सेंटर में रविवार को पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

साहू ने कहा कि इंडी गठबंधन राज सत्ता एवं प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर रही है। सरकार की मंशा और नियत साफ नहीं है। इंडी गठबंधन की सरकार ने चुनाव में हेराफेरी के लिए बड़े पैमाने पर पैसे जमा कर रखे हैं। अलग से हेलिपैड बनाकर इसी से पैसा ले जाया और लाया जा रहा है। चुनाव में बड़े पैमाने पर अवैध आर्थिक हेराफेरी की आशंका है। उन्होंने कहा कि खेलगांव राज्य सरकार की संपत्ति है। चुनाव कार्य के लिए इसका कैसे इस्तेमाल किया जा रहा है, यह स्पष्ट करना चाहिए। किस आधार पर यहां से हेलीकॉप्टर के टेक ऑफ और लैंड करने की अनुमति मिली, इसकी जानकारी देनी चाहिए। साहू ने कहा कि झामुमो को यह बताना चाहिए तो उसने कब एयरपोर्ट अथॉरिटी को हेलीकॉप्टर लैंड करने और टेक ऑफ करने के लिए जगह मांगी और एयरपोर्ट अथॉरिटी ने जगह देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव में हर पार्टी समय प्रबंधन को लेकर हेलीकॉप्टर से चुनाव प्रचार करती है। हेलीकॉप्टर एयरपोर्ट से टेक ऑफ करता है और लैंड भी होता है। आज तक अलग हेलिपैड कभी नहीं बनाया गया। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कानून को दरकिनार कर रांची के खेलगांव में अलग से हेलिपैड बना लिया है। वहीं से पार्टी के पदधारी हेलीकॉप्टर से टेक ऑफ और लैंड करते हैं।

प्रदेश महामंत्री ने कहा कि हेलीकॉप्टर से टेक ऑफ करने के दौरान सुरक्षा से गुजरना होता है। पूरी तरह चेकिंग की जाती है लेकिन जेएमएम ने अलग से जो हेलिपैड बनाया है, उसमें अपने चहेते पदाधिकारियों की पोस्टिंग कर दी गई है। वे चेकिंग के दौरान सिर्फ औपचारिकता निभा रहे हैं। हेलीकॉप्टर से क्या ले जाया जा रहा है और क्या लाया जा रहा है, इसपर संदेह है। साहू ने कहा कि रांची के डीसी और एसडीओ की मिलीभगत से यह धांधली की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास से एयरपोर्ट की दूरी मात्र पांच किलोमीटर है। खेलगांव से दूरी आठ से 10 किलोमीटर है। इसके बाद भी खेलगांव में अलग से हेलिपैड बनाना संदेह के घेरे में है। भाजपा के विधि प्रकोष्ठ ने इस पर आपत्ति जताई है। चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। पार्टी इस मामले में भारत निर्वाचन आयोग से भी शिकायत करेगी।

## तृणमूल युवा कांग्रेस अध्यक्ष सन्नी सिंकू समर्थकों के साथ कांग्रेस में हुए शामिल

■ सन्नी सिंकू के कांग्रेस में शामिल होने से कोल्हान क्षेत्र में इंडी गठबंधन के उम्मीदवार को काफी मजबूती मिलेगी : राजेश ठाकुर

प्रातः आवाज



**रांची।** कांग्रेस के 'आ अब लौट चलें' अभियान के तहत झारखंड प्रदेश तृणमूल युवा कांग्रेस अध्यक्ष सन्नी सिंकू ने रविवार को सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस की नीतियों एवं सिद्धांतों में आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कांग्रेस की अंग पट्टी एवं माला पहनकर सन्नी सिंकू और उनके साथियों को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई।

इस अवसर पर राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के अभियान के तहत पिछले दिनों कई लोगों ने सदस्यता ग्रहण की और आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। हमारा पूरा ध्यान ऐसे लोगों पर है जो पूर्व में कांग्रेस में थे या जिनके पूर्वज कांग्रेस विचारधारा से जुड़े रहे हैं और जो वर्तमान में किसी अन्य दल में है उन्हें वापस कांग्रेस में लाने का कार्य हम कर रहे हैं।

ठाकुर ने कहा कि सिंकू युवा और उर्जावान नेता हैं और उनके अच्छे राजनीतिक भविष्य की कामना करता हूं। इनके कांग्रेस में शामिल होने से कोल्हान क्षेत्र में इंडी गठबंधन के उम्मीदवार को काफी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई चल रही है और यह चुनाव एक ऐसे समय में हो रहा है, जहां से भारत का आगामी कई दशकों का भविष्य तय होगा। देश के प्रधानमंत्री लोगों को इलेक्ट्रोरल बॉण्ड घोटाला, महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दे से भटकाकर मुसलमान, मंगलसूत्र, मटन में उलझाना चाहते हैं लेकिन हमें यह तय करना है कि देश का विकास छद्म राष्ट्रवादी करेंगे या देश हित में निर्णय निर्णय लेने वाले धर्मनिरपेक्ष वादी।

सन्नी सिंकू ने कहा कि कांग्रेस छोड़ना उनकी भूल थी और इसका एहसास मुझे पार्टी छोड़ने के बाद हो गया था लेकिन आज उन्होंने अपनी भूल सुधार कर ली है। उनकी पूरी निष्ठा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के प्रति है।

## राज्य से जुड़े अहम सवालों के जवाब दें प्रधानमंत्री मोदी : सुप्रियो भट्टाचार्य

प्रातः आवाज




**रांची।** झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का झारखंड की धरती पर स्वागत है लेकिन यहां हिंदू-मुस्लिम और मंगलसूत्र नहीं चलेगा। राज्य के अपने अहम सवाल हैं, जिनका आदिवासी-मूलवासी ग्रामीण मोदी से जवाब चाहते हैं। सुप्रियो रविवार को कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे।

भट्टाचार्य ने कहा कि आदिवासी अस्मिता से जुड़े सवालों, जिसमें सरना धर्म कोड प्रमुख है पर प्रधानमंत्री मोदी क्या विचार रखते हैं इसका जवाब उन्हें देना होगा। प्रधानमंत्री को यह बताना होगा कि क्या छत्तीसगढ़ हसदेवा जंगल में अडाणी के प्रवेश के बाद पौंडाहाट, सारंडा और कोल्हान में अडाणी का प्रवेश कराने के लिए वन अधिकार कानून में संशोधन किया गया। इसमें ग्राम सभा के पावर को शिथिल क्यों किया गया।

भट्टाचार्य ने कहा कि क्या कोल्हान की धरती पर भी पूंजीपतियों को आर्म्ड फोर्स के साथ उतारा जाएगा और कोल्हान क्षेत्र में अडाणी या अन्य पूंजीपतियों को घुसाकर आदिवासी-मूलवासी और ग्रामीणों को उजाड़ा जाएगा। मोदी को बताना होगा कि कोल वेयरिंग एक्ट में क्यों संशोधन किया गया। इसमें सोशल इंफेक्ट और एनवायरमेंट इंपैक्ट पार्ट को क्यों हटाया गया। क्या उनकी मंशा झारखंड के माइनिंग क्षेत्र का डेमोग्राफी को बदलने की साजिश तो नहीं है। इस एक्ट से भी ग्राम सभा को शिथिल कर दिया गया है। भट्टाचार्य ने कहा कि 10 साल पहले तक एचईसी की स्थिति अच्छी थी। दस साल में ऐसा क्या हुआ कि एचईसी बर्बाद हो गया। एचईसी मनी रत्न इंडस्ट्रीज के रूप में जाना था। यह झारखंड ही नहीं पूरे एशिया की बड़ी कंपनी हुआ करती थी। इसे लेकर केंद्र सरकार का बड़ा प्लान क्या है। इसका खुलासा मोदी को करना होगा।

भट्टाचार्य ने कहा कि राहुल गांधी के बयान के जिस मामले में कांग्रेस को नोटिस हुआ है, वह आर्थिक नीति पर था लेकिन प्रधानमंत्री का बयान आपराधिक मामले का था। इसके बावजूद इलेक्शन कमीशन ने सीधे प्रधानमंत्री को नोटिस न करते हुए भाजपा अध्यक्ष को नोटिस भेजा। इलेक्शन कमीशन कितनी भी सहूलियत प्रधानमंत्री को प्रदान कर दें लेकिन प्रधानमंत्री मोदी चुनाव के साथ जनता की नजर में भी हार चुके हैं।

## ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**खूंटी (प्रातः आवाज)।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान तथा निर्वाचन संबंधी जागरूकता जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को सखी मंडल की दीदियों द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए खूंटी प्रखंड के ग्रामीण मतदाताओं को लोकसभा चुनाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। मतदाता जागरूकता अभियान के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को उनके मताधिकार के बारे में जानकारी दीं गई। बताया गया कि एक एक वोट लोकतंत्र के लिए आवश्यक है, आपका एक वोट अमूल्य है। इसलिए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। सभी को वोटर हेल्पलाइन ऐप, 1950 सी विजील ऐप के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र में 13 मई को मतदान होना है। आप सभी को इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना है। मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अपने घरों व आसपास के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे।

### राज्यसभा के उपसभापति ने भाजपा नेता मृत्युंजय शर्मा की लिखी किताब 'ब्रोकन प्रॉमिसेस' का किया विमोचन

# उदारीकरण में कई राज्यों ने बदली तकदीर लेकिन बदल न सका बिहार : हरिवंश




प्रातः आवाज

**रांची।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा कि बिहार की बीमारी की शुरूआत आजादी के बाद से शुरू हो चुकी थी। 70-80 के दशक में वहां जाति के आधार पर सांसद, विधायक और सरकारें बनने लगीं। 80 के दशक में देश-दुनिया के अर्थशास्त्रियों ने बिहार को बीमारू राज्य कहना शुरू कर दिया। वर्ष 1957 में बेगूसराय से बूथ कैप्चरिंग की शुरूआत हो गई। हरिवंश रांची के ऑड्रे हाउस में रविवार को भाजपा नेता मृत्युंजय शर्मा की लिखी किताब ब्रोकन प्रॉमिसेस का विमोचन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

हरिवंश ने कहा कि उदारीकरण के बाद देश के कई राज्यों ने तकदीर बदली लेकिन बिहार न बदल सका। अब धीरे-धीरे हालात बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता में विजनलेस लोगों को लाने पर यही हाल होगा। इसलिए जनता उन्हें ही चुने जिसके पास विजन हो। साथ ही कहा कि वर्ष 1990 से 2005 तक बिहार के पतन का दौर था। यह वो दौर था जब बिहार में राजनीतिक पतन, जातिवाद, हिंसा, नरसंहार चरम पर था। उस वक्त रात छोड़िये दिन के उजाले में भी कोई घर में महफूज नहीं था लेकिन किसी भी मुद्दे पर नैरेटिव तय करने वाली अंग्रेजी मीडिया ने बिहार के हालात को, बिहार के लोगों की पीड़ा को अंग्रेजी में बयां नहीं किया।हरिवंश ने किताब में बिहार के हालात को अंग्रेजी में बयां करने के लिए मृत्युंजय को बधाई दी। साथ ही कहा कि 90 के दशक के नरसंहारों को उन्होंने देखा है। उस वक्त दिन के उजाले में गांवों के घर बंद होते थे। औरतों की पीड़ा आप बयां नहीं कर सकते। हालत इतनी बुरी हो चुकी थी कि लोग घर छोड़कर पलायन कर रहे थे।

### बिहार में 90 के दशक में बिगड़ी कानून-व्यवस्था के कारण हजारों लोगों ने किया पलायन : बाबूलाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड से बिहार अलग होने के पीछे राजनीतिक कारण है। संयुक्त बिहार में झारखंड खनिज और उद्योगों से भरा हुआ था लेकिन राजनीति में दक्षिण बिहार (झारखंड) के लोगों का प्रतिनिधित्व कम था। बिहार की राजनीति उत्तर बिहार में ही घूमती रहती थी। दक्षिण बिहार की खनिजों का दोहन होता था लेकिन विकास नहीं हो रहा था। ऐसे में अलग झारखंड राज्य की मांग तेज हुई। आंदोलन शुरू हुए और अलग राज्य बना। बाबूलाल ने कहा कि किसी भी राज्य के विकास के लिए जरूरी है कि वहां कानून-व्यवस्था मजबूत हो। अमन-चैन होगा तभी निवेश होगा और प्रदेश संपन्न होगा लेकिन बिहार में 90 के दशक में बिगड़ी कानून-व्यवस्था के कारण संपन्न लोग अपना घर-बार छोड़कर पलायन कर गये।

### बिहार के लोग धीरे-धीरे हो रहे जागरूक : अशोक भगत

पद्मश्री अशोक भगत ने कहा कि वे भी जेपी मूवमेंट के सिपाही रहे हैं। 90 के दशक में बिहार के हालात के गवाह रहे हैं। ब्रोकन प्रॉमिसेस को उन्होंने बिहार के शोषण और पीड़ा की डायरी बताया। उन्होंने कहा कि बिहार राजनीति, अपराध, वामपंथ समेत कई चीजों के प्रयोग की धरती रही है। उस दौर में जनता जागरूक नहीं हुआ करती थी। उन्हें राजनीति, राजनेताओं और देश-दुनिया से सरोकार नहीं रहता था। अब धीरे-धीरे परिवर्तन आया है। लोग जागरूक हो रहे हैं। अब तो स्थिति ये है कि किशोर और युवा पांच-पांच हजार रुपये में बूथ मैनेज करने के लिए तैयार हैं। ब्रोकन प्रॉमिसेस के लेखक मृत्युंजय शर्मा ने कहा कि 90 के दशक में कश्मीर की हालत को लेकर उन्होंने कई किताबें पढ़ीं लेकिन बिहार के हालात पर एक भी किताब उन्हें नहीं मिली, तब जाकर उन्होंने यह किताब लिखी।

# पलामू में चार मई को पीएम नरेंद्र मोदी का होगा आगमन

## भाजपा प्रत्याशी वीडी राम के लिए मांगेंगे वोट

मनोहर कुमार

**पलामू :** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तूफानी दौरा चुनाव प्रचार के लिए जारी है इसी कड़ी में हुए 4 में को पलामू में आएंगे और पलामू लोकसभा के प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के लिए वोट मांगेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पलामू की धरती से झारखंड में चुनाव प्रचार की शुरूआत करेंगे। वो 4 मई को यहां पर चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके दौरे को लेकर पार्टी नेताओं ने तैयारी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार मई को चुनावी दौरे पर झारखंड आएंगे। पलामू में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे।



2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पलामू में चौथी बार सभा करेंगे। 2014, 2019 में दो बार उनकी सभा हो चुकी है। भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री की चुनावी जनसभा को लेकर पलामू जिला प्रशासन से अनुमति मांगी है।

### चार मई को करेंगे चुनावी जनसभा

पार्टी ने चुनावी जनसभा के लिए प्रस्तावित स्थल पलामू का चियांकि हवाई अड्डा निर्धारित किया है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा से जुड़े अधिकारी सोमवार या मंगलवार को पलामू में पहुंच जाएंगे। भारतीय जनता पार्टी के पलामू मीडिया प्रभारी शिवकुमार मिश्र ने बताया कि प्रधानमंत्री का दौरा चार मई को निर्धारित किया गया है। पीएम चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। पार्टी ने प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर तैयारी करना शुरू कर दिया है। पलामू में चौथे चरण में लोकसभा का चुनाव होना है और मंगलवार से चुनावी प्रचार की शुरूआत होगी। पलामू लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी स्टार प्रचारकों को चुनाव प्रचार के लिए उतारने वाली है। योगी आदित्यनाथ, नितिन गडकरी और मोहन यादव गढ़वा में जनसभा करेंगे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव गढ़वा के भावनाथपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। भारतीय जनता पार्टी पलामू लोकसभा सीट पर चुनाव जनसभा की शुरूआत कर रही है। रविवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी किशनपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे। बता दें कि पलामू से वीडी राम भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार हैं। वो लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं।

# पलामू एसपी ने मतदाताओं को किया मतदान के प्रति जागरूक




प्रातः आवाज

**पलामू :** पलामू के पुलिस कप्तान रिष्मा रमेशन नौडीहा बाजार और छतरपुर थाना क्षेत्र का दौरा कर ग्रामीणों से वोट देने की अपील की है। उन्होंने ग्रामीणों को लोकसभा चुनाव को लेकर जागरूक की। अधीक्षक ने कहा कि सभी से 13 मई को वोट देने की अपील करती हुं ।

**पलामू के पुलिस कप्तान रिष्मा रमेशन ने ग्रामीणों को लोकसभा चुनाव को लेकर 13 मई को वोट देने की अपील की**

एसपी ने खास कर महिलाओं से मुलाकात कर उन्हें वोट देने को लेकर प्रोत्साहित किया। छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम, छतरपुर थाना प्रभारी समेत कई अधिकारी भी रहे मौजूद।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**पलामू :** प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष सिमरिया विधायक किशन दास के नेतृत्व में भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं ने हुसैनाबाद बिश्रामपुर छतरपुर विधानसभाओं के दर्जनों गांव सुपहा जमुआ झरगरा इमलिया टिकर हुसैनाबाद बिश्रामपुर के भलुही भंडार महागावा छतरपुर के खातिर खजूरी नदिया मदनपुर में जनसंपर्क अभियान चलाया। कृष्ण दास ने लोगों से अपील की 13 में को सभी लोग अपने-अपने बूथों पर जाकर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान जरूर से करें। नरेंद्र भाई मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाएं ताकि देश चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर रहे और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र तीसरी आर्थिक महाशक्ति बन सके। पलामू लोकसभा से विष्णु दयाल राम प्रत्याशी है इन्हें कमल फूल छाप पर मोहर लगाकर आप भारी मतों से विजयी बनाए और नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत कीजिए यही आग्रह करने आप सबों के बीच में मैं आया हूं। जनसंपर्क अभियान में रंजन पासवान, प्रभात भुइंया, रामेश्वर उरांव उर्फ छतन पासवान, रविंद्र कुमार, कुमार गौरव, सतीश कुमार, रविंद्र यादव, सागर पासवान, कर्म पासवान, बबन राम, शिवकुमार भुइया, सुरेंद्र राम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### इंडिया गठबंधन ने जनता से किया वादा एक भी पूरा नहीं किया : सतीश कुमार



**पलामू :** पिछले विधान सभा चुनाव के घोषणा पत्र में इन्डिया गठबन्धन के सभी दल ने गला फाड़ कर चिल्लाया था कि हमारी सरकार झारखण्ड में बनेगी तो ये करेंगे वो करेंगे। आज जनता सवाल कर रही है कि पांच साल के कार्यकाल में आपने क्या किया? सरकार बनने के बाद पलामू को झारखण्ड का उप राजधानी बनायेगे , बना क्या? झारखण्ड में रोजगार के लिए उद्योग व कारखाने लगेंगे, कहीं कुछ लगा क्या? झारखण्ड की बड़ी आवादी पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देंगें, दिया क्या? 1932 खतियान अधारित स्थानीय व नियोजन नीति बनायेगे, नही न बना। शिक्षित बेरोजगार को 5-7 हजार बेरोजगारी भत्ता देंगें, किसी को दिए क्या, नहीँ न। घरेलू महिलाओं को चुल्हा भत्ता, योजना चालू हुआ क्या? महिलाओं को मान सम्मान व स्वाभिमान की रक्षा करेगें। क्या राज्य में महिलाओं की ईज्जत आबरू सुरक्षित है? झारखण्ड से रोजगार के लिये पलायन पर रोक लगाई जाएगी। क्या झारखण्ड से पलायन रुक गया? बेटा पुतोह सास ससुर के लिए आवास मे रुम की व्यवस्था होगी, नही हुआ। इन्डिया गठबन्धन के चुनावी घोषणा पत्र केवल थोथी दलील बन कर रह गई। दल के मुखिया भूमि घोटाला मे जेल में बंद हैं इनके कार्यकर्ता व नेता विधवा बिलाप कर पुन: जनता को बरगला गुमराह कर वोट लेने के मुहिम तेज कर दिया है।गला फाड़ कर चिल्लाने वाले दल के नेता से सवाल है कि गांडेय बिधान सभा में कल तक मुख्यमंत्री कि पत्नी कल्पना सोरेन को लडाना क्या परिवारवाद नहीं है?ये सरकार झारखण्ड आन्दोलनकारियो के मान सम्मान व पेन्शन की ब्यवस्था नही कर पाई। गठबंधन के एक दल के नेता के लाश पर झारखण्ड राज्य का निर्माण हो रहा था, उनके केवल एक प्रत्याशी पलामू लोकसभा से उम्मीदवार है, इनको तो झारखण्ड में वोट मांगने का अधिकार तक नही है। दुसरे दल झारखण्ड को झुठ लुट अपराध भ्रष्टाचार के कलंक से राष्ट्रीय स्तर पर कलंकित किया है। केवल ट्रांसफर पोस्टिंग उद्योग, बालू व खनिज खदानों के माफियाओं से गठजोड़, राज्य के बाहरी ठिकेदार से ठिकेदारी। राज्य की जनता इन्डिया गठबन्धन के तमाम झुठ फरेब को समझ लिया है। झारखण्डी की जनता झारखण्ड को सभी 14 लोक सभा चुनाव में एन डी ए की जीत की मुहर लगा दी है।

### मारवाड़ी युवा मंच ने किया चार पनशाला का शुभारंभ




पलामू : मारवाड़ी युवा मंच के सचिव सज्जन शंघाई उर्फ टिंकू ने बताया कि मारवाड़ी युवा मंच का यह राष्ट्रीय प्रकल्प अमृत धारा है जिसके तहत हम अस्थाई और स्थाई पनशाला चलाते हैं, डालटनगंज शहर में हमारे दो स्थाई पंशाला अमृतधारा एक शहर थाना और एक अग्रसेन भवन के पास चालू है जिसमें शीतल पेय जल की व्यवस्था है तथा एक और रेलवे स्टेशन पर हमारी मशीन लगी हुई है जिसमें अभी मरम्मत की आवश्यकता है इसके अलावा हम अस्थाई पनशाला संचालित करने की ओर अग्रसर हैं जो 2 महीने के लिए संचालित होगा।

### विहंगम योग संस्थान की बैठक संपन्न



**पलामू :** विहंगम योग संस्थान की पलामू जिला इकाई की बैठक बैरिया स्थित बनारसी प्रसाद यादव के आवास पर हुआ।मुख्य अतिथि संस्थान के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह एवं अन्य सेवा प्रभारियों ने सदगुरुदेव के तस्वीर पर माल्यार्पण किया।बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक गिरजा प्रसाद सिंह ने की।बैठक में ब्रह्मविद्या के प्रचार प्रसार की स्थिति,पत्रिका सदस्यता अभियान सहित आश्रम से जुड़े अन्य सेवा कार्यों की समीक्षा किया गया।इस दौरान सेवा प्रभारियों को ससमय सेवा कार्यों का निष्पादन करने एवं नियमित रूप से सत्संग गोष्ठी संचालित करने के लिए प्रेरित किया गया।मुख्य अतिथि श्री सिंह ने सदगुरु सेवा की महत्ता पर प्रकाश डाला और भक्तजनों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ईश्वर की असीम कृपा से दुर्लभ मानव जीवन मिला है। जीवन समय को व्यर्थ गंवाने के बजाय समरथ सदगुरु की शरण में रहकर पुरुषार्थ करना चाहिए। मौके पर जिला सह संयोजक बनारसी प्रसाद यादव,रामपति राम,ओमकार नाथ पाठक, सुरेंद सिंह, रामगोविंद यादव,अमलेश सिंह,कुबेर गुप्ता,चंदन सिंह,अजय यादव, महेंद्र यादव,दशरथ पासवान,सौगंध मेहता,अमरेंद्र,मनोज,संजय,शंभू कुमार सहित सेवा प्रभारी,प्रचारक, उपदेष्टा मौजूद थे।

# गारंटी व्यक्ति की नहीं, पार्टी की होनी चाहिए : राजेंद्र सिन्हा

प्रातः आवाज



**पलामू :** पलामू संसदीय क्षेत्र में मदारियों का जमावड़ा लगना स्टार्ट हो गया है तरह-तरह के गारंटी दिया जाएगा जो चैनीज सामान से काम नहीं होगा मैं बताना चाहता हूं पिछले चुनाव में भी इसी पलामू के धरती पर बहुत तरह का गारंटी दिया गया था जिसमें एक जीता जागता उदाहरण है मंडल डैम आदरणीय प्रधानमंत्री जी पलामू के धरती पर कितने गारंटी देकर गए थे आपको मालूम है सबसे पहले मंडल डैम के बारे में बोला था कि जोरो शोर पर काम लगेगा जो किसान को पानी मिलेगा आज तक मंडल डैम में एक मजदूर भी नहीं लगा दूसरा महंगाई कम करना आज महंगाई कहां है आपको मालूम है दूध से लेकर इंसान को मरने के बाद कफन का कपड़ा दिया जाता है उस पर भी जीएसटी लगाकर दोगुना कर दिया गया डीजल और पेट्रोल ?60 से 100 के पार हो गया और इन्होंने क्या कहा था 15 15 लाख रुपैया हर एक खाते में दिया जाएगा क्या आपको मिल गया नहीं मिला जनधन खाते में एक पैसा नहीं आया और इन्होंने कहा था 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देंगे हर साल क्या मिल गया नहीं मिला इसी तरीका से इन्होंने कहा था कि काला धन वापस लाएंगे काला धन तो नहीं आ पाया लेकिन नीरव मोदी हिंदुस्तान का पैसा 1300 करोड़ रूपया लेकर फरार हो गया उसे पैसा भी माननीय प्रधानमंत्री जी देश को वापस नहीं कर पाए इसी तरीका से पूरे पलामू के प्यारे जनता को सहारा इंडिया में अपने बाल बच्चों को पेट काट काट कर बैंक में पैसा जमा किया हुआ था वह भी पैसा वह खाने में सक्षम हो गए सहारा बैंक में पैसा रखने वाले तमाम भाइयों बहनों एवं नौजवान साथियों राह देख रहे हैं कि मेरा पैसा कब मिलेगा शहर के छोटे-छोटे व्यवसाय करने वाले हमारे बड़े छोटे भाई कोरोना काल के दरमियान ?10000 का केंद्र सरकार द्वारा लोन लिया था जो कोरोना काल में छोटे-छोटे व्यवसाय करके अपने बाल बच्चों को भोजन दे सके लेकिन वह ?10000 आज हमारे व्यवसाय भाइयों बहनों को माफ नहीं किया गया केंद्र के सरकार अपने पूंजी पति दो-चार मित्रों को कइन 100 करोड रुपैया लोन माफ कर दिया प्रधानमंत्री ने कहा था कि किसानों का आय दोगुना कर दूंगा दोगुना होने की बात तो खत्म हो गई किसान आज शुद्ध पानी के लिए तरस रहा है यह है यह सभी केंद्र का वर्तमान सरकार का गारंटी घोषणा यह तो हो नहीं सका 10 सालों में 10 सालों में विकास तो खूब हुआ लेकिन केवल अंग्रेज के तरह भाई-भाई को तोड़ने के लिए भाईचारा को खत्म करने के लिए आपस में मोहब्बत को तोड़ने के लिए गंगा जमुना तहजीब का हिंदुस्तान के अंदर जो परंपरा हम लोगों को था वह खत्म करने के लिए विकास किया गया यही है भारतीय जनता पार्टी का विकास यह सभी गारंटी 2014 से लेकर 2019 तक पता नहीं 2024 में क्या नया गारंटी दिया जाएगा अभी देखते जाइए हिंदुस्तान का जनता और खास करके पलामू प्रमंडल का जनता यह बात जान चुकी है कि यह गारंटी से कुछ मिलने झूलने वाला नहीं है इससे कहीं अच्छा है अच्छे दिनों का सपना तो खत्म हो गया हाथ जोड़कर निवेदन कर रहा है प्लान ऊपर मंडल का जनता कि इससे कहीं अच्छा पुराने ही दिन हम लोग के लिए अच्छा था ।

# दर्जनों भाजपा नेता झामुमो में हुए शामिल

- झामुमो की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है, भाजपा नेताओं के शामिल होने से इंडिया गठबंधन को चुनाव में मजबूती मिलेगी : राजेंद्र सिन्हा

प्रातः आवाज




**पलामू :** पलामू में लोकसभा चुनाव की सरगर्मी तेज होते ही दर्जनों भाजपा के नेता झामुमो में शामिल हुए। झामुमो पलामू के कार्यालय में हुए मिलन समारोह में झामुमो अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा की अध्यक्षता में सुनील कुमार और लव कुश कुमार के नेतृत्व में सबों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। इस कार्यक्रम का संचालन झामुमो सचिव सन्नू सिद्धिकी ने किया। झामुमो की लोकप्रियता पलामू में लगातार बढ़ ही रही है साथ ही इससे इंडिया गठबंधन को भी इस चुनाव में मजबूती मिलेगी। साथ ही ये भाजपा के प्रत्याशी के लिए सुखद संकेत नहीं है। झामुमो अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा सुनील कुमार एवं लव कुश कुमार और उनके साथ आए सभी नेताओं का झामुमो परिवार में हार्दिक स्वागत है। आज भाजपा से सभी वर्ग निराश और हताश है, भाजपा की नकारात्मक राजनीति से आम आवाम परेशान है। भाजपा के राज में महंगाई आसमान में पहुंच चुकी है, दवाई, पढ़ाई से ले कर राशन तक सबके बढ़ते दाम से आम जनता त्रस्त है। आज हम सब लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं, पलामू में भी भाजपा के सांसद दस सालों से सत्ता में हैं। उन्होंने वादा कर चुनाव तो जीत लिया था, लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं किया। एक भी विकास का ऐसा कार्य नहीं किया है जिसे वो जनता के बीच बता पाएं। मंडल डैम एवं राजहरा कोलियरी का शिलान्यास भी हो गया लेकिन आज तक एक ईंट भी नहीं जुड़ पाया और न कोलियरी खोला गया । पलामू में इंडिया गठबंधन की राजद प्रत्याशी ममता भुइयां चुनाव लड़ रही है, और इंडिया गठबंधन भारी बहुमत से चुनाव जीत रहा है। झामुमो में शामिल होने पर सुनील कुमार और लव कुश कुमार ने खुशी जताते हुए कहा झारखंड के माटी की पार्टी झामुमो में शामिल होने पर हमें काफी खुशी मिली है, भाजपा में हम सब ठगा हुआ महसूस कर रहे थे। भाजपा के सांसद विधायक दस साल से सत्ता में हैं लेकिन जनता का कार्य करने में विफल हैं। झारखंड की सरकार बेहतरीन कार्य कर रही है। भाजपा ने झारखंड के नायक हेमंत सोरेन के खिलाफ जिस तरह से षड्यंत्र रच कर उन्हें जेल भेजा उससे हम सबों में बहुत निराशा हुई है। साथ में राजकुमार, सोहन कुमार, अरुण कुमार, अभिषेक कुमार, रामप्रवेश,छोटू सुनील कुमार, संजय राम, शुभम कुमार। राहुल कुमार, बलराम राम, सन्नी कुमार ,कुमार शुभम ,सुधाकर राज भी झामुमो में शामिल हुए।

## ईवीएम व वीवीपीएटी को लेकर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय दुर्भाग्यपूर्ण : झारखंड क्रांति मंच

प्रातः आवाज



**पलामू :** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने आज पटेल नगर स्थित आवास पर प्रेस बयान जारी कर कहा है कि देश भर में ईवीएम का प्रयोग बन्द करने व ईवीएम के प्रयोग की स्थिति में वीवीपीएटी की पर्चियों के शत-प्रतिशत गिनती की मांग से सम्बन्धित याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज करने को दूर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा है कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में बिना छेड़छाड़ के निष्पक्ष मतदान की अनिवार्यता पर विचार करते हुए देश के सर्वोच्च अदालत को इस पर सकारात्मक रुप से विचार करना चाहिए था। जारी बयान में उन्होंने कहा है कि देश की बड़ी अदालतों में कोलेजियम सिस्टम से न्यायधीशों की नियुक्ति व सेवानिवृत्ति के बाद न्यायधीशों द्वारा सत्ता की मलाई खाने की विकसित हो रही कुत्सित परंपरा के कारण भारतीय संविधान का सबसे बड़ा हितरक्षक न्यायपालिका का निष्पक्ष चरित्र आलोचनाओं के दौर से गुजर रहा है,जो चिंतनीय है। जारी बयान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस संदर्भ में दी गई प्रतिक्रिया की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए इस निर्णय का स्वागत करने से पहले उन्हें सुप्रीम कोर्ट द्वारा इलेक्टोरल बॉण्ड जैसी सबसे बड़े आर्थिक अपराध व भ्रष्टाचार की योजना को असंवैधानिक करार देने जैसे निर्णय का सिंहावलोकन कर पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। बयान के अंत में उन्होंने कहा है कि गुजरात के सुरत व गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में संविधान व निर्वाचन प्रक्रियाओं की सरेआम हत्या से लोकतंत्र कराह उठा है, फिर भी चुनाव आयोग को खिलौना बनाने वाले देश के बेहया व बेशर्म प्रधानमंत्री व कानून मंत्री संविधान सलामत रखने की दुहाई दे रहे हैं?क्या भाजपा व संघ के लोग श्री अनन्त हेगड़े,श्री लल्लू सिंह,श्री अरुण गोविल आदि संविधान बदलने हेतु 400 पार का नारा देनेवालों सिरफिरों को दल से निष्कासित करेंगे?क्या सुप्रीम कोर्ट ऐसे बयानों पर स्वतः संज्ञान लेगा?

## पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने पौधा दान कर तिब्बती बौद्ध भिक्षु के कार्यक्रम का किया शुभारंभ

# पर्यावरण धर्म के प्रभाव से ही धुलेगा अर्थ के लिए प्रकृति पर हो रहे अनर्थ का पाप : पर्यावरणविद् कौशल

प्रातः आवाज



**पलामू :** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के मैनपाट कामेश्वरपुर थाना अंतर्गत शुक्रवार को तिब्बत वासियों के गांव स्थित भगवान बुद्ध के विशाल मंदिर में आयोजित नवाह पाठ कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पौधा दान कर किया। उन्होंने उक्त मौके पर बौद्ध भिक्षुओं को पर्यावरण धर्म के प्रार्थना व उसके आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा दान किया। मौके पर पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने

कहा कि जिस तेजी से लोग अनाधिकृत रूप से आर्थिक लाभ के लिए प्राकृतिक संसाधनों का शोषण व दोहन कर रहे हैं उसी का परिणाम है कि पृथ्वी का तापमान बेतहासा बढ़ता चला जा रहा है। फलतः ग्लेशियर पिघल रहे हैं व समुद्र से वाष्प बनकर आसमान में जा रहा है। जिसके कारण जलवायु परिवर्तन हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसी जलवायु परिवर्तन के कारण ही 15 दिनों के अंदर गर्मी के मौसम होने के बाद भी चीन, दुबई, ओमान, व इंग्लैंड में मूसलाधार हुई बारिश के कारण कई गांव व शहर जलमग्न हो गए हैं।

वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा है कि यदि जलवायु परिवर्तन को रोकना है तो दुनिया के तमाम उम्र के लोगों को अपने धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों को अपने जीवन के दिनचर्या में शामिल करना होगा । कौशल ने कहा कि जबतक वन्य एवं उसके अलावे रैयति भूमि पर 33% सघन वन तैयार ना हो जाय तबतक जलवायु परिवर्तन कोई रोक नहीं सकेगा। इसके सिवाय दूसरा कोई विकल्प नहीं है ।

पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने कहा है कि 34 वर्षों के बाद उस क्षेत्र के लोग उन्हें बुलाया है। उन्होंने पर्यावरण धर्म के तहत आम का पौधा देकर कार्यक्रम में शामिल लोगों को सम्मानित करते हुए कहा कि पुत्र साथ छोड़ सकता है परंतु पेड़ नहीं।

उक्त मौके पर तिब्बत से आए बौद्ध भिक्षु धर्मगुरु दोरजें तेनज़िंग और सीतापुर गुतुरमा निवासी क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी भोला प्रसाद गुप्ता ने अपने संबोधन में पर्यावरण के क्षेत्र में एक लंबे अरसे से पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल के द्वारा किये गए उल्लेखनीय कार्यों की काफी सराहना की। कार्यक्रम में दोजेंतेनजिम,पेमादोरजें ,तशीवागंडू ,करसाडावममो, ग्राम पंचायत डाली बाजार के उप मुखिया अफजाल अंसारी,दिनेश प्रसाद गुप्ता, रुपेश प्रसाद, मुकेश प्रसाद, दोवेश प्रसाद राकेश प्रसाद यादव के साथ कई प्रमुख लोग व बौद्ध भिक्षु शामिल थे।

# स्वीप कार्यक्रमों को लेकर नोडल पदाधिकारी ने की वर्चुअल बैठक

## आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विभिन्न पदाधिकारी संग की चर्चा

**मेदिनीनगर (पलामू) :** पलामू लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान करवाने को लेकर स्वीप के नोडल पदाधिकारी सह मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने रविवार को वर्चुअल मोड के माध्यम से जिला कृषि पदाधिकारी,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जेएसएलपीएस के डीपीएम के साथ बैठक कर आने वाले दिनों में स्वीप कार्यक्रम की रूप रेखा पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में स्वीप के नोडल पदाधिकारी श्री हुसैन ने सभी पदाधिकारीयों को उनके अधीनस्थ कार्यरत मैनपॉवर को एक्टिव करते हुए अधिकाधिक लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक करने पर बल दिया।उन्होंने जेएसएलपीएस के डीपीएम शांति मार्डी से कहा कि जेएसएलपीएस के लोग प्रखंड से लेकर पंचायत तक हैं इसके अलावे जिले में पंद्रह हजार से अधिक एसएचजी महिलाओं का संगठन सक्रिय है उन सभी का बेहतर उपयोग करते हुए उन्हें गांव-गांव जाकर लोगों से कनेक्टिविटी बढ़ाने व सभी से अपने स्तर से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम करवाने की बात कही।उन्होंने जेएसएलपीएस के सभी विंग को मतदाता जागरूकता में लगाने हुए आकर्षक कार्यक्रम के जरिए लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करने की बात कही।इसी तरह उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी को क ृ ष ि क मित्रों,एटीएम,बीटीएम,भीएलडब्लू के माध्यम से भी अलग-अलग स्तर पर छोटे-छोटे कार्यक्रम या अन्य माध्यम से या सीधे कृषकों से संपर्क स्थापित कर उन्हें 13 और 20 मई को बूथ पर आने के लिए प्रेरित करने की बात कही।इसी तरह समाज कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू को सीडीपीओ,एलएस,व आंगनबाड़ी सेविकाओं के जरिये अधिकाधिक महिलाओं तक पहुंचने व जितने भी समाज कल्याण विभाग के तहत लाभार्थी हैं उन सभी से मतदान करने को लेकर जागरूक करने की बात कही।इसी तरह श्रम अधीक्षक इतवारी महतो को प्रवासी श्रमिकों व अन्य श्रमिकों से बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए उन सभी से 13 वे 20 मई को बूथ कर आने व मतदान करने हेतु प्रेरित करने पर बल दिया।वहीं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम को सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर ऑडिओ-विसुअल के जरिये लोगों से मतदान करने को लेकर जागरूक करने का निर्देश दिया गया।

सामान्य प्रेक्षक ने जिले के डीसी-एसपी व अन्य वरीय पदाधिकारियों के साथ की बैठक, दिए कई दिशा निर्देश

# त्रुटिरहित हो लोकसभा चुनाव, आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर रखें नजर : केडी कुंजन

प्रातः आवाज

**लोहरदगा।** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 हेतु प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक केडी कुंजन (भाप्रसे, 2009 बैच) रविवार को लोहरदगा जिला पहुंचे। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां व जिला के अन्य वरीय पदाधिकारियों व विभिन्न कोषांगों के पदाधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में की गई। बैठक में सर्वप्रथम मतदाता सूची के संबंध में निर्देश दिया गया कि मतदाता सूची में किसी प्रकार की विसंगति ना हो। अभ्यर्थियों को मतदाता सूची सौंपे जाने के पूर्व मतदाता सूची पूरी तरह जांच पड़ताल कर ले। जिले में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन नहीं हो, इस पर कड़ी निगरानी रखने की जरूरत है। कहा की प्रत्याशियों, राजनीतिक दलों द्वारा आयोजित रैलियों, सभा, जुलूस आदि में आदर्श आचार सहिंता के उल्लंघन व उनके द्वारा किये जाने वाले खर्च पर कड़ी नजर हो। पदाधिकारी अपने निर्वाचन कार्य में पूरी तरह निष्पक्ष रहें और यह कार्य और व्यवहार दोनों में नजर आना चाहिए।



डीसी-एसपी व अन्य पदाधिकारियों संग बैठक करते सामान्य प्रेक्षक। बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

### मतदान के दिन आवश्यक रिपोर्टिंग ससमय उपलब्ध कराएं

सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि नियंत्रण कक्ष में आनेवाले शिकायतें व सी-विजिल एप पर आनेवाले शिकायतों का निवारण ससमय होता रहे। फ्लाइंग स्क्वायड और स्टैटिक टीमें आवश्यक कार्रवाई व जब्ती करती रहें। अन्य कानूनी कार्रवाई जो पूर्व में आयोग द्वारा निदेशित हैं वे ससमय पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन आवश्यक रिपोर्टिंग ससमय की जाय। जिन मतदानकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाना है उन्हें ससमय व अच्छी तरह प्रशिक्षण दे दें। कोई भी अधूरा प्रशिक्षण ना ले। जो भी नये निर्देश आये हैं उनका प्रशिक्षण उन्हें अवश्य दिया जाय। मतदान कर्मी ससमय व सकुशल अपने मतदान केंद्रों में पहुचे। तथा शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव के साथ निर्वाचन को बिल्कुल त्रुटिरहित संपन्न कराना है।

### मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध : डीसी

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 को लेकर प्रशासनिक स्तर पर की गई तैयारियों की विस्तृत जानकारी सामान्य प्रेक्षक को दी गई। इसमें जिला में उपलब्ध ईवीएम, वीवीपैट की स्थिति, राज्य से प्राप्त निर्वाचन संबंधी सामग्रियों की स्थिति, मतदाता सूची में किये जा रहे कार्य आदि की जानकारी दी। उपायुक्त ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई हैं। किसी प्रकार की कमी होने पर उस बिंदु पर कार्य निरंतर किया जा रहा है। कानूनी कार्रवाईयां की गई हैं। प्रत्याशियों व राजनीतिक दलों के व्यय की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला स्तर पर मीडिया मॉनिटरिंग कमिटी भी गठित है और लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। मतदान केंद्रों तक आने के लिए छोटे वाहन की व्यवस्था प्रखण्ड स्तर पर की गई है। सभी मतदान केंद्रों में दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर उपलब्ध रहेगा, इसके लिए तैयारी कर ली गई है। वहीं बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने सुरक्षा व्यवस्था व अन्य कानूनी कार्रवाई सम्बंधित जानकारी दी।

### बतायी गयीं स्वीप कार्यक्रमों की गतिविधियां

बैठक में वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग लोहरदगा द्वारा लोहरदगा जिला में माह फरवरी, 2024 से किये जा रहे स्वीप गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही दिव्यांग मतदाता, महिला मतदाता, वरीष्ठ मतदाता, शहरी मतदाता, भावी मतदाता के लिए चलाये जा रहे स्वीप कार्यक्रमों के संदर्भ में भी जानकारी भी दी गई।

### मतदान केंद्रों में कमियों को समय पर दूर करें

बैठक में सामान्य प्रेक्षक केडी कुंजन ने कहा कि मतदान केंद्रों में सभी बुनियादी सुविधाएं होनी चाहिए। जहां कमियां हैं उन्हें दूर कर लें। जिन मतदाताओं को दूर से आना है उनके लिए आवश्यक सुविधाएं दें। कोई भी मतदाता मतदान से वंचित ना रहे।

## स्वस्थ शरीर के लिए योग के साथ नियमित जांच जरूरी : दीपक सर्राफ

### सेवा भारती के निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 42 मरीजों ने कराया इलाज

प्रातः आवाज

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा शहर के अपर बाजार स्थित चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण में रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का विधिवत शुभारंभ सेवा भारती के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प चढ़ाकर किया। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 42 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करा कर लाभान्वित हुए। मौके पर सेवा भारती के जिलाध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा स्वस्थ जीवन के लिए नियमित जांच जरूरी हैं। वर्तमान समय में मन और तन को स्वच्छ बनाये रखने के लिए सुबह-सुबह योग एवं व्यायाम को भी नियमित रूप से करने की जरूरत है। कहा कि इस समय बढ़ते तापमान को लेकर सावधानिया भी बरते बिना कारण धूप में घर से बाहर ना निकले और बच्चे एवं बुजुर्ग पर खास ध्यान दें। वही डॉ कुमुद ने कहा लोगों को समय-समय पर अपना स्वास्थ्य चेकअप अवश्य कराते रहना चाहिए और कहा गर्मी पर कच्चे आम के पानी का सेवन करने से लू लगने की संभावना कम रहती है।



निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में मौजूद लोग।

इस अवसर पर सेवा भारती के जिला उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, संजय चौधरी, शशि भूषण सिंह ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग आकर अपना चेकअप करा कर काफी संतुष्ट हैं। यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को एक घंटे के लिए लगाई जाती है। मौके पर उपस्थित लोगों ने शुगर, बीपी, ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, डॉक्टर से उचित परामर्श भी लिए।

शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, संजय चौधरी, शशि भूषण सिंह, अनामिका भारती, अंजलि सराफ, अशोक अग्रवाल, सत्यम सर्राफ, सत्यदेव भगत, अतुल सर्राफ, ज्ञानेश्वर गुप्ता, भोला भगत, अनिल प्रजापति, केशव महतो, बेबी देवी, मनोज प्रसाद,रेणु देवी, अनूप महतो, मीना देवी, सुबोध महतो, अफरोज आलम, समरथ चौधरी, रामचंद्र गिरी, सुरेंद्र प्रसाद साहू, कृष्णा प्रसाद, किशोर अग्रवाल, प्रभु दयाल साहू, रमेश शर्मा, तारकेश्वर अग्रवाल, सोनिया पोद्दार, शंभू सिंह, जयंती देवी, वैभव कुमार आदि थे।

## रोमांचक मुकाबले में लोहरदगा क्रिकेट ट्रेनिंग सेंटर की टीम ने 11 रनों से जीता मैच

प्रातः आवाज

**लोहरदगा।** बीएस कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को एक अभ्यास मैच का आयोजन किया गया। जिसमें क्रिकेट ट्रेनिंग सेंटर वर्सेस कुडु क्रिकेट क्लब के बीच हुआ। इस मैत्री मैच में क्रिकेट ट्रेनिंग सेंटर की तरफ से लोहरदगा जिला के उप विकास आयुक्त दिलीप सिंह शेखावत ने भी बच्चों के साथ क्रिकेट मैच खेले तथा टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए क्रिकेट ट्रेनिंग सेंटर की टीम 30 ओवर में 8 विकेट होकर 195 रन बनाएं। टीम की ओर से सबसे ज्यादा सुशांत ने 45 रन, दिलीप सिंह शेखावत ने 38 रन और मिथलेश ने 30 रन बनाए। वहीं कुडु क्रिकेट क्लब की टीम से बोलिंग में अनिरुद्ध, ऋतिक, मनीष ने दो-दो विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी कुडु क्रिकेट क्लब की टीम ने 28 ओवर में 10 विकेट खोकर कर 184 रन ही बना सकी। टीम की ओर से नीतीश ने 48 था



अनिक ने 25 और अंश ने 18 रन बनाए। लोहरदगा क्रिकेट ट्रेनिग टीम की ओर से बोलिंग में सुशांत ने 3 विकेट तथा शिव ने 2 विकट और मनीष ने 1 विकेट लिए इस रोमांचक मैच को लोहरदगा क्रिकेट ट्रेनिंग सेंटर की टीम ने 11 रनों से जीत हासिल किया मैच के दौरान लोहरदगा जिला के उप विकास आयुक्त दिलीप सिंह शेखावत ने खिलाड़ियों को अच्छे से और ईमानदारी से खेलने के लिए प्रेरित किया साथ ही साथ सभी खिलाड़ियों को आश्वासन देते हुए कहे की कभी भी किसी चीज की दरकार हो तो बताइए जिला प्रशासन आपको मदद करने के लिए सजक है साथ ही साथ क्रिकेट कोच अमित कुमार को बहुत-बहुत बधाई देते हुए उनके काम की सहारण किए हैं लगातार बच्चों की प्रतिभा को आगे लाने का काम कर रहे हैं और जिला प्रशासन के कार्यक्रमों को हमेशा सफल बनाने में मदद करते रहते हैं, चाहे वह क्रिकेट मैच हो, मैराथन रनिंग हो या साइकिलिंग का कार्यक्रम हो। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमित कुमार का सहयोग रहा।

### गले में फांसी का फंदा लगा वृद्ध ने की आत्महत्या

**किस्को (प्रात: आवाज)।** किस्को थाना क्षेत्र के नवाडीह गांव में अहले सुबह एक वृद्ध व्यक्ति ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या। मृतक की पहचान नवाडीह गांव निवासी 55 वर्षीय राम कुमार राम पिता स्वर्गीय भुवनेश्वर राम के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक राम कुमार राम लोहरदगा जिले के चंदकोपा गांव शादी समारोह में गया था। तथा शादी समारोह से लौटने के बाद अहले सुबह पांच बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जिसके बाद परिजन एवं स्थानीय ग्रामीणों ने फांसी के फंदे से मृतक व्यक्ति को उतारा। इधर मामले की जानकारी मिलते ही किस्को थाना पुलिस अधिकारी दलबल के साथ मृतक व्यक्ति के घर पहुंच कर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है।

### स्टेटिक सर्विलांस टीम ने चलाया वाहन जांच अभियान

**सेन्हा (लोहरदगा)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा में निर्मित अस्थायी चेक पोस्ट के समीप चुनाव आयोग के निदेशानुसार उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण तथा पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा के निर्देश पर शांतिपूर्वक भयमुक्त चुनाव कराने के उद्देश्य से स्टेटिक सर्विलांस टीम द्वारा दण्डाधिकारी अनिल उरांव की मौजूदगी में वाहन जांच अभियान चलाया गया। आगामी लोकसभा आम चुनाव का बिगुल बजते ही आर्दश अचार संहिता लागू होने पर लगातार वाहनों का जांच किया जा रहा है इस क्रम में रविवार को जांच के दौरान एसआई मनीष कुमार महतो के द्वारा पुलिस बल के सहयोग से सघन वाहन जांच किया गया। वाहन जांच के दौरान राजनीति पार्टी का पोस्टर, बैनर, झंडा, अवैध हथियार के अलावे गंजा,ब्राउन शुगर, चरस, शराब जैसे अन्य नशीला पदार्थ एवं पैसे का जांच किया जा रहा है। साथ ही वाहन जांच के दौरान वाहन में रखे बैग थैला डिक्की सहित अन्य चीजों का भी बारीकी से जांच करते हुए तलाशी लिया जा रहा है। वही चेक पोस्ट में तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा सन्देहास्पद व्यक्ति या बाहर से तथा दूसरे जिले से आने जाने वाले लोगों पर पैनी निगाहें रखी जा रही है, जिसे अपराधिक गति विधि पर अंकुश लगा रहे। और शांतिपूर्वक भयमुक्त चुनाव सम्पन्न हो सके। मौके पर दण्डाधिकारी अनिल उरांव तथा एस आई मनीष कुमार महतो दल बल के साथ मौजूद थे।

## जनता का मोदी सरकार पर पूर्ण विश्वास, फिर खिलेगा कमल : मनोज सिंह

**कुड़ू (लोहरदगा)।** भाजपा कुड़ू मंडल की संगठनात्मक बैठक रविवार को सरस्वती विद्या मंदिर बरहानिया में हुई। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद ने की। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश महामंत्री सह लोहरदगा लोकसभा प्रभारी मनोज सिंह के अलावा जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद उपस्थित हुए। मौके पर लोहरदगा



लोकसभा प्रभारी मनोज सिंह ने कहा कि आज 90 प्रतिशत भारतीय केन्द्र सरकार की योजना व कार्यप्रणाली का लाभ लिया है। कांग्रेस की सरकार ने कश्मीर को भारत से अलग थलग कर दिया था लेकिन केन्द्र की मोदी सरकार के द्वारा संवैधानिक तरीके से धारा 370 हटाकर भारत में संपूर्ण तरीके से विलय कर दिया गया। अब समय आ गया है कि हम उनके द्वारा किए गए कार्यों के बदले वोट दें। मौके पर धीरज प्रसाद, राजेश प्रसाद, राजू कुमार रजक, बिनोद राम, विकास शाहदेव, विश्वजीत भारती, पंकज भारती, प्रकाश सिंह, रामखेलावन राम, अविनाश सिंह, मुनेश्वर कुमार, सुभाष यादव, सरजू साहू, नवीन कुमार चुन्नू, शंकर महतो, मंजू देवी, रेणु देवी, शंभू सिन्हा, रामसागर भंडारी, पीतांबर साहु, सुनील यादव, राम अवतार साहु, अमोद पाठक, विनय कुमार, हरिगोविंद ठाकुर, सीताराम गिरी, सुरेन्द्र महतो, बालकिशुन यादव मौजूद थे।

समीर उरांव के समर्थन में बाबूलाल मरांडी की जनसभा, बोले

# झारखंड की सभी 14 सीटों पर होगी भाजपा की जीत

- गांडेय विधानसभा उप चुनाव में भी खिलेगा कमल
- पीएम मोदी भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर कर रहे काम

प्रातः आवाज

**भंडरा (लोहरदगा)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को भंडरा स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर के समीप में लोहरदगा लोक सभा चुनाव में भाजपा प्रत्यासी समीर उरांव के समर्थन में जनसभा की। जनसभा को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के विकास व भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए काम कर रहे हैं। मोदी ने सभी वर्गों के लिए काम किया है। किसी भी वर्ग को नहीं छोड़ा। सबके विकास के लिए काम किया। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं, सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास। यह सिर्फ नारा नहीं है। उन्होंने ऐसा करके दिखाया है। बाबूलाल





जनसभा को संबोधित करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी। मंचासीन नेता।

मरांडी ने आगे कहा कि झारखंड की सभी 14 सीटों पर भाजपा जीतेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो 400 सीट का लक्ष्य दिया है उसे पूरा किया जायेगा। वहीं सुदर्शन भगत ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि समीर उरांव को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है समीर उरांव रिकॉर्ड मतों से जीतकर सांसद बनेंगे और यहां की आवाज को दिल्ली में उठायेंगे। वही भाजपा के अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव ने दावा किया विपक्ष की जमानत इस बार जब्त हो जाएगी। उन्होंने राज्य में जांच एजेंसी द्वारा हो रही कार्रवाई पर कहा कि यहां की संसाधनों को जिन जिन लोगों ने लूटा है उन्हीं पर ये एक्शन लिया गया है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पीएम मोदी भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को कठपुतली बना कर रखा है। झामुमो, कांग्रेस, राजद अपने वंश को बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। जबकि भाजपा देश के विकास के लिए काम कर रही है। उनका दावा है कि भाजपा झारखंड की सभी 14 सीटों के अलावा गांडेय विधानसभा का उप चुनाव भी जीतेगी। जनसभा में पूर्व मंत्री सधनु भगत, कमलेश उरांव, मनीर उरांव, प्रवीण सिंह, रमेश उरांव ने भी संबोधित करते हुए भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से विजय बनाने की अपील की। इस मौके पर सुनीता सिंह, सन्नी टोप्पो, ईश्वरी मोहन शर्मा, विवेक सोनी, बालकृष्णा सिंह, देवेंद्र साहू, आकाश यादव, सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## समाचार सार

### सामान्य प्रेक्षक ने किया मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण



**लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 हेतु प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक केडी कुंजन द्वारा रविवार को मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण किया गया। सामान्य प्रेक्षक द्वारा जिन मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया उन मतदान केंद्रों में राजकीयकृत बालिका मध्य विद्यालय, टाकू (मतदान केंद्र संख्या-139), राजकीयकृत बुनियादी स्कूल हिरही का पूर्वी भाग, (मतदान केंद्र संख्या-207) एवं पश्चिमी भाग (मतदान केंद्र संख्या-208) शामिल हैं। दोनों विद्यालयों में सामान्य प्रेक्षक द्वारा मतदाता सूची की स्थिति मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### मेरले में निकाली गई सरहुल की शोभायात्रा



**किस्को (प्रातः आवाज)।** किस्को प्रखण्ड क्षेत्र के मेरले सरहुल शोभायात्रा में लोगो का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सरहुल सोभायात्रा मेरले विद्यालय मैदान में एकजुट होकर आदिवासी एकता का परिचय दिया गया। शोभायात्रा में बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। बच्चे द्वारा सोभायात्रा में अलग ही उत्साह के साथ समाज को जागरूक किया। बच्चे हाथों में तख्ती लेकर अपनी पहचान बचाने, पहचान बचाने को लेकर पुरखो के रिवाजों को अपनाने, समाज के लोगों को मजबूत करने, शिक्षित करने, भटके हुए लोगों को अपना रीति-रिवाजों के ओर लौटने, अपनी भाषा संस्कृति को बचाने एवं समाज को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार के स्लोगन लिखकर बच्चों द्वारा समाज को जागरूक किया गया। समाज की इस पहल की क्षेत्र में काफी सराहना की जा रही है। मौके पर आदिवासी समाज के लोगों ने कहा सरहुल मनाने का मुख्य उद्देश्य आदिवासी संस्कृति को बचाना है। इस सरहुल की शोभायात्रा में बड़ी संख्या में चित्र के ग्रामीण मौजूद थे।

### पोस्टल बैलेट मतदान को ले कर्मियों को मिला प्रशिक्षण



**लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत होने वाले पोस्टल बैलेट मतदान के लिए रविवार को मतदान कर्मियों को झारनेट सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जिला में पोस्टल बैलेट के माध्यम से होने वाले मतदान की तिथि, मतदान की प्रक्रिया, आवश्यक दायित्व आदि की जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में सुषमा नीलम सोरेंग, वरीय पदाधिकारी पोस्टल बैलेट कोषांग, भूमि सुधार उप समाहर्ता सुजाता कुजूर समेत अन्य उपस्थित थे।

### सुखदेव भगत की जीत को ले कांग्रेसजनों ने की बैठक



**लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित लोहरदगा लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत की जीत सुनिश्चित करने हेतु कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार बैठक हुआ संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को कैरो प्रखंड अध्यक्ष एवं प्रभारी द्वारा पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में राहुल गांधी के पांच गारंटी को जन जन तक पहुंचाने पर नीति बनाते हुए कार्यकर्ताओं से पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ईमानदारी के साथ कार्य करने की बात कही गई इस मौके पर प्रखंड के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### तपती गर्मी से बदली लोगों की दिनचर्या

**लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** जिले में बढ़ती गर्मी तथा गर्म हवाओं के साथ लू के थपेड़े से आम लोगों का दिनचर्या पूरी तरह बदल गई है। सुबह नौ बजे के बाद से ही सूरज की किरणें लोगों को परेशान कर रही है और दोपहर के समय तो सड़को पर अघोषित कर्फ्यू जैसा दृश्य उत्पन्न हो जाता है। इक्के दुक्के जरूरतमंद लोग ही सड़कें पर नजर आते है। वहीं अधिकांश लोग अपने घरों में दुख के रहने को विवस है। बढ़ती गर्मी के साथ साथ बाजारों में शीतल पेय की बिक्री बढ़ी है। विभिन्न कंपनियों के उत्पादित शीतल पेय पदार्थ, कुल्फि व आइसक्रीम की बिक्री में इजाफा हुआ है। वहीं खीरा, ककड़ी, तरबूज की भी जमकर खरीदारी की जा रही है। जगह जगह स्टॉल लगाकर सत्तु, आम की शरबत बेची जा रही है। शहर के उपनगरीय क्षेत्र व ग्रामीण इलाकों क्षेत्र व ग्रामीण इलाकों में हड़िया की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। गरमी को लेकर देशी फ्रिज की बिक्री शहर तथा ग्रामीण हाट बाजारों में की जा सकती है। मिट्टी से निर्मित सुराही व घड़ों की खरीददारी करते ग्राहकों को देखा जा सकता है। वर्तमान समय में लोहरदगा में पारा 40 डिग्री के आसपास हो गया है। जिले के उम्र दराज लोगों का कहना है कि अंधाधुंध वृक्षों के काटे जाने के कारण ही पर्यावरण असंतुलित होने से गर्मी में बढ़ोतरी हो रही है। इधर गर्मी का सबसे ज्यादा खामियाजा रोज कमाने-खाने वाले मजदूरों को उठाना पड़ रहा है।

# वोटरों को प्रभावित करता पैसा और नशा



संजीव ठाकुर

भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पहले आम चुनाव से लेकर अध्यतन चुनाव में पैसे तथा नशे की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रही है। वैश्विक स्तर पर भी भी इस महत्वपूर्ण कारक का प्रभाव रहा है। आम चुनाव में लोकसभा,विधानसभा के चुनाव से लेकर स्थानीय चुनाव तक सक्षम चुनाव के उम्मीदवार पैसे और नशे की खेप से मतदाता के बड़े गरीब तपके के मतदाताओं को प्रभावित करते आए हैं। मतदान के ठीक 1 दिन पहले रात्रि में मजदूरों की झुग्गी झोपड़ीयों में बकरा तथा शराब की पार्टियों तथा रूपयों के साथ अन्य आवश्यक सामग्रियों के वितरण द्वारा मतदाता को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। शराब तथा पैसों की लगातार आपूर्ति और वितरण मतदाताओं को प्रभावित करने का मापदंड बनता चला आया है। शराब एवं अन्य नशा देश के नौजवानों को मानसिक शारीरिक और आर्थिक रूप से कमजोर करता रहा है तथा चुनाव के समय इस पर प्रभावी नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है इस पर एक राष्ट्रीय कानून तथा संविधान बनाने की बड़ी और प्रभावी आवश्यकता है। आईए एक विश्लेषण में देखते हैं कि नशा किस तरह देश के आर्थिक तथा मानसिक विकास को क्षति पहुंचाता आया है।

देश मे हर तरह के एक सूखे और अन्य नशे से न सिर्फ शारीरिक, मानसिक, सामाजिक संरचना कमजोर होती है, बल्कि परिवार, समाज और देश के आर्थिक तंत्र पर बड़ी चोट लगती है। वैश्विक स्तर पर यह माना जाता है कि विश्व का हर चौथा युवा नशे की गिरफ्त में है और उसकी सांसे नशे के नियंत्रण में ही हैं। भारत युवा शक्ति का देश है और भारत को नशे की गिरफ्त से बचाकर एक ऊर्जावान युवा शक्ति का बड़ा केंद्र बनाना ही हमारी सार्थकता होगी। विश्वव्यापी नशे की व्यापकता को देखते हुए संयुक्त राष्ट संघ की महासभा ने 7 दिसंबर 1987 को एक प्रस्ताव पारित कर हर वर्ष 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा व मादक पदार्थ निषेध दिवस मनाने का निर्णय लिया था। ये एक तरफ लोगों को नशे के प्रति चेतना फैलाता है ।वहीं दूसरी तरफ नशे की गिरफ्त में आए लोगों के उपचार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी उठाता है।

मादक पदार्थों की नशे की लत आज के युवाओं में तेजी से फैल रही है। कई बार फैशन की खातिर दोस्तों के कहने पर लिए गए यह मादक पदार्थ अक्सर युवाओं के लिए जानलेवा साबित होते हैं। युवा तो युवा बच्चे भी फेविकोल,तरल इरेज़र, पेट्रोल की गंध और स्वाद के प्रति आकर्षित होते हैं, और कई बार कम उम्र के बच्चे आयोडेक्स, वोलीनी जैसी दवाओं को सूघकर नशे का आनंद लेते हैं। कुछ मामलों में आयोडेक्स को ब्रेड में लगाकर खाने का नशा भी बच्चों में देखा गया है। और मजाक मजाक में जिज्ञासा बस कोरेक्स, कोडन, अल्प्राजोलम, कैनेबिस जैसी दवाओं को पीकर नशे में झूमते हैं। यह नशीली दवाएं कब बच्चों को तथा गरीब युवाओं को अपने घेरे में ले लेती है पता ही नहीं चलता।

तंबाकू, सिगरेट, गांजा, कोकीन, चरस, स्मैक, भांग जैसी नशीली वस्तुओं का आज युवा वर्ग लगातार सेवन कर अपनी जिंदगी से खेलने में लगा हुआ है। पहले इन लोगों को मादक पदार्थों की मुफ्त में लग लगाकर सबको इसका आदी बनाया जाता है,और फिर ऐसी नशे की लत में युवा तथा बच्चे चोरी, डकैती,पॉकेट मारी, घर के पैसे, रुपए, जेवरात चुराने की हरकतें करने लगते हैं, जो न सिर्फ कानूनी अपराध है बल्कि समाज की बहुत बड़ी विसंगति भी है। कई बार बच्चे घर के ही बड़े सदस्यों को देखकर यह नशा करने लगते हैं कि जब बड़े कर रहे हैं तो उन्हें भी यह करने में कोई बुराई नजर नहीं आती है और फिर इनके द्वारा शुरू होता है असामाजिक कार्यों का सिलसिला धीरे-धीरे युवा नशे की लत में अपराध जगत की ओर बढ़ने लगता है।

चिकित्सकीय आधार पर देखा जाए तो हीरोइन चरस कोकीन गांजा जैसे मादक पदार्थों के नशे की गिरफ्त में आकर अपना मानसिक संतुलन खो देते हैं, एवं पागल तथा सुसुप्ता अवस्था में चले जाते हैं, नशे की लत शरीर को सुस्त कर म्रत्यु की ओर ले जाती है। और नशे की लत में मानसिक संतुलन खोकर व्यक्ति बड़े-बड़े अपराध तक कर बैठता है।, नशे की लत का मामला न सिर्फ स्वास्थ्य से जुड़ा होकर बल्कि अपराध जगत से भी जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि जीवन अनमोल है और इस अनमोल जीवन को नशे की लत में नष्ट कर समय से पहले ही मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। संयुक्त राष्ट संघ अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाने के साथ-साथ मादक पदार्थों से मुकाबले के लिए विभिन्न देशों द्वारा उठाए गए कदमों तथा इसके मार्ग में उत्पन्न चुनौतियों तथा निवारण का सही सही उपचार भी बताता है। वैसे इतने घातक तथा खतरनाक नशे की लत को केवल 26 जून को नशा निरोधक दिवस बना कर इतिश्री नहीं कर लेना चाहिए, बल्कि इसके विरुद्ध हर देश को एक व्यापक जन अभियान भी चलाना चाहिए। 26 जून का दिन मादक पदार्थों से मुकाबले का प्रतीक बन गया है।और इस दिवस पर मादक पदार्थों के उत्पादन तस्करी तथा सेवन के दुष्परिणामों से बचने के उपायों के बारे में विस्तृत चर्चा भी की जानी चाहिए। भारत दक्षिण एशियाई देशों के मध्य हीरोइन का बड़ा उपभोक्ता देश बनते जा रहा है। भारत के कई भूभाग पर अफीम की खेती भी की जाती है। पारंपरिक तौर पर किस के बीच पोस्तों से सब्जी बनाकर खाई जाती थी, किंतु कालांतर में इसका उपयोग एक मादक पदार्थ के रूप में आरंभ हुआ जिसने एक बहुत बड़ा खतरनाक रूप ले लिया। एक सर्वेक्षण के अनुसार भारत में 12 से 60 साल की उम्र के लोगों में नशे की लत लगभग 1.6 प्रतिशत देखी गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में जिस अफीम की हीरोइन में तब्दील नहीं किया जाता उसका दो तिहाई हिस्सा 5 बड़े देशों में इस्तेमाल होता है इसमे ईरान 42 प्रतिशत, अफगानिस्तान पाकिस्तान 7 प्रतिशत, भारत खुद 6 प्रतिशत तथा रूस में इसका 5 प्रतिशत उपयोग होता है।

**साक्षात्कार भाग : एक**

# सत्ता की राजनीति और वैचारिक प्रतिबद्धता, इन दोनों की धरातल हैं अलग-अलग : रतन वर्मा

विजय केसरी

प्रख्यात कथाकार, कवि, समीक्षक, नाटककार व देश के चुनिंदा साहित्यकारों में से एक रतन वर्मा की लम्बी साहित्यिक यात्रा पिछले पांच दशकों से निरंतर आगे बढ़ती चली जा रही है। इस यात्रा में अब तक डेढ़ सौ से अधिक कहानियां, छह उपन्यास, कई नाटक, कविताएं, समीक्षाएं उनकी आ चुकी हैं। उनकी दृष्टि की परिधि बड़ी व्यापक है। वे समाज के बदलते परिदृश्य, एक - दूसरे को मात देने की दौड़, परिवार के बनते बिगड़ते रिश्ते, वोट की राजनीति और सत्ता की स्वार्थ युक्त राजनीति पर चुप नहीं बैठते हैं, बल्कि अपनी कहानियों और उपन्यासों के माध्यम से समाज में एक नवजागरण पैदा करना चाहते हैं। साथ ही उनकी कृतियां लोगों को संघर्ष के लिए प्रेरित भी करती हैं। उनकी पांच दशकों की साहित्यिक यात्रा, लेखकीय जीवन के उतार-चढ़ाव और कृतियों से लेकर सामाजिक, राजनीतिक, साहित्यिक आदि विविध विषयों पर हुई लंबी बातचीत के प्रमुख अंश निम्न है )

विजय : कथा- लेखन की ओर आपकी रुझान कैसे हुई? इस विधा को अपनाने की प्रेरणा आपको किससे मिली ?

रतनः कथा-लेखन की ओर रुझान का एक दिलचस्प किस्सा है। छिटपुट कविताएँ तो मैं स्वान्तः सुखाय लिखा ही करता था । हज़ारीबाग आगमन के बाद जब भारत यायावर से भेंट हुई, तो वे मुझे सम्भावना संगोष्ठी की बैठकों में भी ले जाने लगे। फिर भी मेरे मन में ऐसा कुछ नहीं था कि एक कवि के रूप में मेरी स्वीकार्यता बने। बस, भारत जी से मित्रता का ही निर्वाह था कि गोष्ठियों में जाकर कवि मित्रों की कविताओं का श्रोता बन जाया करता था। कभी-कभार कुछ सुना भी दिया करता था।

लेकिन जब भारत जी चास महाविद्यालय में प्राध्यापक नियुक्त होकर हजारीबाग से चास (बोकारो) चले गये, तब उनसे सम्पर्क का माध्यम पत्राचार बन गया। उन्हें मेरे द्वारा लिखे गये पत्र भाषायी स्तर पर रोचक लगा करते थे, जिससे प्रभावित होकर वे अक्सर मुझे प्रेरित करते रहते कि मैं अगर कथा-लेखन करूँ, तो अच्छा कहानीकार हो सकता हूँ।

उन दिनों मैं अपने कार्य के सिलसिले में अधिकांश शहर से बाहर यात्राओं पर रहा करता था



और यात्रा की ऊब मिटाने के लिये बस में या ट्रेन में पढ़ने के लिये पत्र -पत्रिकाएं साथ रखा करता था । उन्हीं दिनों की एक घटना है। मैं सारिका पत्रिका में पीले गुलाबों वाली लड़की शीर्षक कहानी पढ़ रहा था। उस कहानी को पढ़ते हुए मुझे अपने जीवन की एक घटना याद आती रही, जो मुझे प्रेरित करती रही कि मैं भी कहानी लिख सकता हूँ। वह घटना मेरे मस्तिष्क पर कुछ इस तरह सवार हुई कि घर लौटकर एक ही बैठक में मैंने अपने जीवन की उस घटना को आधार बना कर हालात शीर्षक से एक कहानी रच डाली। और जो भारत यायावर द्वारा संपादित पत्रिका प्रगतिशील समाज के अप्रैल 1984 अंक में प्रकाशित हुई। वह पत्रिका पटना से प्रकाशित होती थी। पाठकों के द्वारा उस कहानी को खूब पसन्द किया गया। फिर तो जीवनानुभवों का दबाव मुझपर इस तरह सवार होता चला गया कि जिसने कहानीकार के तौर पर मुझे पहचान दिलवाकर ही दम लिया।

विजय : आपकी जन्मभूमि दरभंगा ( बिहार ) रही, फिर आपकी कर्मभूमि हजारीबाग कैसे बन गयी ?

रतनः इंसान की पहली समस्या जीवन-यापन की समस्या है। इस समस्या के समाधान के लिये इंसान को जहाँ भी सम्भावना नजर आती है, वह उधर का ही रुख करता है। मेरा भी हजारीबाग आगमन उक्त समस्या के समाधान के निमित्त सम्भावना और अवसर को देखते हुए हुआ। हज़ारीबाग के पूर्व मैं मसूरी-देहरादून, दिल्ली और लखनऊ प्रवास भी कर चुका हूँ। सच तो यह है कि बचपन से आज तक मैं सिर्फ जीवन के खट्टे , मीठे, सर्वाधिक कड़वे और कसैले आदि जैसे अनुभवों को ही समेटता रहा हूँ और आज अगर मैं छोटा - मोटा लेखक भी हूँ, तो मेरे लेखक होने में इन्हीं अनुभवों का योगदान है।

विजय : आप एक अच्छे कथा-लेखक के साथ-साथ अच्छे कवि भी हैं । फेसबुक पर यदा-कदा आपकी कविताएँ भी आती रहती हैं। आपकी अधिकांश कविताएँ सकारात्मकता लिये होती हैं।आपकी कविताओं पर समीक्षाएँ भी छपती रहती हैं और प्रतिक्रियाएं तथा सराहना भी खूब मिलती हैं। आपके कई कथा संग्रह और उपन्यास प्रकाशित हो चुके हैं, पर कविता-संग्रह सिर्फ एक ? ऐसा क्यों ?

रतन : जबसे मैं कथा-लेखन में आया, काव्य-लेखन मुझसे दूर होता चला गया। कभी-कभार किसी खास मनःस्थिति में कोई कविता लिख भी गयी, तो पता नहीं क्यों, उसे मैं गम्भीरता से नहीं लेता। मेरी अधिकांश कविताएँ इधर-उधर बिखरी पड़ी हैं। कभी मन बना, तो किसी कागज़ के टुकड़े पर कविता लिख गयी और उसे जेब में या पर्स में रखकर भूल गया। फिर कभी उसपर नज़र पड़ गयी और लगा कि ठीक-ठाक ही लिख गयी है, तो फेसबुक में डाल दिया। पाठकों ने किस हद तक उस कविता को पसन्द किया, इससे भी उत्साहित या हतोत्साहित नहीं होता हूँ। हाँ, कहानियों या उपन्यास के प्रति मैं पूरी तरह गम्भीर होता हूँ। अपनी प्रत्येक कहानी या उपन्यास में मुझे अपने खुद के मन, जीवन और विचारों की प्रतिछाया दिखती है।

विजयः आपने कथा-लेखन को ही क्यों अपनाया, जबकि आप काव्य-लेखन में भी अच्छी दखल रखते हैं ?

रतनः देखिये विजय जी, जब आपके पास भरपूर उड़ान के लिये मजबूत पंख हों और सामने खुला आकाश भी, तो दिल खोल कर उड़ान भरना आवश्यक हो जाता है। मेरे डैने हैं - अभिव्यक्ति की उड़ान और आकाश, मेरे व्यापक जीवनानुभव, परिवेश, विचार और वे पात्र, जो मुझे खुद को सम्प्रेषित करते रहने के लिये निरन्तर आंदोलित करते रहते हैं। जब मेरे मस्तिष्क पर अमरितवा जैसा एक नौकर सवार होकर मुझे विवश करने लगता है कि मैं उसकी पीड़ा को शब्दावाज दूं, तब वह एक बड़े फ़लक की मांग करता है। ऐसे में उस चरित्र के विस्तार को कविता में समेट पाना कैसे सम्भव हो सकता है ? सच कहूँ, तो मुझे कथा -लेखन एक ऐसा माध्यम महसूस होता है, जिसमें मैं खुलकर अपने पात्र और परिवेश को जी सकता हूँ। मेरी कहानी गुलबिया हो, नेटुआ हो, शेर हो, या कोई भी, आप उनके विस्तार को देखिये और खुद ही निर्णय लीजिये कि क्या इन कहानियों को कविता के माध्यम से अभिव्यक्ति दी जा सकती है ? कई बार तो मेरे साथ ऐसा भी हुआ है कि किसी कथानक के लिये कहानी का फ़लक भी छोटा पड़ जाता है। तब मुझे उस कथानक को सम्पूर्णता में अभिव्यक्ति देने के लिये उपन्यास विधा का सहारा लेना पड़ता है। उदाहरण भी आपके सामने है। मेरी नेटुआ कहानी ने हंस में प्रकाशित होकर अच्छी ख्याति अर्जित की। लेकिन मुझे लगता रहा कि इस कथानक की मांग एक बड़े विस्तार की थी और मैंने उसे एक छोटी सी कहानी में समेट दिया। मन पर नेटुआ का ऐसा दवाब बना कि उसने नेटुआ करम बड़ा दुखदाई शीर्षक से एक वृहत उपन्यास लिखने को विवश कर दिया और अब वह उपन्यास पाठकों के सामने है।

आप समझ गये होंगे कि कविता की ज़गह कथा - लेखन को मैं क्यों अधिक महत्व देता हूँ। फिर भी ऐसा नहीं कि कविताएँ मैं लिखता ही नहीं हूँ। जब कभी भी भावाव्यक्ति के लिये मनःस्थिति काव्यमय बनती है, कविता का जन्म हो ही जाता है। (जारी)

**9 अप्रैल अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस पर विशेष**

# शरीर का संगीत से समन्वय बनाने का स्वाभाविक प्रक्रिया है नृत्य



अशोक प्रवृद्ध

गीत, संगीत, नृत्य से मानव मन का आदिकाल से ही संबंध रहा है। वैदिक मंत्रों के सस्वर गायन से उद्भूत संगीत से मानव मन स्वतः ही नृत्यमय होता रहा है। मानवीय अभिव्यक्तियों का रसमय प्रदर्शन नृत्य एक सार्वभौम कला है, जिसका जन्म आदिकाल में मानव सृष्टि के साथ ही हुआ है। शिशु जन्म लेते ही रोकर अपने हाथ -पैर मारकर अपनी भावाभिव्यक्ति करता है कि वह भूखा है। ऐसे ही आंगिक क्रियाओं से नृत्य की उत्पत्ति हुई है। हाथ, पैर, मुख व शरीर संचालन का समन्वय ही तो नृत्य होता है। शरीर का संगीत से संबंध जोड़ने अर्थात समन्वय बनाने की एक स्वाभाविक प्रक्रिया नृत्य है। नृत्य से तन उन्मुक्त हो जाता है। नृत्य करने के लिए शरीर का एक-एक अंग सक्रिय होता है। इसमें ऊर्जा का भारी मात्रा में व्यय होता है। यह शरीर के सभी अस्थिपंजर को चलायमान अर्थात चुस्त-दुरुस्त रखने में सहायक भी है। नृत्य भाव केंद्रित होने के कारण मन भटकने से बचता है। और कुछ देर नाचते रहने से धीरे-धीरे मन भी नृत्य करने लगता है। अंत में नृत्य करने वाला नृत्य में ही मग्न हो जाता है, डूब जाता है। तन और मन संगीत के लय पर एकसाथ झूमने से अलौकिक आनंद की प्राप्ति होती है। आत्मा का परमात्मा से मिलन इसी विंदु पर संभव है। यह एक यौगिक क्रिया भी है। इसे योग साधना भी कहा जाता है। यह स्वस्थ शरीर के साथ मन-मस्तिष्क को भी स्वस्थ रखता है। वैदिक, पौराणिक ग्रंथों तथा सामाजिक व ऐतिहासिक कथाओं में भी नृत्य का महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। इसकी व्यापकता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि प्राचीन वैदिक धर्म व पौराणिक ग्रंथों में ईश्वर को भी नृत्य करते हुए चित्रित किया जाता रहा है। यह आदिकाल से भक्ति व मनोरंजन का एक प्रमुख स्त्रोत रहा है।यही कारण है कि संसार की सभी सभ्यता की संस्कृतियों में नृत्य की अपनी विशिष्ट परम्पराएं आज भी कायम हैं। कहा जाता है कि भारत में कोस-कोस पर पानी और वाणी बदलने की भांति ही कोस -कोस पर नृत्य शैलियां भी विविध हैं। इसके द्वारा वहां के स्थानीय लोगों की भावनाएं, जीवनशैली, पारिवारिक संरचना आदि विभिन्न पक्षों व दृष्टिकोण को देखा-परखा जा सकता है। इसकी महता आदि सृष्टिकाल से आज तकअनवरत कायम है। इसीलिए प्रतिवर्ष 29 अप्रैल को विश्व नृत्य दिवस का आयोजन किया जाता है, और इसकी महता, आवश्यकता और प्रासंगिकता के बारे में लोगों को जागरुक किया जाता है।

नृत्य का इतिहासमानव इतिहास के समान ही प्राचीन है। संसार के प्राचीनतम ग्रंथ वेदों में इसका उल्लेख होने से यह स्पष्ट है कि यह आदिकाल से ही भारत में प्रचलित है। ऋग्वेद के अनेक मंत्रों में भी नृत्य शब्द का उल्लेख हुआ है। जिससे स्पष्ट होता है कि तत्कालीन समाज में नृत्यकला का प्रचार-प्रसार सर्वत्र था। नृत्य के साथ प्रयोग होने वाले वाद्यों का नाम भी वेद में आया है। नृत्य के साथ वीणा वादक और मृदंगवादक और वंशीवादक को संगत करनी चाहिए और ताल बजाने वाले को बैठना चाहिए। यजुर्वेद, सामवेदव अथर्ववेद में भी नृत्य संबंधी वृहद वर्णन प्राप्य हैं। यजुर्वेद के अनुसार प्राचीनकाल में नृत्य करने वाले को सूत कहा जाता था, और गाने वाले को शैलूष कहते थे। इन लोगों का एक पृथक समुदाय स्थापित हो चुका था। ये लोग गा-बजाकर और नृत्य कर अपनी आजीविका चलाते थे। समाज में नृत्य-गान की शिक्षा का कार्य भी यही सूत व शैलूष ही किया करते थे। प्राचीनकाल में सभी वर्गों के लिए नृत्य का महत्वपूर्ण स्थान था। सामवेद की रचना ऋग्वेद के पाठ्य अंशों को गाने के लिए की गई। इसलिए यह वेद गान क्रिया से संबंधित है। और इसमें नृत्य संबंधी बहुत अधिक जानकारी नहीं मिलती है। लेकिन यह भी सत्य है कि नाट्य के चतुर्थ अंग गति को नाट्य वेद के निर्माता परम पिता ब्रह्मा ने सामवेद से ही ग्रहण किया है।अथर्ववेदमेंनृत्य को महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। इसमें नृत्य संबंधी वर्णनों की प्रचुरता है। और इसमें नृत्यकला का उत्कृष्ट रूप भी दृष्टिगोचर होता है। अथर्ववेद के मंत्रों में गायन-वादन का एक साथ उल्लेख है। वेद में नृत्य संबंधी प्राप्य विवरणियों के समीचीन अध्ययन से इस सत्य का सत्यापन होता है कि नृत्य को उस युग में व्यायाम के रूप में माना गया था। शरीर को अरोग्य रखने के लिए नृत्यकला का प्रयोग किया जाता था। यह केवल नृत्तही था जिसका प्रयोग समाज में केवल आनंद के अवसरों पर किया जाता था। तांडव और लास्य के बीज वैदिक काल में पड़ चुके थे। अर्थात वैदिक काल में नाट्य, नृत, नृत्य तथा तांडव- लास्य का बीजारोपण हो चुका था।नृत्य को भारत में दिव्य उत्पत्ति से जोड़कर देखा जाता है। पौराणिक आख्यानों के अनुसार एक बार देवराज इंद्र ने ब्रह्मा से देवताओं के योग्य मनोरंजन की रचना करने की प्रार्थना की, जिससे जन साधारण की पहुंच भी वैदिक प्रज्ञा तक हो सके। ब्रह्मा ने चारों वेदों से प्रमुख विशेषताओं को चुनकर पांचवें वेद नृत्यकला का विकास किया। ऋ ग्वेद से गीति काव्य,यजुर्वेद से भाव मुद्रा, सामवेद से संगीत तथा अथर्ववेद से भावनात्मक एवं सौंदर्यात्मक अंग लेकर नाट्य वेद की रचना की गई। इसके बाद ब्रह्मा ने भरत मुनि को विज्ञान और कला में दक्ष बनाकर नृत्य को लोकप्रिय बनाने का कार्य सौंपा। नृत्य ईश्वर की ओर से मनुष्य को एक अनमोल, अनुपम उपहार है। इसके माध्यम से ईश्वर के विराटस्वरूप का भी दर्शन किया जा सकता है। नटराज नृत्य को ईश्वरीय परंपरा के रूप में देखा जाता है। पौराणिक ग्रंथों में शिव के नृत्य का विशद वर्णन प्राप्य हैं। तांडव नृत्य के द्वारा क्रोध का प्रदर्शन होता है। इसे सर्वनाश के रूप में जरूर प्रस्तुत किया जाता है, परंतु यह विनाश के बाद ही सृजन की प्रक्रिया प्रारंभ होने का द्योतक है। यह शरीर, मन, विचार, भाषा, संगीत एवं जीवनमूल्यों को एकसाथ पिरोकर वृहद् रूप में प्रस्तुत करने वाली कला है। यहां करुणा की उपस्थिति व दुःख का प्रदर्शन के साथ ही उल्लास और मदमस्त कर देने वाली धड़कनों को प्रेम में परिवर्तित कर देने की शक्ति भी हैं। स्वर्गलोक तक इससे न बच सका और तमाम अप्सराएं नर्तकी के रूप में भी अपनी पहचान बनाती रही हैं। यह कला देवी-देवताओं, दैत्य दानवों, मनुष्यों एवं पशु-पक्षियों को अति प्रिय है। पौराणिक ग्रंथों में यह दुष्ट नाशक एवं ईश्वर प्राप्ति का साधन मानी गई है। अमृत मंथन के पश्चात राक्षसों को अमरत्व प्राप्त होने का संकट उत्पन्न होने पर भगवान विष्णु ने मोहिनी का रूप धारण कर अपने लास्य नृत्य के द्वारा ही तीनों लोकों को राक्षसों से मुक्ति दिलाई थी। भगवान शंकर ने कुटिल बुद्धि दैत्य भस्मासुर की तपस्या से प्रसन्न होकर उसे वरदान दिया कि वह जिसके ऊपर हाथ रखेगा वह भस्म हो जाए, तब उस दुष्ट राक्षस ने स्वयं भगवान शंकर को ही भस्म करने के लिये कटिबद्ध हो उनका पीछा किया। एक बार फिर तीनों लोकों के संकट में पड़ जाने पर भगवान विष्णु ने मोहिनी का रूप धारण कर अपने मोहक सौंदर्यपूर्ण नृत्य से उसे अपनी ओर आकृष्ट कर उसका वध किया। भारतीय संस्कृति एवं धर्म आरंभ से ही मुख्यतः नृत्यकला से जुड़े रहे हैं। देवेन्द्र इंद्र का अच्छा नर्तक होना तथा स्वर्ग में अप्सराओं के अनवरत नृत्य की कथाएं, विश्वामित्र-मेनका की कथा आदि भारतीयों के प्राचीन काल से नृत्य से जुड़ाव की पुष्टि ही करता है। पत्थर के समान कठोर व दृढ़ प्रतिज्ञ मानव हृदय को भी मोम सदृश पिघलाने की शक्ति इस कला में है। जिसके कारण यह मनोरंजक के साथ ही धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष का साधन भी है। स्व परमानंद प्राप्ति का साधन भी है। यही कारण है कि यह कलाधारा श्रुतियों से, पौराणिक ग्रंथों से होती हुई वर्तमान काल तक अपने शास्त्रीय स्वरूप में धरोहर के रूप में अनवरत प्रवाहित होती रही है। इस कला को हिन्दू देवी-देवताओं का प्रिय माना गया है। भगवान शंकर नटराज कहलाते हैं। उनका पंचकृत्य से संबंधित नृत्य सृष्टि की उत्पत्ति-स्थिति एवं संहार का प्रतीक भी है। भगवान विष्णु के अवतारों में सर्वश्रेष्ठ एवं परिपूर्ण षोडश कलयुक्त श्रीकृष्ण नृत्यावतार माने जाते हैं। इसीलिए वे नटवर कृष्ण कहे जाते हैं। श्रीमद्भागवत पुराण, शिव पुराण तथा कूर्म पुराण आदि पौराणिक ग्रंथों में भी नृत्य संबंधी वर्णन अंकित प्राप्य है। नृत्य का प्राचीनतम ग्रंथ भरत मुनि का नाट्यशास्त्र है। यह महा ग्रंथ न केवल नाट्य कला अपितु नृत्य, संगीत, अलंकार शास्त्र, छंद शास्त्र आदि अनेक विषयों का प्राचीनतम ग्रंथ है। इसलिए इसे पंचमवेद कह कर सम्मानित किया गया है।

# आज का राशिफल




**मेष**

मेष : कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी।

**वृषभ**

वृष : विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**मिथुन**

मिथुन : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**कर्क**

कर्क : अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**सिंह**

सिंह : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**कन्या**

कन्या : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**तुला**

तुला : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**वृश्चिक**

वृश्चिक : शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**धनु**

धनु : कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्यों में समय और धन व्यय होगा

**मकर**

मकर : यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कुंभ**

कुंभ : शनै- शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**मीन**

मीन : मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### टाटीझरिया के प्रवासी मजदूर की जम्मू-कश्मीर में करंट लगने से मौत, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल



**टाटीझरिया (प्रातः आवाज)।** प्रखंड क्षेत्र के डुमर पंचायत अंतर्गत बेड़म गांव निवासी प्रवासी मजदूर नारायण गंझू (48 वर्ष) की मौत जम्मू -कश्मीर में करंट लगने से हो गई है। जिसका शव रविवार को गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही उसकी पत्नी, बच्चे और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। उसके 4 बेटों में अजय गंझू (28 वर्ष) की शादी हुई है, शेष तीन अविवाहित हैं। जिनमें कुलदीप गंझू (22 वर्ष), विक्की गंझू (20 वर्ष) और रवि गंझू (18 वर्ष) है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नारायण गंझू टावर में फीटर का काम करते थे। जो जीविकोपार्जन के लिए जम्मू कश्मीर के सांभा में एक निजी बिजली कंपनी में कार्यरत थे। जहां काम के दौरान घटना घटी और उसकी मौत हो गई। घटना के दिन वह उत्तर प्रदेश के साथी मजदूर के साथ 11 हजार वोल्ट तार को ठीक करने के लिए कनेक्सन कटाने के बाद पोल पर चढ़े थे। अचानक तार में करंट प्रवाहित होने लगा और दोनों मजदूर झुलसकर नीचे गिर गए। आनन-फानन में इन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां इनकी मौत हो गई। शव आने के बाद रविवार को बेडम में अंतिम संस्कार किया गया।

### लापता टेंट मालिक 5 दिनों के बाद हजारीबाग बस स्टैंड के पास मिला

**बड़कागांव (प्रातः आवाज)।** प्रखंड के ग्राम हरली निवासी टेंट मालिक बसंत कुमार रविवार शाम हजारीबाग बस स्टैंड में मिला।



फिलहाल अभी वह कुछ बोल पाने में असमर्थ है। उक्त बातें हरली पंचायत के पूर्व मुखिया महेंद्र महतो ने कहा कि बसंत महतो अपना गांव आने के लिए हजारीबाग बस स्टैंड में बस पकड़ने के लिए पहुंचा था कि उसे पहचान लिया गया। उससे पूछताछ करने पर सिर्फ इतना ही बोल पा रहा है कि मैं तो कहीं नहीं गया हूं। पूर्व मुखिया ने आगे कहा कि अभी आगे कुछ भी बताने से बसंत असमर्थ है। उसे हजारीबाग में ही अपने चचेरा भाई के डेरा में ले जाया गया है। ज्ञात हो कि बसंत महतो की धर्मपत्नी रीता देवी 24 अप्रैल को लापता होने का सन्हा बड़कागांव थाना में दर्ज कराई थी, तब से पुलिस सक्रिय होकर कई बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही थी। साथ ही साथ ग्रामीण भी काफी खोजबीन कर रहे थे। उनके लापता होने पर कई तरह की अफवाहें एवं अटकलें लगाई जा रही थी।

### मधुमक्खियों के हमले से दर्जनों राहगीर घायल

**टाटीझरिया (प्रातः आवाज)।** प्रखंड के बन्हें से कोल्हू जाने वाली सड़क पर लोहडबारा बरगद पेड़ पर मधुमक्खियों ने छत्ता लगाया है। जहां मधुमक्खी राहगीरों को घायल कर रहे हैं। रविवार को उनके हमले से घायल हुए लोगों में मंझलु मांझी, फेनीलाल मांझी, विक्की गिरी, नरेश मंडल, मुकेश कुमार और बेडम गांव के कई लोग शामिल हैं। कई लोग तो अपनी बाइक छोड़ कर भागने को मजबूर हो गए।

### झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक संपन्न, मतदान में भाग लेने का किया गया आह्वान



**बरकट्ठा (प्रातः आवाज)।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा हजारीबाग जिला के तत्वावधान में रविवार को प्रखंड के पंचफेड़ी चौक पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्तमान राजनीतिक संदर्भ में चर्चा की गई साथ ही लोकसभा के मतदान में सभी झारखंड आंदोलनकारियों से भाग लेने का आह्वान किया गया। बैठक की अध्यक्षता संयोजक श्याम सुंदर साव ने की। मौके पर मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि जाति धर्म पार्टी की भावनाओं से ऊपर उठकर काम करने वाले व्यक्ति का चुनाव करें। काम करने वाला ही आपकी आवाज बनेगा और आपकी समस्याओं का समाधान भी करेगा। हमारे बुजुर्ग कह गए हैं चाम नूनू वाले को नहीं काम नुनु वाले का चुनाव अपने क्षेत्र एवं अपने भविष्य को बेहतर बना सके। बरकट्ठा में रोजी-रोजगार एवं पलायन बड़ी समस्या है। इस समस्या का समाधान के लिए हमारे जनप्रतिनिधि व मंत्री कोई ठोस पहल नहीं करते हैं आज आए दिन हमारे लोगों को गुमराह करते रहे हैं। इसलिए काम करने वाले व्यक्ति का चुनाव मुस्तैदी के साथ करें। केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा ने कहा कि रोजी रोजगार एवं नियोजन दिलाने वाले लोगों का ही लोकसभा चुनाव में मतदान करें। मेहनतकश मजदूरों का भविष्य संवारने वालों का ही चुनाव करें। बैठक मैं भोला प्रसाद, ध्रुव नारायण पासवान ,निरंजन पासवान, चिंतामणि पासवान, जोगेश्वर साहू , विष्णु यादव रघु भुइयां, भुनेश्वर रविदास, मोहन चौधरी, लखन मंडल, द्वारिक महतो, उत्तम प्रसाद, गिरधारी महतो समेत आदि लोग उपस्थित थे।

### एसआरएम मॉडल स्कूल सिलवार के पांच विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**मेरू (प्रातः आवाज)।** स्ट्रेमैक्स फाउंडेशन हजारीबाग के सौजन्य के नेतृत्व में 28 अप्रैल 2024 को डॉ. बीआर अंबेडकर ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का पुरस्कार वितरण किया गया।




जिसमें सदर प्रखंड स्थित एसआरएम मॉडल सिलवार के छह विद्यार्थी आफरीन प्रवीन (21), हीना प्रवीन (26), सुहाना प्रवीन (26), मो. सलमान (29), मो. तौफिक (30), अणु कुमारी (30) रैंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। सभी बच्चों को संस्था की तरफ से बैग, मेडल, ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के संचालक अजहर अंसारी ने बताया ऐसे प्रतियोगिता बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने में हम भूमिका निभाते है। विद्यालय के शिक्षक इंतेखाब अली और सुनील कुमार ने बताया कि बच्चों के पढ़ाई के लिए विद्यालय के तरफ से हरसंभव कोशिश किया जा रहा है बच्चों को उनकी योग्यता के अनुसार सभी प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा।

## बरही में पासवान समाज ने धूमधाम से मनाया बाबा चौहरमल की जयंती

# वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल समाज के धरोहर, उनके बताए मार्ग पर चलने की आवश्कता : मुख्य अतिथि







**बरही (प्रातः आवाज)।** गया रोड स्थित रेलवे स्टेशन रोड के निकट पप्पू होटल के पीछे उत्तरी छोटा नागपुर पासवान समाज के लोगों ने बाबा चौहरमल की जयंती सह सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूजा समिति के अध्यक्ष कार्तिक पासवान व संचालन बैजू गहलोत ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान व एसडीपीएस सुरजीत कुमार भी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा चौहरमल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में शामिल हुए प्रमंडल के सभी अतिथियों को स्थानीय कमेटी के लोगों ने पगड़ी व माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं एसडीपीओ सुजीत कुमार को कमेटी के द्वारा बाबा साहेब के द्वारा लिखी गई संविधान की पुस्तक भेंट की गई। मौके पर मुख्य अतिथि केदार पासवान ने कहा कि वीर शिरोमणि चौहरमल पासवान समाज के धरोहर थे, उन्होंने समाज के उत्थान में अच्छी भागीदारी निभाई। आज हम लोग उनके वीर गाथा का वर्णन करते आ रहे हैं, बाबा चौहरमल का जीवन त्याग बलिदान एवं सामाजिक सद्भाव के रूप में जाना जाता है। उन्होंने समाज की रक्षा की, आज उनके बताएं मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। इसके अलावा श्री पासवान ने महिला उत्थान, समाज में फैली कुप्रथा पर चर्चा करते हुए राजनीतिक रूप से मजबूत होने का संदेश लोगों को दिया। सभा की समाप्ति होने के बाद बरही में बाबा चौहरमल की प्रतिमा के साथ, गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो चारों मुख्य मार्गों का भ्रमण किया। मौके पर कुंदन पासवान, प्रकाश पासवान, मिस इंडिया 2019 के परी पासवान, मुकेश पासवान रामस्वरूप पासवान, शेखर पासवान, श्रीराम पासवान, जयप्रकाश पासवान, जिला परिषद सदस्य शांति प्रिया, जिप सदस्य चौपारण आर्थिक कौशल, भानुमति पासवान, सिमरिया प्रभारी राधा देवी, बबलू पासवान, कुंदन पासवान, पूजा समिति अध्यक्ष कार्तिक पासवान, बिरजू लाल पासवान, रेवाली पासवान, डीलर पासवान, संजय पासवान, सुधीर पासवान, उमेश पासवान, राजू पासवान, गोल्डी पासवान, संजय पासवान, महेश पासवान, उमेश पासवान, अजीत पासवान, टिंकू पासवान, भोली पासवान, आशीष पासवान, रिंकू पासवान, पंकज पासवान सहित सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।


## लोकसभा चुनाव : पहली बार वोट देने के लिए उत्साहित हैं युवा, बोले - विकास के मुद्दे पर करेंगे मतदान

### देश का जिम्मेदार नागरिक बनने के बाद युवा मताधिकार का प्रयोग करने के लिए हैं तैयार

राजू यादव





**टाटीझरिया (प्रातः आवाज)।** पहली बार मतदाता बने युवाओं में लोकसभा चुनाव को लेकर काफी उत्साह है। देश का जिम्मेदार नागरिक बनने के बाद युवा मताधिकार का प्रयोग करने के लिए तैयार हैं। सभी शिक्षा, विकास, रोजगार, भ्रष्टाचार के साथ कानून व्यवस्था को मुद्दा मानते हैं और इसी मामले पर मतदान करने की बात कर रहे हैं। टाटीझरिया निवासी ममता कुमारी ने कहा कि वह पहली बार मतदान करेंगी। यह उनके लिए काफी बड़ा पल होगा। उन्होंने बताया कि उन्हें केंद्र की सरकार चुनने का मौका मिल रहा है। उनका वोट विकास के मुद्दे पर होगा। पम्मी कुमारी ने कहा कि पहली बार वोट देना है। उनकी प्राथमिकता है कि जो दल देश के सभी लोगों को एक साथ लेकर चलने का कार्य कर सके उसे मजबूत करने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि वह मतदान के लिए सभी को प्रेरित भी करेंगी। शिक्षा, विकास, रोजगार की बात करने वाली पार्टी के पक्ष में मतदान करेंगी। प्रकाश साव ने कहा कि किसी के बहकावे में न आकर मतदान से लोकतंत्र को मजबूत करने का कार्य करूंगा। उन्होंने कहा कि समर्पित दल और योग्य नेता के पक्ष में मतदान करेंगे। पहली बार मतदान का अवसर मिल रहा है तो बेहतर नेता चुनूंगा। विकास और रोजगार उनका मुद्दा होगा। काजल कुमारी ने कहा कि क्षेत्र का विकास करने में सक्षम नेता को समर्थन देने की आवश्यकता है। हमारी पहली जिम्मेदारी सोच-समझकर मतदान करके देश को सही दिशा देने की है। योग्य नेता चुनने पर ही देश मजबूत होगा। जाति-धर्म की राजनीति से ऊपर उठकर मतदान करेंगे। धरमपुर निवासी काजल कुमारी पति कृष्णा साव का मानना है कि नेता वही अच्छा है जो बेहतर शिक्षा, रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए प्रयास करे। उन्होंने कहा कि मतदान शत प्रतिशत हो सके इसके लिए लोगों को जागरूक करने के लिए प्रयास करना चाहिए। वह विकास के साथ ही शिक्षा और रोजगार को मुद्दा मानती हैं। टाटीझरिया निवासी ओमशिव कुमार यादव ने कहा कि मतदान करना लोकतंत्र में पहला कार्य है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए वह पहली बार मतदान करेगा। उन्होंने कहा कि नेता और दल चुनने की बात अपने मन पर होती है। जो भी बेहतर शिक्षा एवं रोजगार के अवसर देने का बात करेगा उसके पक्ष में अपना मत करेंगे।

## चैयकलां में तीन दिवसीय सालाना उर्स का हुआ भव्य समापन




प्रातः आवाज

**चौपारण।** चयकलां के जौहरगंज दुल्लशाह के मजार पर आयोजीत तीन दिवसीय सलाना उर्स कव्वाली के शानदार मुकाबले के साथ रविवार को संपन्न हुआ। कव्वाली के अंतिम दिन यूपी बिजनौर के टीवी सिंगर इंतजार साबरी और मुंबई के टीवी सिंगर आरिफ नाजां के बीच शानदार मुकाबला हुआ। दोनों कव्वालों को सुनने के लिए रात भर दर्शक डटे रहे और नाल के ताल पर तालियों बजाते रहे। उर्स मेले के अंतिम दिन इंडिया गठबंधन के इंडिया के लोकसभा प्रत्याशी जेपी भाई पटेल, विधायक उमाशंकर अकेला, तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू सहित कई नेताओ ने दूल्हा शाह बाबा के दरबार में हाजिरी लगाया। बाबा के दरबार में चादरपोशी कर अमन चैन की दुआएं मांगे। अतिथियों को उर्स कमिटी ने दस्तारबंदी कर स्वागत किया। पटेल ने कहा वर्षो से यहां हिन्दू मुस्लिम मिलजुलकर हर वर्ष उर्स मनाते आ रहे हैं। यहां का उर्स मेला भाईचारगी और एक दूसरे के प्रति प्रेम को दिखाता है। अकेला ने कहा बाबा का दुआएं इस क्षेत्र वासियों पर है।यहां अमन के पुजारी बसते है। मौके पर जिप सदस्य रवि शंकर अकेला, कांग्रेस जिलाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, मुखिया नजराना खातून, मौलाना हेलाल अख्तर, पंसस फैजान अजमेरी नवीन यादव, सुखदेव दांगी, मुखिया प्रतिनिधि हेलाल अख्तर व पंसस फैजान अहमद अजमेरी सहित कई लोग शामिल थे।

## कौंसी गांव के ग्रामीणों को जल नल योजना का नहीं मिल रहा है लाभ, अधुरे कार्य से ग्रामीण परेशान

प्रातः आवाज



**बडकागांव।** ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल हजारीबाग के द्वारा हर घर तक पानी पहुंचाने के लिए जलमीनार लगाया जा रहा है। वहीं कौंसी गांव पानी के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जल नल योजना का पूरा लाभ गांव के लोगों को नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कौंसी में केतर महतो के घर के पास जल नल योजना के तहत जलमीनार का निर्माण किया गया है जो अब तक अधूरा है। इस भीषण गर्मी में पानी की किल्लत होने पर महिलाएं जलमीनार पर चढ़कर नल को खोलती है और नीचे पर बर्तन में पानी भरती है। इसी क्रम में कई महिलाएं घायल भी हो गई। वहीं इस मामले को लेकर पूछे जाने पर पंचायत के मुखिया वासुदेव यादव ने कहा कि मुझे इसकी जानकारी नहीं है यदि ठेकेदार के द्वारा ऐसा किया गया है तो मैं विभाग से शिकायत करूंगा और निश्चित तौर पर अधूरे कार्य को जल्द पूरा करवाने का प्रयास करूंगा। वहीं ठेकेदार के कार्यकर्ता से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का आरोप बेबुनियाद है जो कुछ भी अधूरा कार्य है मैं उसे एक से दो दिनों के अंदर जल्द से जल्द पूरा करूंगा। अधूरे कार्य को पूरा करने को लेकर मांग करने वालों में मुख्य रूप से समाजसेवी उपेंद्र कुमार, हीरालाल महतो, केतर महतो, सुरेंद्र महतो, रितु महतो, पारसनाथ महतो, बहादुर महतो सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

### वेक्टर इंटर कॉलेज में जल्द शुरू हो रहा आर्ट्स व साइंस में नामांकन

**बरही (प्रातः आवाज)।** वेक्टर इंटर कॉलेज, बरही में मैट्रिक रिजल्ट के बाद से सत्र 2024-2026 के लिए 11वीं कक्षा में साइंस तथा आर्ट्स दोनों संकाय में 1 मई से नामांकन प्रारंभ किया जा रहा हैं। उक्त जानकारी देते हुए निदेशक दीपक गुप्ता ने कहा कि इच्छुक विधार्थी अभिभावक के साथ आकर कॉलेज कार्यालय में सीधा नामांकन करवा सकते हैं। श्री गुप्ता ने बताया की पिछले 10 वर्षो से बरही में शिक्षा समर्पण और विश्वास के बाद इंटर कॉलेज की शुरुआत की गई है। इससे अच्छी शिक्षा के लिए बरही से हो रहे पलायन को रोका जायेगा। इसके साथ ही ग्रामीण लड़कियां भी बरही में आर्ट्स और साइंस की शिक्षा प्राप्त कर पायेंगी। नामांकित छात्रों को किताबी शिक्षा के साथ साथ बौद्धिक शिक्षा भी दी जाएगी।

## बरही के दुलमाहा में कांग्रेस कमिटी के लोगों ने बांटे चुनावी गारंटी कार्ड

**बरही (प्रातः आवाज)।** बरही कांग्रेस पार्टी के मंडल अध्यक्ष रघुवीर यादव ने दुलमाहा पंचायत के सभी बूथ अध्यक्षों के बीच पार्टी का गारंटी कार्ड वितरण किया। इस दौरान उन्होंने सभी लोगों से कहा की आप सब अपने अपने गांव व समाज के लोगो के बीच पार्टी का यह गारंटी कार्ड भरकर दें।



जिसमें कांग्रेस का पांच न्याय और 25 गारंटी शामिल है। युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय के तहत 25 गारंटी दी गई है ताकि लोग समझें और पार्टी के साथ जुड़ें। कहा कि आप सब मिलकर कांग्रेस पार्टी गठबंधन का केंद्र में बेहतर सरकार बनाएं जो लोक कल्याणकारी हो। मौके पर मंडल अध्यक्ष रघुवीर यादव, दुलमहा पंचायत अध्यक्ष सुभाष यादव, बूथ अध्यक्ष लाखो यादव, शिवशंकर यादव, मो जावेद अंसारी, मो हैदर अली, मो महमूद अंसारी समेत अनेक के कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल थे।

## केरेडारी : कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ शुरू

प्रातः आवाज



**केरेडारी।** प्रखंड के जोरदाग गांव में नौ दिवसीय श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ कलश स्थापना के साथ शुरु हुआ। जिसमें शिव मंदिर की प्रांगण से 1100 वर्तियों ने माथे पर कलश लेकर जोरदाग गांव का भ्रमण करते हुए बुकरु गेरुवा नदी पहुंच कर श्रद्धालुओं ने जल उठाया। इस दौरान जय श्रीराम, जय भोले शंकर का जयकारा लगाते बुकरु होते हुए पुनः यज्ञ स्थल पहुंचे। यज्ञ मंडप पहुंचते ही मुख्य पुजारी अकल साव सहित अन्य की उपस्थिति में यज्ञाचार्य सत्येन्द्र मिश्रा, उप आचार्य पंडित प्रकाश शास्त्री, प्रदीप शास्त्री, शिबोध शास्त्री, रोहित शास्त्री ने विधिवत रूप से यज्ञ की पूजन शुरू की। यज्ञ मंडप में मंत्रों उच्चारण से जोरदाग का वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान प्रमुख सुनिता देवी ने कहा कि यज्ञ से लोगों में धार्मिक चेतना जागृत होती है। यज्ञ से आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है। उत्तरी क्षेत्र जिला परिषद गीता देवी ने कहा कि यज्ञ से लोगों में सामाजिक और धार्मिक जागृति आती है व यज्ञ का धुआं जितना दूर - दूर तक जाता है, पूरा वातावरण शुद्ध और पवित्र होता है। महायज्ञ को लेकर यज्ञ अध्यक्ष श्यामदेव साव, सचिव अमित कुमार माली, कोषाध्यक्ष कुलदीप साव, मीडिया ज्ञान पासवान, उपाध्यक्ष अनिल मुंडा बालदेव साव, पचड़ा मुखिया सह मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष महेश प्रसाद साव, विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, उप मुखिया कौलेश्वर महतो, वार्ड सदस्य रीता देवी, कन्हाई माली, आरती देवी, सुनिता देवी, समाजसेवी उदय लाल गुप्ता, प्रेम रंजन पासवान, जागेश्वर साव, निरंजन साव, खिरोधर साव, दशरथ साव, रामवृक्ष गंझू, किशोर साव, कृष्णा कुमार गुप्ता, तुलसी साव, राम कुमार साव, सुरेश रजक, संजय साव, कन्हाई माली, सुंदर गुप्ता, बिनोद नायक, चोहन राम, कालो राम, दिनेश महतो, नकुल साव, ब्रजेश राम, अखिलेश पासवान, सलामत अंसारी, लीलाधन साव, संजय पासवान, प्रदीप साव, मनोज वर्मा, सुरेश राम, गुरदायल साव, लखन साव, बालगोविंद सोनी, गुरचरण साव, योगेन्द्र महतो, रूपलाल साव, प्रेम साव समेत कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

### सड़क नहीं बनने से आदिवासी समाज के लोगों में आक्रोश

## रोड़ नहीं तो वोट नहीं के लगाये नारे



**बरकट्ठा (प्रातः आवाज)।** प्रखंड क्षेत्र के आदिवासी बहुल क्षेत्र गोरहर पंचायत में रोड़ का निर्माण नहीं किये जाने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। इस संबध में ग्रामीणों ने ग्राम ज्वार पहाड़पुर और ग्राम पातितीरी में विरोध मार्च निकाला। लोगों ने रोड नहीं तो वोट नहीं का नारे लगाए। ग्रामीणों के मुताबिक आजादी के 75 साल और झारखंड राज्य बनाने के 24 साल बीत जाने के बाद भी गोरहर पंचायत के आदिवासी बहुल क्षेत्र में अनेकों सड़क बदहाल स्थिति में है जिसका निर्माण नही हो सका। जिसका कारण गोरहर पंचायत और खैरा पंचायत में ग्रामीणों को आने जाने में काफी परेशानी होती है। मौके पर आदिवासी समाज के प्रखंड सचिव मनोज मुर्मू ने कहा की बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में जहां जहां आदिवासी गांव है। वहां रोड़ नहीं बना है। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति बीमार या गर्भवती महिला हो तो उसे खटिया की सहारे ले कर जाना पड़ता है। विरोध मार्च में समाजसेवी राजाराम मांझी, रामू टुडू, अनिल कुमार सिंह, रामू मराड़ी, तालो मरांडी, नुनवा मांझी, प्रकाश सोरेन, मुनू टुडू, प्रमेश्वर बासके, सूरज हेम्ब्रम, प्रकाश बेसरा, वासुदेव मुर्मू , मनोज मुर्मू, रमेश बासके, मार्शल मुर्मू, कन्हैया बेसरा समेत आदि लोग शामिल थे।

# मोदी सरकार ने सभी वर्गों के विकास के लिए काम किया, उसे फिर सत्ता में लायें : अर्जुन मुंडा

■ केंद्रीय मंत्री सह खूंटी संसदीय सीट के भाजपा प्रत्याशी ने मुरहू में चलाया जनसंपर्क अभियान

प्रातः आवाज





**खूंटी।** केंद्रीय मंत्री और खूंटी संसदीय सीट के भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने रविवार को खूंटी विधानसभा क्षेत्र के मुरहू प्रखंड में जनसंपर्क अभियान के माध्यम से ग्रामीणों से संवाद किया। अपने संबोधन में अर्जुन मुंडा ने पिछले दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए कार्यों से ग्रामीणों को अवगत कराया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है और एक सशक्त नेतृत्व के कारण ही भारत का पूरी दुनिया में नाम हो रहा है।

मुंडा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज मोदी ने जो काम किया, वह सबके सामने है। चाहे महिला हो, युवा हो, व्यापारी वर्ग हो, गरीब हो या किसान हो, सबका सम्मान करते हुए मोदी सरकार ने काम किया है। ऐसी सरकार को हमें फिर से केंद्र की सत्ता में लाना है, जो सबके हक की चिंता करती हो। अर्जुन मुंडा ने कहा कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल के करीब है।

उन्होंने पिछले साल भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर आकर उनके जन्मदिन के अवसर पर माटी का तिलक लगाकर यहां से दो बड़ी योजना विकसित भारत और पीएम जनमन का शुभारम्भ किया था। यह हम सभी के लिए गर्व का पल है, क्योंकि पहली बार भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पर देश का कोई प्रधानमंत्री आया। आज वीरों की धरती खूंटी का पूरे देश में नाम हो रहा है। जब हम 2025 में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाएंगे, उस वर्ष को भारतीय जनता पार्टी ने अपने संकल्प पत्र में ह्यजनजातीय गौरव दिवसह्ल के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। पहली बार आदिवासी समाज के लोगों को इतना सम्मान दिया जा रहा है और यह सब मोदी जी के नेतृत्व में ही संभव हो पा रहा है। मौके पर भाजपा मुरहू मंडल कें अध्यख राम बिहारी राम सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। खूंटी के गनालोया गांव की महिलाओं ने भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को 1100 रुपये और श्रीफल भेंटकर उन्हें जीत की शुभकामनाएं दी।

## गायब व्यवसायी का गोड़ाटोली के अर्धनिर्मित मकान में मिला शव, फैली सनसनी



**खूंटी (प्रातः आवाज)।** जिले के मुरहू बस्ती निवासी एक व्यवसायी दीपक भगत की लाश गोड़ाटोली पेट्रोल पम्प के पीछे एक अर्धनिर्मित मकान में शनिवार शाम को टंगा हुआ मृत अवस्था में देखा गया। उसके बाद मुरहू में सनसनी फैल गयी। दीपक के शव के सिर पर कटा होने की बात बतायी गयी। जबकि उसका सारा शरीर फूला हुआ था और काला पड़ गया था। दीपक शुक्रवार सुबह से ही घर से गायब था। किसी के द्वारा शव टंगे होने की जानकारी मिलते ही इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। वहीं पुलिस हत्या की आशंका से कारणों का पता लगाने में जुट गयी है। वहीं लोगों द्वारा घटना की जानकारी पाते ही उस मृतक का भाई राजू भगत बुलाया गया। जिसने शव की पहचान की। वहीं उसका शव बरामद व पहचान किए जाने और स्थिति को देखने के बाद हत्या की आशंका जतायी जा रही है। वहीं घटना का शनिवार शाम को पता चलते ही पूरा मुरहू में सनसनी फैल गयी। शव में कहीं कहीं शरीर में खरोंच और खून निकलता हुआ पाया गया। वहीं मृतक के भाई राजू भगत के द्वारा नामजद दो लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। मृतक के भाई राजू भगत ने बताया कि उसके भाई की हत्या हुई है। और ये हत्या उन लोगों ने किया है जिन्होंने सूद में पहले पैसा दिए थे और धमकी दे रहे थे। उसने कहा कि 1.5 लाख रुपए एक व्यक्ति से लिये थे। जो बढ़कर काफी रकम कर दिया गया था। नामजद प्राथमिकी के बाद शव को खूंटी में अंत्यपरीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने मुरहू थाने में फोन करके बात की और मामले का संज्ञान लिया तथा सिविल सर्जन से पोस्टमार्टम कराने के लिए कहा। वहीं उन्होंने शोक व्यक्त किया है। वहीं उपप्रमुख अरुण साबू ने कहा कि एक व्यवसायी की हत्या या मौत का पुलिस सही जांच करे। साथ ही, उस पीड़ित परिवार को सरकार के द्वारा मिलनेवाली सहायता राशि मिलना चाहिए।

### अर्जुन मुंडा ने सपत्नीक मृतक के घर जाकर की संवेदना व्यक्त



**खूंटी (प्रातः आवाज)।** मुरहू बस्ती के व्यवसायी दीपक भगत की संदेहास्पद मौत की खबर पाकर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सपत्नीक पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और संवेदना व्यक्त की। वहीं अर्जुन मुंडा ने पुलिस पदाधिकारियों से बात कर मामले को गंभीरता से से जांच करने को कहा। फंदे पर टंगा शव के चित्र को देखकर उन्होंने भी मौत पर आशंका जतायी। वहीं, ब्याहूत कलवार जायसवाल समाज और मुरहू के रौनियार वैश्य सभा के द्वारा अर्जुन मुंडा व एसपी अमन कुमार को ज्ञापन देकर इसे गंीरता से लेने के लिए कहा है। मुरहू के व्यवसायी दीपक भगत के संबंध में समाज के द्वारा सांसद अर्जुन मुण्डा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा एवं पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें बताया गया कि परिवार के अनुसार , दीपक भगत को जान से मारने की धमकी मिल रही थी तथा शव को देखने से आत्महत्या नहीं हत्या की आशंका होती है। ब्याहूत कलवार जायसवाल समाज और रौनियार वैश्य सभा मुरहू के पदाधिकारियों व सदस्यों तथा मुरहू के व्यवसायियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## रिपोर्ट कार्ड की जगह मंगलसूत्र पर वोट मांग रही है भाजपा : सतीश पाल मुंजरी

■ झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता और मीडिया प्रभारी ने किया प्रेस कांफ्रेंस

प्रातः आवाज



**खूंटी।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता और मीडिया प्रभारी सतीश पाल मुंजरी ने कहा कि भाजपा अपनी रिपोर्ट कार्ड के जरिए वोट मांगने के बजाय मंगलसूत्र पर वोट मांग रही है। मुंजरी रविवार को कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के आवासीय कार्यालय में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया कॉऑर्डिनेटर वैभव शुक्ला और सुमेर सिंह के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि दस साल की नरेंद्र मोदी का शासनकाल अन्याय का शासन रहा। दस साल में जिस तरह लोगों को उम्मीद थी और जिस तरह की घोषणाएं और गारंटी लेकर मोदी आये थे कि दो करोड़ युवाओं को रोजगार देंगे, किसानों की आय दुगुनी करेंगे ये सभी घोषणाएं झूठी और खोखली साबित हुई। उन्होंने कहा कि 45 साल में रोजगार की स्थिति सबसे बुरी रही है और इसे मोदी के ही मंत्री ने लोकसभा में स्वीकार किया है।

उन्होंने कहा कि झारखंड ही नहीं पूरे देश के आदिवासी वर्षों से सरना कोड की मांग करते आ रहे हैं। राज्य की विधानसभा ने इसे पारित कर केंद्र के पास भेज दिया, लेकिन केंद्र सरकार इस पर चुप्पी साधे हुए है। भाजपा कभी नहीं चाहती कि आदिवासियों का विकास हो।

कांगेस नेताओं ने कहा कि रघुवर दास सरकार ने सीएनटी एक्ट में भी छेड़छाड़ कर आदिवासियों की जमीन लूटने की साजिश की थी, लेकिन विपक्ष के विरोध के कारण सरकार को बिल वापस लेना पड़ा था।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पांचवी अनूसची की मांग कर आदिवासियों को गैर कानूनी पत्थलगड़ी का आरोप लगाकर दस हजार से अधिक आदिवासियों पर मुकदमा दर्ज कर दिया गया और कुछ लोगों को जेल भी भेज दिया गया। हमारी सरकार ने उन मुकदमों को वापस लेने का काम किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस चुनाव में अपना गारंटी कार्ड लेकर आई है, जिसमें पाच गारंटी है हर शिक्षित युवा को एक लाख का मानदेय, कर्ज माफी, सामाजिक और आर्थिक समानता, हर साल गरीब परिवार की एक महिला को एक लाख रुपये और न्यूनतम मजदूरी चार सौ रुपये की गारंटी है।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा केंद्र में जनजातीय मामलों और कृषि मंत्री होते हुए भी उन्होंने खूंटी संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए कुछ नहीं किया।

## आधुनिक युग में समर्पण व ब्रह्मचारी जीवन काफी कठिन : भूषण बाड़ा

■ बिशप विन्सेंट बरवा की अगुवाई में संत फ्रांसिस चर्च नानेसेरा में अंतिम व्रत धारण समारोही खीस्तयाग का हुआ आयोजन

प्रातः आवाज





**सिमडेगा।** पाकरटांड़ के संत फ्रांसिस चर्च नानेसेरा में अंतिम व्रत धारण समारोही खीस्तयाग का आयोजन किया गया। मुख्य अनुष्ठाता सिमडेगा धर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष बिशप विन्सेंट बरवा की अगुवाई में विशेष मिस्सा अनुष्ठान कराया गया। मिस्सा अनुष्ठान में सह अनुष्ठाता की भूमिका पल्ली पुरोहित फा जुगल किशोर, सहायक पल्ली पुरोहित फा रोशन ने निभाई। अंतिम मन्नत लेने वाली धर्मबहनों में सिस्टर सुमीरा, सिस्टर मोनोलिता, सिस्टर सिसिलिया, सिस्टर रानी मरिया और सिस्टर रोजलिन शामिल हैं। कार्यक्रम में विधायक भूषण बाड़ा, जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी शामिल होकर पांच धर्मबहनों को अंतिम मन्नत ग्रहण करने पर बधाई दी। विधायक ने कहा कि आज के आधुनिक युग में समर्पण का जीवन ब्रह्मचारी जीवन जीना काफी कठिन है। लेकिन ईश्वर आपके साथ है। आप अपने दायित्व पर खरा उतरें।

विधायक ने कहा कि धर्म बहनों ने अपने जीवन की खुशियां गरीब एवं असहाय लोगों की सेवा में समर्पित कर दिया हैं। विधायक ने कहा कि अनेकों कठिनाईयों एवं चुनौतियों का सामना करते हुए धर्म बहनों ने यह मुकाम हासिल किया है। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अजित लकड़ा, शीतल एक्का, उर्मिला केरकेट्टा सहित काफी संख्या में मसीही धर्मावलम्बी उपस्थित थे।

### मानव सेवा के लिए समर्पित होता है धर्मबहनों का जीवन : बिशप

मौके पर बिशप ने अपने संदेश में कहा कि धर्म बहनों का जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित होता है। उन्होंने सभी सुख सुविधा त्याग कर मानव सेवा में दिन रात जुटी रहती है। आज ये पांचो धर्म बहनें अपनी अंतिम मन्नत ले रही है। सभी धर्म बहनों को बहुत बहुत बधाई। परमपिता परमेश्वर इन्हें मानव सेवा करने की शक्ति प्रदान करें। बिशप बरवा ने कहा कि धर्म बहनें अपना संपूर्ण जीवन ईश्वर भक्ति व लोगों की जीवन के लिए समर्पित कर दिया है। उन्होंने कहा कि इन चुनौतियों का सामना करते हुए एक अच्छे चरवाहे की भांति धर्म बहनों को कलिसिया समाज के विकास में अपना योगदान करना है। फ्रांसिसकन समाज की हजारों धर्म बहनें ईमानदारी पूर्वक मानव सेवा के कार्य में जुटी हुई हैं।

**धर्मबहनों का उद्देश्य मानव की सेवा करना है : जोसिमा खाखा**

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी पांचो धर्मबहनों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि धर्मबहनों का जीवन का उद्देश्य अपने मन, वचन और शरीर का उपयोग दूसरों की सहायता के लिए करना है। जोसिमा ने कहा कि धर्म की शुरूआत अच्छाई से होती है। खुशी तब शुरू होती है जब हम दूसरों के लिए कुछ करते हैं।

## समाचार सार

### कुरडेग और केरसई प्रखंड में बीडीओ ने निर्वाचन की सूचना प्रिंट कराकर मतदाताओं को एक-एक छाता दिया



**सिमडेगा (प्रातः आवाज)।** कुरडेग और केरसई प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सभी बीएलओ को वोटर इनफॉर्मेशन स्लिप बाटने के क्रम में धूप से बचाव और निर्वाचन के लिए मतदाता को जागरूक करते हुए निर्वाचन की तिथि समय की सूचना प्रिंट कराकर एक-एक छाता दिया गया। लोगों ने इस बार मतदान प्रतिशत का लक्ष्य पार करने के लिए हर प्रयास किए जा रहे हैं। लोगों ने अब घर- घर जाकर लोगों को मतदाता सूचना पर्ची के साथ शिक्षित करने का कार्य कर रहे हैं।बताया जा रहा है कि इस बार 13 मई 2024 को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान करने का समय दिया गया है।आप अपना नैतिक मतदान जरूर करें।

### गुरुकुल कोचिंग में मंथली टेस्ट का आयोजन



**सिमडेगा (प्रातः आवाज)।** बीरू कंपलेक्स सिमडेगा में स्थित गुरुकुल कोचिंग में मंथली टेस्ट का आयोजन किया गया तथा अव्वल विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया मौके पर गुरुकुल के वरिष्ठ शिक्षक विकास कुमार ने विद्यार्थियों को सफलता के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए। गुरुकुल के शिक्षक हीरा सिंह,प्रीतम कुमार और नितेश कुमार ने भी विद्यार्थियों को जरूरी टिप्स दिए। पुरस्कृत विद्यार्थियों में अशोक कुमार सिंह और अमिता कुमारी प्रथम सुनीता कुमारी द्वितीय जबकि प्रीति डुंगडुंग और आरती डुंगडुंग तृतीय स्थान पर रहे।

### कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने के लिए कार्यकर्ताओं ने की अपील



**तोरपा (प्रातः आवाज)।** प्रखंड क्षेत्र के लेटेर गांव में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पक्ष में घोषणा पत्र की जानकारी कांग्रेस पार्टी तोरपा प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता व कांग्रेसी कार्यकर्ता पवन साहू के द्वारा जानकारी दी गयी। मौके पर 13 मई को होने वाले खूंटी लोकसभा सीट के लिए मतदान में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के पक्ष में मतदान करने के लिए अपील की गयी। मौके पर लोगों को कांग्रेस पार्टी के नीति सिद्धांत की भी जानकारी साझा की गई।

### विकास के लिए तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाना जरूरी : सुरेश जयसवाल



**खूंटी (प्रातः आवाज)।** भाजपा के कार्यकर्ताओं ने रविवार को खूंटी नगर मण्डल अध्यक्ष सुरेश जयसवाल के नेतृत्व में खूंटी टोली शक्ति केंद्र में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष और खूंटी विधानसभा के सह संयोजक संजय साहू, प्रदेश युवा मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य प्रियांक भगत, अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष योगेंद्र नायक, खूंटी विधानसभा विस्तारक विवेक महापात्रा, भीम साहू, प्रशांत कुमार, सुरेंदर सिंह, कृष्णा लोहार, मनोज गोप, संगीता देवी, संगीता कच्छप, अनीता देवी और महिंद्र नायक ने लोगों को केंद्र सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर सुरेश जयसवाल और संजय साहू ने कहा कि आज शायद ही कोई ऐसा परिवार होगा, जिसने केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ न लिया हो। उन्होंने कहा कि देश के विकास और गरीबों के कल्याण के लिए हमें हार हाल में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है।

### समाहरणालय सभागार में लोकसभा चुनाव को लेकर सिमडेगा जिला में मतदान कर्मियों का दूसरा रेंडमाइजेशन संपन्न

# कुल 3695 कर्मियों के मतदान दलों का गठन कर किया गया रेंडमाइजेशन

■ उपायुक्त ने जनरल ऑब्जर्वर को जिले में लोकसभा चुनाव की तैयारियों से अवगत कराया

प्रातः आवाज






**सिमडेगा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर सिमडेगा जिला में मतदान कर्मियों का दूसरा रेंडमाइजेशन जनरल ऑब्जर्वर दोरजे चेरिंग नेगी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में सम्पन्न किया गया। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल- 3695 कर्मियों के मतदान दलों का गठन कर रेंडमाइजेशन किया गया।

रेंडमाइजेशन के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने जनरल ऑब्जर्वर दोरजे चेरिंग नेगी को जिले में लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों से अवगत कराया। साथ ही उपायुक्त महोदय नेजनरल ऑब्जर्वर को बताया कि जिले की वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने के लिए लगातार स्वीप कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया है, पोलिंग पार्टी एवं मतदाताओं के लिए सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाएगी, धूप से बचने के लिए शेड की व्यवस्था भी करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावे मतदाताओं को मतदान केंद्र पर हर संभव सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

रेंडमाइजेशन के बाद जनरल ऑब्जर्वर दोरजे चेरिंग नेगी ने लोकसभा चुनाव के कार्यों के सफल संचालन को लेकर सिमडेगा जिला के विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मापदंडों के तहत किए जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की सूक्ष्मता से जानकारी ली। मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। साथ ही निर्देशित किया कि सभी बूथों पर बिजली, पानी और शौचालय की व्यवस्था समय पर सुनिश्चित की जाए। जनरल ऑब्जर्वर ने मतदान केंद्र संख्या- 159,160 एवं 161 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, सिमडेगा एवं आर.सी. प्राथमिक विद्यालय, कोचेडेगा मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित बीएलओ से अपने मतदान केंद्र पर सत प्रतिशत मतदाताओं का मतदान सुनिश्चित करने हेतु मतदाताओं को प्रेरित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने ग्रामीण मतदाताओं को नैतिक मतदान कर जागरूक मतदाता के रूप में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, सिमडेगा में आयोजित स्वीप कार्यक्रम में भाग लिया।मौके पर पुलिस अधीक्षक सौरभ , उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, अनुमंडल पदाधिकारी सुमन तिर्की, जिला परिवहन पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव, एलआरडीसी अरुणा कुमारी सहित अन्य पदाधिकारी गण एवं कर्मी गण उपस्थित थे।

## सशिवि मंदिर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया-बहनों को किया गया सम्मानित

प्रातः आवाज



**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में शैक्षणिक सत्र 2023-2024 में झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया-बहनों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वनवासी कल्याण केंद्र की शैक्षिक इकाई श्री हरि वनवासी विकास समिति झारखंड द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा सिमडेगा में कार्यक्रम कर भैया-बहनों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी बारह भैया-बहन जिनमें बहन शिल्पा कुमारी 92%, भैया संदीप सिंह 90.6%, भैया विकास सिंह 90.6%, बहन गुंजा कुमारी 90.4%, बहन महिमा कुमारी 89.8%, बहन अंजना सोरेंग 89.4%, भैया अभिजीत कुमार 88.2%, बहन मोली कुमारी 86.4%, बहन खुशी कुमारी 86.2% भैया पवन कुमार साहू 85.8%, बहन निक्की कुमारी 85.4% और बहन मन्नू कुमारी 85% अंकों की उपलब्धि हासिल करने वाले भैया-बहनों को सम्मानित किया गया। समारोह में उपस्थित भैया-बहनों को संबोधित करते हुए हनुमान बोंदिया ने विद्यालय द्वारा सिंचित शिक्षा, संस्कार, सेवा, स्वावलम्बन सहित सदाचारिता, समय पाबंद और राष्ट्रवादी व्यक्तित्व को आजीवन आत्मसात करने और उन्नत समाज के निर्माण में यथाशक्ति सहयोग समर्पित करने का संदेश दिया। वहीं विद्यालय के संयोजक संजीत कुमार ने उत्कृष्ट शिक्षा एवं उत्तम स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उच्चतम शिक्षा की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय तदर्थ समिति के सदस्य चंदेश्वर मुंडा ने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की कार्यप्रणाली एवं शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित बच्चों को शुभकामनाएं अर्पित की। वहीं मुरारी प्रसाद ने उपस्थित भैया बहनों को आशीर्वचन देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय तदर्थ समिति के हनुमान बोंदिया ने विद्यालय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ अंक लाने वाली बहन शिल्पा कुमारी को रु. 5000 देकर उनका उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार पाठक ने अपना आशीर्वचन देते हुए धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का समापन किया । मौके पर विद्यालय परिवार के सभी आचार्य-आचार्या और मैट्रिक परीक्षा में उत्तीर्ण सभी भैया-बहन उपस्थित थे।

टी20 विश्व कप 2024

हार्दिक को लेकर संशय बरकरार

# टी20 विश्व कप के लिए 01 मई को हो सकता है भारतीय टीम का एलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर और कप्तान रोहित शर्मा के बीच वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए संभावित 15 सदस्यीय टीम को लेकर दिल्ली में अनौपचारिक बैठक होने की उम्मीद है। विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की आखिरी तारीख एक मई है।



### दिल्ली-मुंबई मैच देखने पहुंचे थे अगरकर

न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, अगरकर शनिवार को मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेले गए आईपीएल मैच को देखने के लिए विशेष रूप से स्पेन से दिल्ली आए थे, ताकि उन्हें कप्तान रोहित के साथ बातचीत करने का मौका मिल सके और अंतिम टीम चुनने के लिए अपने सहयोगियों के साथ बैठक से पहले उनके लिए चीजें स्पष्ट हों।

रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों के बीच मैच के बाद मुलाकात हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक मई को डेडलाइन खत्म होने के दिन भारतीय टीम की घोषणा हो सकती है। टीम के एलान से पहले भी अगरकर और रोहित के बीच एक और बार मीटिंग हो सकती है। उस मीटिंग में जरूर फैसले लिए जाएंगे। यह मीटिंग सोमवार को हो सकती है। मुंबई का अगला मैच 30 अप्रैल को लखनऊ से इकाना स्टेडियम में है।

### हार्दिक की गेंदबाजी और फिटनेस पर संशय जारी

टीम में कुछ स्थानों और खिलाड़ियों को लेकर चर्चा की जरूरत है। इसमें सबसे अहम हार्दिक पांड्या की गेंदबाजी फिटनेस है। अगर हार्दिक को 15 सदस्यीय टीम में जगह मिलती है तो शिवम दुबे और रिंकू सिंह में से केवल एक को ही जगह दी जा सकती है। हार्दिक ने अब तक नौ मैचों में 36 ओवर की बजाय सिर्फ 19 ओवर गेंदबाजी की है। वहीं, फिनिशर के तौर पर वह इतने मैचों में सिर्फ 10 छक्के लगा पाए हैं, जो कि बेहद खराब है।

उन्होंने इस सीजन 142 के स्ट्राइक रेट से नौ पारियों में 196 रन बनाए हैं। हालांकि, हार्दिक को इस बात की तरजीह मिल सकती है कि दुबे ने इस आईपीएल में गेंदबाजी की ही नहीं है। वहीं, स्किल और पेस में भी दुबे हार्दिक के आसपास नहीं हैं। हालांकि, बल्ले से दुबे हार्दिक से कहीं आगे हैं। सीएसके के बल्लेबाज ने आठ मैचों में 22 छक्के जड़े हैं। विकेटकीपर के लिए ऋषभ पंत के साथ संजू सैमसन और लोकेश राहुल के नामों को लेकर भी संशय है। पंत का चयन तय माना जा रहा है। वहीं, दूसरे विकेटकीपर को लेकर चर्चा जारी है।

### चहल पर अक्षर को दी जा सकती है तरजीह

तेज गेंदबाजी और स्पिनरों को लेकर भी चीजें स्पष्ट नहीं है। जसप्रीत बुमराह शानदार लय में है तो वहीं अनुभवी मोहम्मद सिराज का आईपीएल में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है।

अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई और युजवेंद्र चहल में टीम के तीसरे स्पिनर के लिए मुकाबला होगा। बेहतर बल्लेबाजी स्किल के कारण अक्षर का दावा ज्यादा मजबूत है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, चहल कुछ शीर्ष कोचिंग स्टाफ की पहली पसंद नहीं हैं।

### सैमसन पर राहुल को दी जा सकती है तरजीह

बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, अच्छे प्रदर्शन के बावजूद संजू सैमसन के चुने जाने पर संशय बरकरार है। ऋषभ पंत का चयन होना तय है, जबकि केएल राहुल दूसरे विकेटकीपर के तौर पर शामिल किए जा सकते हैं। शिवम दुबे का भी चुना जाना लगभग तय है। पंत इस सीजन शानदार फॉर्म में दिखे हैं। कार दुर्घटना के बाद से वापसी करते हुए अपने पहले ही टूर्नामेंट में बल्ले से कमाल दिखाया है। वह अब तक 10 मैचों में 46.38 की औसत और 160.60 के स्ट्राइक रेट से 371 रन बना चुके हैं। ऑरेंज कैप की रेस में वह फिलहाल चौथे स्थान पर हैं।

### दुबे की पावर हिटिंग ने सबका ध्यान खींचा

वहीं, लखनऊ के कप्तान राहुल इस सीजन सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में तीसरे स्थान पर हैं। वह नौ मैचों में 42 की औसत और 144.27 के स्ट्राइक रेट से 378 रन बना चुके हैं। शिवम दुबे की पावर हिटिंग ने इस सीजन सबका ध्यान खींचा है। वह अब तक आठ मैचों में 51.83 की औसत और 169.94 के बेहतरीन स्ट्राइक रेट से 311 रन बना चुके हैं।

इनमें तीन अर्धशतक शामिल है। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 66 रन का रहा है। दुबे सीएसके से दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। ऋतुराज गायकवाड़ लिस्ट में सबसे ऊपर हैं। उन्होंने सीएसके के लिए अब तक आठ मैचों में 58.17 की औसत से 349 रन बनाए हैं। इनमें एक शतक शामिल है।

### जून में शुरू होगा टी20 विश्व कप

आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 इस साल जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका की सहमेजबानी में खेला जाएगा। एक जून से इस टूर्नामेंट की शुरुआत होगी।

भारतीय टीम अपना पहला मैच पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद नौ जून को भारत और पाकिस्तान के बीच न्यूयॉर्क में महामुकाबला खेला जाएगा। यह मैच न्यूयॉर्क के नसऊ काउंटी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में होगा।



# फिर दौड़ेगी रावलपिंडी एक्सप्रेस शोएब अख्तर ने रिटायरमेंट से वापसी का किया एलान !

**लाहौर, एजेंसी।** अप्रैल को पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में पांच टी20 मैचों की सीरीज का अंतिम मैच खेला गया. पाकिस्तान ने यह मैच 9 रनों से जीत लिया. मैच के दौरान शोएब अख्तर भी मैदान पर थे. स्टेडियम में मौजूद दर्शक शाओब के नारे लगाने लगे, जिसके बाद शोएब अख्तर ने कुछ ऐसा ट्वीट किया, जिससे फैंस बेताब हो गए.

**रावलपिंडी एक्सप्रेस शोएब अख्तर बना रहें रिटायरमेंट से वापसी का प्लान?**

लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए आखिरी टी20 मैच के दौरान शोएब वहां मौजूद थे. वहां उन्होंने आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 की ट्रॉफी जश्न मना रही भीड़ को सौंपी. मैदान का माहौल हुआ इतना जबरदस्त कि रावलपिंडी एक्सप्रेस वापसी का सोचने लगे. इसके बाद उन्होंने ट्वीट के जरिए संन्यास से वापसी की ओर इशारा किया.

**शोएब अख्तर ने ट्विटर पर क्या लिखा?**

शोएब अख्तर ने ट्वीट में लिखा, वो शाओब शाओब के नारे बहुत दिल को छू लेने वाले थे. मैं फिर से आप सभी के लिए गेंदबाजी करने के लिए मैदान पर जाना चाहता था. रोंगटे खड़े हो गए! ! इस इमोशनल मैसेज को देख फैंस भी कमेंट में उन्होंने दोबारा देखने की बातें कहने लगे.

**कब होगा इंडिया वर्सेस पाक टी20 वर्ल्ड कप 2024 मैच?**

टी20 वर्ल्ड कप 2024, 2 जून से शुरू होने जा रहा है. इस टूर्नामेंट का आयोजन अमेरिका और वेस्टइंडीज में किया जाएगा. भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 वर्ल्ड कप 2024 रविवार, 9 जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा.

**इंडिया वर्सेस पाकटी20 वर्ल्ड कप हेड टू हेड**

आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान अब तक 7 बार भिड़ चुके हैं. इनमें से भारत ने 5 मैच जीते हैं. तो वहीं पाकिस्तान सिर्फ 1 मैच जीत सका है. एक मैच टाई हुआ था.

# पाकिस्तान ने 5वें टी-20 में न्यूजीलैंड को हराया

**लाहौर,एजेंसी।** पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को टी-20 सीरीज के 5वें और आखिरी मैच में 9 रन से हरा दिया। इसी के साथ पांच मैचों की सीरीज 2-2 से ड्रॉ हो गई। सीरीज का पहला मैच बारिश की वजह से बेनतीजा रहा था। शनिवार को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए मैच में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। पाक टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 278 रन बनाए और न्यूजीलैंड को 179 रन का टारगेट दिया। जवाब में कीवी टीम 19.2 ओवर में 269 रन पर ऑलआउट हो गई। शाहीन शाह अफरीदी प्लेयर ऑफ द मैच और सीरीज दोंनो रहें। उन्होंने सीरीज में कुल 8 विकेट लिए।



# टिम डेविड के छक्के से घायल हुआ फैन, मुंह पर लगी गेंद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 257 रन बनाए और मुंबई को जीत के लिए 258 रनों का मुश्किल सा टारगेट दिया। मैच की दूसरी पारी में मुंबई इंडियंस के पास खोने के लिए कुछ भी नहीं था उन्हें बस तेजी से रन बनाने थे और उन्होंने ऐसा ही किया, लेकिन इस दौरान मुंबई इंडियंस के स्टार खिलाड़ी टिम डेविड ने एक झन्नाटेदार शॉट खेला जिसके बाद गेंद सीधे स्टैंड में जा गिरी। इसी बीच उनके इस शॉट ने स्टैंड में बैठे एक फैन को घायल कर दिया। टिम डेविड ने जैसे ही शॉट खेला, वैसे ही गेंद को स्टेंड में बैठे फैंस कैच करना चाह रहे थे, लेकिन इसी भाग-दौड़ में गेंद एक फैन के चेहरे पर जाकर लग गई।



## व्यापार

### टॉप-10 कंपनियों में 6 की वैल्यू 1.30 लाख करोड़ बढ़ी

**मुंबई एजेंसी।** बीते कारोबारी हफ्ते मार्केट कैपिटलाइजेशन के लिहाज से देश की टॉप-10 कंपनियों में से 6 का मार्केट कैप कंबाइंड रूप से 1,30,734.57 करोड़ (1.30 लाख करोड़) बढ़ा है। इस दौरान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मार्केट का टॉप गेनर रहा है। कंपनी का मार्केट कैप 45,158 करोड़ बढ़कर 7.15 लाख करोड़ हो गया है। इसके अलावा, आइसीआइसीआइ बैंक और भारती एयरटेल का मार्केट कैप भी 28,726.33 करोड़ और 20,747.99 करोड़ बढ़कर 7.78 लाख करोड़ और 7.51 लाख करोड़ हो गया है। वहीं, टॉप-10 में 4 कंपनियों के मार्केट वैल्यू में कंबाइंड रूप से 50,295 करोड़ की गिरावट देखने को मिली है। देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की मार्केट वैल्यू 26,115.56 करोड़ गिरकर 19.64 लाख करोड़ रह गई है।

### केंद्रीय कर्मचारियों को चुनाव खत्म होते ही मिलेगा बड़ा सरप्राइज!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप केंद्रीय कर्मचारी हैं तो ये खबर आपके काम की है। दरअसल, लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद केंद्रीय कर्मचारियों को बड़ा तोहफा मिलने वाला है। कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में इजाफा होगा तो 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन पर भी विचार हो सकता है। बता दें कि 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आने वाले हैं। सातवें वेतन आयोग की सिफारिश के मुताबिक केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते यानी डीए में साल की 2 छमाही में बढ़ोतरी होनी चाहिए। इसी के तहत केंद्र की सरकार हर साल जनवरी से जून और जुलाई से दिसंबर तक की 2 छमाही में डीए बढ़ोतरी करती है। साल 2024 की पहली छमाही के डीए में बढ़ोतरी हो चुकी है।

# सालभर में आईटी सेक्टर ने की 72000 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आज से कुछ साल पहले भारत में आईटी सेक्टर बहुत ही तेजी से बढ़ रहा थी। इस वजह से आईटी सेक्टर हर साल हजारों की संख्या में कर्मचारियों की हायरिंग करती थी। हालांकि, बीते फाइनेंशियल ईयर 2023-24 में आईटी सेक्टर में धीमी राजस्व वृद्धि के कारण भारत की प्रमुख आईटी कंपनियों ने 72,000 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। इन कंपनियों में इंफोसिस, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज, विप्रो, टेक महिंद्रा जैसी कंपनियां शामिल है। आइए जानते हैं इन कंपनियों की छंटनी के बारे में विस्तार से। बता दें कि 31 मार्च को समाप्त हुए फाइनेंशियल ईयर 2023-24 तक देश की टॉप-6 आईटी कंपनियां में 72,063 कर्मचारियों की गिरावट आई। इस गिरावट का बड़ा कारण तकनीकी खर्च में वैश्विक मंदी और मांग के माहौल में अनिश्चित रही। ऐसी परिस्थिति ने स्त्रङ्क 2023-24 में भारत के 254 बिलियन डॉलर के आईटी सेक्टर इंडस्ट्री को प्रभावित किया जिससे व्यापार वृद्धि धीमी हो गई। इस वजह से कंपनियों को नौकरियों में कटौती करने और नियुक्तियां काम करने के लिए मजबूर होना पड़ा। अगर अलग-अलग कंपनियों की बात करें तो इस दौरान मार्केट लीडर टीसीएस ने 13,249 और इन्फोसिस ने 25,994 कर्मचारियों की छंटनी की।

# एक ही पॉलिसी में मिलेगा लाइफ, हेल्थ और प्रॉपर्टी का बीमा !

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जल्द ही कई तरह के इंश्योरेंस यानी बीमा का लाभ एक ही पॉलिसी में मिलेगा। इसे 'बीमा विस्तार' नाम दिया जा सकता है। इस एक ही पॉलिसी में लाइफ, हेल्थ, प्रॉपर्टी और पर्सनल एक्सिडेंट कवर मिलेगा। फैमिली फ्लोटर यानी एक पॉलिसी में सभी घरवालों को बीमा कवर का फायदा भी होगा। बीमा रेगुलेटर इरडा ने हाल में हैदराबाद में इस पॉलिसी पर बीमा कंपनियों के साथ मंथन किया है। इंडस्ट्री के सूत्रों के मुताबिक, इसका प्रीमियम 1500 रुपये प्रति पॉलिसी के आसपास तय किया जा सकता है। इस 'बीमा विस्तार' पॉलिसी का मकसद गांवों समेत देश की ज्यादा से ज्यादा आबादी तक बीमा मुहैया कराना है।



हैदराबाद में इरडा चीफ देबाशीष पंडा की अध्यक्षता में हुई बैठक में 'बीमा विस्तार' की डिटेल्स सामने रखी गईं। सूत्रों ने बताया कि लाइफ, प्रॉपर्टी और पर्सनल एक्सिडेंट के मामले में 2-2 लाख रुपये का बीमा कवर मिल सकता है। 'हॉस्पिटल कैश' के नाम से हेल्थ कवर भी होगा। इसमें 10 दिनों के लिए अधिकतम 5000 रुपये तक के बिल का कैशलेस भुगतान बिना दस्तावेज जमा किए क्लेम किया जा सकेगा। लाइफ कवर का प्रीमियम 800 रुपये के करीब हो सकता है। वहीं, 500 रुपये में हेल्थ कवर और 100 रुपये के प्रीमियम में पर्सनल एक्सिडेंट कवर मिल सकता है। प्रॉपर्टी कवर का प्रीमियम 100 रुपये से कम रखा जा सकता है।


### हर बीमा के लिए क्लेम सेटलमेंट अलग-अलग

बीमा विस्तार पॉलिसी में अलग-अलग सेगमेंट्स के लिए क्लेम सेटलमेंट का तरीका अलग हो सकता है, जिसे बीमा कंपनियां तय करेंगी। इस पॉलिसी को बेचने वाले एजेंटो को 10 प्रतिशत कमिशन दिया जा सकता है। इरडा काफी समय से बीमा सुगम, बीमा विस्तार और बीमा वाहक के रूप में बीमा त्रयी पेश करने की तैयारी में है। डिजिटल प्लैटफॉर्म 'बीमा सुगम' को इरडा ने पिछले महीने मंजूरी दी थी। यह हर तरह की बीमा पॉलिसी खरीदने, बेचने और क्लेम सेटल करने के लिए ऑनलाइन इंश्योरेंस मार्केटप्लेस की तरह काम करेगा।

# तिरुपति बालाजी दुनिया का सबसे अमीर हिंदू मंदिर है

▶▶ मंदिर के ट्रस्ट के पास करीब 11,329 किलो सोना है ▶▶ पिछले साल मिला था 1,031 किलो सोने का चढ़ावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने की कीमत में रेकॉर्ड तेजी के बावजूद तिरुपति बालाजी के भक्तों ने पिछले साल जमकर दान दिया। दुनिया के सबसे अमीर हिंदू मंदिर को साल 2023 में 1,031 किलो सोने का चढ़ावा मिला जिसकी कीमत करीब 773 करोड़ रुपये है। तिरुपति ट्रस्ट के पास कुल 11,329 किलो सोना है जिसकी कीमत करीब 8,496 करोड़ रुपये है। ट्रस्ट ने इसे गोल्ड मॉनेटाइजेशन स्कीम के तहत विभिन्न बैंकों में जमा कर रखा है। तिरुपति के भक्त चढ़ावे के रूप में कैश और गोल्ड देना पसंद करते हैं। साथ ही मंदिर से जुड़े विभिन्न ट्रस्टों ने बैंकों में 13,287 करोड़ रुपये एफडी के रूप में जमा किए हैं जिस पर सालाना 1,600 करोड़ रुपये का ब्याज मिलता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल, 2024 तक तिरुपति ट्रस्ट के पास रेकॉर्ड 18,817 करोड़ रुपये का कैश बैलेंस है।



तिरुपति बालाजी मंदिर का प्रबंधन करने वाले ट्रस्ट तिरुमला तिरुपति देवस्थानम ने इस साल 1,161 करोड़ रुपये की एफडी कराई है जो पिछले 12 साल में सबसे ज्यादा है। आंकड़ों के मुताबिक पिछले 12 साल में केवल तीन बार ही ट्रस्ट के द्वारा कराई गई एफडी की रकम 500 करोड़ रुपये से कम रही। साल 2021 और 2022 में कोरोना महामारी के कारण मंदिर की कमाई प्रभावित हुई थी। ट्रस्ट ने 2024-25 के लिए 5,141.74 करोड़ रुपये का बजट मंजूर किया है। यह पहला मौका है जब ट्रस्ट का बजट 5,000 करोड़ रुपये के पार पहुंचा है। तिरुपति बालाजी मंदिर आंध्र प्रदेश में स्थित है।

### कैसे होती है मंदिर की कमाई

ट्रस्ट को प्रसादम की बिक्री से 600 करोड़ रुपये की कमाई होने का अनुमान है। इसी तरह दर्शन टिकट से 338 करोड़ रुपये, कर्मचारियों को दिए गए लोन और एडवांसेज से 246.39 करोड़ रुपये की उम्मीद है। ट्रस्ट को 129 करोड़ रुपये अन्य पूंजी प्राप्तियों से, 150 करोड़ रुपये अर्जित सेवा टिकट से, 151.5 करोड़ रुपये कल्याणकत्ता रिसीट से और 147 करोड़ रुपये कल्याण मंडपम रिसीट से मिलने का अनुमान है। साथ ही ट्रस्ट रिसीट से 85 करोड़ रुपये, रेंट, इलेक्ट्रिक और अन्य रिसीट के रूप में 60 करोड़ रुपये मिलेंगे। इसी तरह टोल फी कलेक्शन के रूप में 74.5 करोड़ रुपये और 35.25 करोड़ रुपये पब्लिकेशन रिसीट के रूप में मिलने का अनुमान है। इसी तरह चढ़ावे के रूप में 1,611 करोड़ रुपये मिलने की संभावना है।

### कैसे खर्च करता है ट्रस्ट

बजट के मुताबिक ट्रस्ट 1,733 करोड़ रुपये एचआर पेमेंट्स के रूप में खर्च करेगा जो पूरे साल के हुंडी कलेक्शन से 122 करोड़ रुपये ज्यादा है। इसी तरह ट्रस्ट 751 करोड़ रुपये मटीरियल्स की खरीद पर और 750 करोड़ रुपये कॉर्पस और दूसरे इन्वेस्टमेंट पर खर्च करेगा। 350 करोड़ रुपये इंजीनियरिंग वर्क्स और 53 करोड़ रुपये श्रीनिवास सेतु के काम के लिए रखे गए हैं।

### एमडीएच और एवरेस्ट के मसाले पर अमेरिका की नजर; सिंगापुर, हांगकांग में लगी है रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय मसाला निर्माता कंपनी- एमडीएच और एवरेस्ट की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। असल में हांगकांग और सिंगापुर में इन दोनों कंपनियों के कुछ मसाला आइटम पर बैन लग गया है। इसके बाद अमेरिकी खाद्य और औषधि प्रशासन (एफडीए) भी अब एमडीएच, एवरेस्ट के उत्पादों के बारे में जानकारी इकट्ठा कर रहा है।


न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक एफडीए इस बात से अवगत है कि इन दोनों कंपनियों के कुछ उत्पाद की बिक्री रोक दी गई है। एफडीए स्थिति के बारे में अतिरिक्त जानकारी इकट्ठा कर रहा है। बता दें कि एमडीएच और एवरेस्ट मसाले भारत में सबसे लोकप्रिय हैं और यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका में भी बेचे जाते हैं। हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामक सेंटर फॉर फूड सेफ्टी (सीएफएस) ने बताया कि उसने 2 भारतीय ब्रांड के कई प्रकार के डिब्बा बंद मसाला उत्पादों के नमूनों में स्वीकार्य सीमा से अधिक कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड पाया गया है। सीएफएस ने उपभोक्ताओं से इन उत्पादों की खरीदारी न करने के लिए कहा है। सीएफएस आदेश को ध्यान में रखते हुए सिंगापुर खाद्य एजेंसी ने उत्पादों की वापसी का निर्देश दिया था।

**संक्षिप्त समाचार**

## जंगली हाथी का आतंक, दो वनरक्षकों समेत तीन लोगों को कुचलकर मार डाला

**तेजपुर।** असम के सोनितपुर जिले में शनिवार को एक जंगली हाथी के हमले में दो वन रक्षकों सहित तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। एक वन अधिकारी ने यह जानकारी दी। पश्चिम तेजपुर प्रभागीय वन अधिकारी निपेन कलिता ने कहा कि जब वनकर्मी इलाके में गश्त कर रहे थे, तब एक जंगली हाथी पास के ढेकियाजुली जंगल से भटककर धीराई माजुली गांव में घुस गया और तीन लोगों को कुचलकर मौके पर ही मार डाला, जबकि? वन विभाग के एक अन्य कर्मचारी को घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान वनरक्षक कोलेश्वर बोरो और बीरेन रावा और स्थानीय व्यक्ति की पहचान जतिन तांती के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि घायल व्यक्ति दिबाकर मालाकार को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि हाथी को वापस जंगल में धकेलने के प्रयास जारी हैं।

## अनुचित टिप्पणियां करने और राज्य की महिलाओं का अपमान करने वाले शहजादों के गिरोह को सबक सिखाएंगे: कंगना रनौत



**मंडी, एजेंसी।** मंडी उन कुछ सीटों में शामिल है जिसके मुकाबले पर पूरे देश की नजर है। कंगना रनौत और विक्रमादित्य सिंह के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिल रही है। दोनों ओर से वार-पलटवार चल रहा है। भाजपा उम्मीदवार और बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने शनिवार को विक्रमादित्य को जवाब दिया और कहा कि क्षेत्र के लोग अनुचित टिप्पणियां करने और राज्य की महिलाओं का अपमान करने वाले शहजादों के गिरोह को सबक सिखाएंगे। मंडी संसदीय क्षेत्र के झाकरी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कंगना ने कांग्रेस नेता विक्रमादित्य सिंह पर निशाना साधा और उन्हें रामपुर का शहजादा कहा। उन्होंने बॉलीवुड से उनके जुड़ाव का सिंह द्वारा जिक्र करने पर आपत्ति भी जताई। कंगना का जिक्र करते हुए सिंह ने कहा था, मैं भगवान राम से उन्हें सद्बुद्धि देने की प्रार्थना करता हूं और आशा करता हूं कि वह देवभूमि हिमाचल से शुद्ध होकर बॉलीवुड में वापस जाएंगी क्योंकि वह चुनाव नहीं जीत पाएंगी और इसकी वजह यह है कि वह हिमाचल के लोगों के बारे में कुछ नहीं जानती हैं। अपनी रैली में, कंगना ने कहा, अब वे कह रहे हैं कि मैं अशुद्ध हूं क्योंकि मैं फिल्म उद्योग में काम करने के बाद यहां आई हूं और मुझे पहले जाकर खुद को शुद्ध करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें यह टिप्पणी अपमानजनक लगीं क्योंकि फिल्मों में काम करके ही उन्होंने अपने परिवार का साथ दिया, अपने भाई-बहनों को पढ़ाया-लिखाया , तेजाब हमले की शिकार बहन का इलाज कराया और राज्य का सिर ऊंचा किया। अभिनेत्री ने कहा कि क्षेत्र के लोग अनुचित टिप्पणियां करने और राज्य की महिलाओं का अपमान करने वाले 'शहजादों' के गिरोह को सबक सिखाएंगे।

## नामी-गिरामी, कद्दावर नेताओं की दर्जनों पार्टियां खो गई गुमनामी में

**लखनऊ, एजेंसी।** प्रदेश ही नहीं राष्ट्रीय स्तर के नामी-गिरामी और कद्दावर नेताओं ने अलगांव का रास्ता अपनाकर प्रदेश में दर्जनों पार्टियां बनाई। ये पार्टियां जोर-शोर से मैदान में भी आई और चुनाव भी लड़ा लेकिन बाद में वे या तो गुनामी के अंधेरे में खो गई या फिर किसी अन्य पार्टी में उसका विलय हो गया। इनमें कई ऐसी राजनीतिक पार्टियां रहीं हैं जिन्हें चुनावों में अपनी कार्यकारिणी के सदस्यों के अलावा और किसी ने वोट तक नहीं दिया। आजादी के बाद से अब तक प्रदेश में तमाम ऐसे अवसर आये जब बड़े नेताओं ने अपनी मूल पार्टी को त्यागकर नया दल बना लिया और बाद में उनकी पार्टियां अपना स्वयं का अस्तित्व समाप्त कर दी। ये ऐसे राजनेता या राजनीतिक हस्तियां रहीं हैं जिनका न सिर्फ प्रदेश में बल्कि देश की राजनीति में भी बड़ी धाक रही है।

# 2014 और 2019 की तरह भाजपा की राह इस बार उतनी आसान नहीं : छगन भुजबल

**मुंबई, एजेंसी।**
अजीत पवार गुट के कद्दावर नेता छगन भुजबल का कहना है कि 2014 और 2019 की तरह भाजपा की राह इस बार उतनी आसान नहीं है। उन्होंने दावा किया कि जिस तरह उद्धव ठाकरे और शरद पवार की पार्टी टूटी है, दोनों नेताओं के साथ लोगों की सहानुभूति है, जिसका फायदा उन्हें इस बार लोकसभा चुनाव में मिल सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार एनडीए के लिए राह काफी मुश्किल है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की क्षमता पर लोगों को यकीन है और लोग चाहते हैं कि वे देश में फिर से मजबूत सरकार बनाएं। भुजबल ने नासिक सीट से अपनी दावेदारी वापस लेने पर कहा कि वह कभी अपने लिए किसी से सीट नहीं मांगते हैं। इसलिए जब उनका नाम तीन हफ्ते तक अनाउंस नहीं हुआ तो उन्होंने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया।

एनसीपी के कद्दावर नेता छगन भुजबल, शरद पवार से अलग होने के दौरान अजीत पवार के साथ फ्रंटफुट पर



थे। उन्होंने शनिवार को एनडीटीवी के साथ इंटरव्यू में कहा कि महाराष्ट्र में इस बार भाजपा गठबंधन के लिए उतनी आसान राह नहीं है, जो 2014 और 1019 के वक्त थी। वह इसलिए क्योंकि पिछले दो सालों में महाराष्ट्र की राजनीति में दिलचस्प घटनाक्रम हुए हैं। पहले 2022 में एकनाथ शिंदे ने उद्धव गुट से अलग होकर अपने पाले के नेताओं के साथ उद्धव की सरकार गिराई। फिर भाजपा गठबंधन के साथ महाराष्ट्र में सरकार बना ली। अगले साल ठीक ऐसा ही हुआ। शरद पवार की एनसीपी से अलग होकर अजीत पवार ने भी ऐसा ही किया, वो इस वक्त महाराष्ट्र में डिप्टी सीएम हैं और महायुति गठबंधन के साथ सरकार में हैं। छगन भुदबल ने कहा, मेरा मानना है कि यह एक सिम्पैथी लहर हो सकती है। जिस तरह से उद्धव ठाकरे की शिवसेना विभाजित हो गई और एनसीपी के एक गुट ने पाला बदल लिया। ऐसा चुनावी रैलियों में भी दिख रहा है। पिछले दोनों लोकसभा चुनाव 2014 और 2019 में, भाजपा ने अविभाजित शिवसेना के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा था और पार्टियों ने क्रमशः 23 और 18 सीटों में जीत हासिल की थी।

भुजबल ने कहा कि उन्होंने नासिक से टिकट नहीं मांगा था लेकिन होली के दौरान एनसीपी के अन्य नेताओं ने उन्हें बताया था कि वह नासिक से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा, यह बात उन्हें दिल्ली में सहयोगियों के बीच देर रात हुई बैठक के बाद बताई गई, जहां प्रत्येक पार्टी के लिए एक-एक करके सीटों पर चर्चा की जा रही थी।

बता दें कि महाराष्ट्र की नासिक लोकसभा सीट पर प्रत्याशी को लेकर सबसे ज्यादा बवाल देखा गया। क्योंकि भाजपा, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजीत पवार की एनसीपी में सीट-बंटवारे को लेकर चल रही चर्चा के बीच भुजबल ने खुद ही ऐलान कर दिया था कि वे नासिक सीट से चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। हालांकि इस सीट पर उम्मीदवार की घोषणा अभी होनी बाकी है और महायुति के बीच खींचतान चल रही है।

## तमिलनाडु में लू और गर्मी का भीषण प्रकोप, स्टालिन ने अधिकारियों को निर्बाध पानी आपूर्ति के दिए निर्देश

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शनिवार को अधिकारियों को इस भीषण गर्मी में लोगों को निर्बाध पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। दरअसल, राज्य के कई हिस्सों में चल रही लू की स्थिति के मद्देनजर चेन्नई में मुख्यमंत्री स्टालिन ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि गर्मी अपने साथ दो तरह के संकट लेकर आई है। सीएम स्टालिन ने कहा, एक तो अत्यधिक गर्मी और दूसरा पीने के पानी की बढ़ती मांग। उन्होंने कहा, हालांकि पिछले मॉनसून सीजन के दौरान तमिलनाडु के तटीय इलाकों में भारी बारिश हुई थी, जिससे उस इलाके में बाढ़ आ गई। मगर राज्य के अन्य हिस्सों में खासकर पश्चिमी जिलों में कम बारिश हुई। हाई लेवल बैठक में राज्य के मुख्य सचिव और अन्य विभागीय सचिवों ने मुख्यमंत्री को पेयजल की कमी के बारे में बताया। इसके अलावा, भारतीय मौसम विभाग ने जानकारी देते हुए बताया है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के मौसम के दौरान पहले या दो महीनों में बारिश की मात्रा उम्मीद से कम हो सकती है। सीएम स्टालिन कहा, हम एक मुश्किल दौर में हैं जहां हमें बांधों में पानी का संयम से इस्तेमाल करना होगा और अगले दो महीनों के लिए पीने के पानी की आवश्यकता को पूरा करना होगा। वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों से पीने के पानी की समस्या से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लेने और समस्याओं का तुरंत समाधान करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि राज्य के 22 जिलों को पहले ही सूखाग्रस्त जिले घोषित किया जा चुका है और जल आपूर्ति कार्यों के लिए राज्य आपदा राहत कोष से 150 करोड़ रुपये रखे गए हैं।

## ओवैसी धर्म और गोमांस के बारे में करते हैं बात, नहीं चाहते समाज आगे बढ़े; माधवी लता ने लगाए गंभीर आरोप

**हैदराबाद।**
हैदराबाद लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार माधवी लता ने चुनाव आयोग से एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। माधवी लता ने आरोप लगाया है कि ओवैसी बाबरी मस्जिद के नाम पर वोट मांग रहे हैं, धर्म और गोमांस पर चर्चा करके लोगों को भड़काने का काम कर रहे हैं। उन्होंने ओवैसी पर लोगों से गौहत्या करने और गोमांस खाने के लिए कहने का आरोप लगाया और सवाल किया कि क्या मुसलमानों के पास गोमांस खाने के अलावा जीवन में कुछ और करने के लिए नहीं है।

उन्होंने कहा कि ओवैसी आदर्श आचार संहिता के खिलाफ जा रहे हैं और चुनाव आयोग को उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। वे सार्वजनिक रूप से लोगों से गाय काटने और गोमांस खाने के लिए कह रहे हैं। माधवी ने आगे कहा कि आश्चर्य की बात है कि असदुद्दीन ओवैसी जैसा पढ़ा-लिखा बैरिस्टर ऐसा कह रहा है।

### मुसलमानों के जीवन में गोमांस के अलावा और कुछ नहीं है?

चिंता की बात यह है कि वह चाहते हैं कि मुसलमान गोमांस खाने तक ही सीमित रहें, वह नहीं चाहते कि वे इन सब से आगे बढ़ें। पसमांदा मुसलमानों को इस बारे में सोचना चाहिए कि उनके जीवन में गोमांस के अलावा और कुछ नहीं है? उन्होंने सुझाव दिया कि मुसलमानों को यह सोचने की जरूरत है कि क्या वे चाहते हैं कि अल्पसंख्यकों की स्थिति अगले 40 वर्षों तक ऐसी ही बनी रहे।

## अब रेलवे में हाफ टिकट पर नहीं मिलेगा यह लाभ, बदल गया नियम

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
रेल यात्रा के दौरान बच्चे का हाफ टिकट लेने पर उसे वैकल्पिक बीमा योजना का लाभ नहीं मिलेगा। आईआरसीटीसी के अनुसार, पूरा किराया देकर सीट बुक कराने पर ही बीमा का लाभ मिलेगा। साथ ही आईआरसीटीसी ने एक अप्रैल से रेल यात्री वैकल्पिक बीमा का प्रति यात्री प्रीमियम बढ़ाकर 45 पैसे कर दिया है। पहले यह 35 पैसे था। आईआरसीटीसी दस्तावेज के अनुसार, रेल यात्री वैकल्पिक बीमा योजना का लाभ सिर्फ ई-टिकट बुक कराने वाले यात्रियों को मिलेगा। यानी रेलवे के टिकट काउंटर, निजी रेल बुकिंग काउंटर अथवा दलाल से खरीदे गए टिकट पर बीमा योजना लागू नहीं होगी। ट्रेन की सभी श्रेणियों एसी-1,2,3, स्लीपर, बर्थ आदि के कन्फर्म, आरएसी टिकट पर यह सुविधा लागू होगी। प्रतीक्षा सूची के रेल यात्री बीमा योजना के पात्र नहीं होंगे। ऑनलाइन टिकट बुक कराते समय रेल यात्री को बीमा योजना के विकल्प को चुनना होता है। इसके बाद बीमा कंपनी की ओर से रेल यात्री के मोबाइल और ई-मेल आईडी पर मैसेज आता है। किसी कारण से ट्रेन



बदले हुए रेलमार्ग पर चलाई जाती है तब भी यात्री को बीमा कवर मिलेगा। वैकल्पिक ट्रेन बुकिंग में भी यात्री को बीमा लाभ मिलेगा। अपरिहार्य कारणों से रेलवे सड़क मार्ग से यात्रियों को गतंव्य तक पहुंचाती है तो, ऐसी स्थिति में भी यात्री बीमा लाभ के पात्र होंगे। बीमा कवर का उत्तराधिकारी नहीं होने पर दावा करने पर अदालत से बीमा का दावा दिया जाएगा। मालूम हो कि रेल यात्री की मृत्यु होने पर 10 लाख रुपये, आंशिक विकलांग होने पर 7.5 लाख और अस्पताल में घायलों का इलाज कराने पर दो लाख रुपये आश्रित को दिए जाते हैं। इसके अलावा, 10 हजार रुपये सड़क परिहवन के लिए भुगतान किया जाता है। रेलवे की संसदीय स्थायी समिति की रिपोर्ट के अनुसार 2018-19 में 34.40 करोड़ रेल यात्रियों ने बीमा कराया और बीमा कंपनियों को इसका प्रीमियम मद में 8.53 करोड़ रुपये मिला। वर्ष 2019-20 में 27.30 करोड़ यात्रियों ने बीमा के एवज में 13.38 करोड़ रुपये बीमा प्रीमियम का भुगतान किया।

## राजस्थान और गुजरात में पकड़ाई अत्याधुनिक ड्रग्स लैब, करीब 300 करोड़ रु की मेफेड्रोन ड्रग बरामद

**गांधीनगर, एजेंसी।** गुजरात एटीएस (आतंकवाद निरोधी दस्ते) और एनसीबी (नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो) ने गांधीनगर और पड़ोसी राज्य राजस्थान में एक साथ चार जगहों पर संयुक्त रूप से छापा मारा और करीब 300 करोड़ रुपए के मेफेड्रोन (एक तरह का मादक पदार्थ) के साथ 13 लोगों को पकड़ा है। यह छापे शुक्रवार को मारे गए थे, जिनकी जानकारी शनिवार को दी गई। इस दौरान दोनों राज्यों में 3 अति आधुनिक मेफेड्रोन मैन्युफैक्चरिंग लैब्स भी मिलीं।



इन छापों को लेकर एक विज्ञप्ति जारी करते हुए एटीएस ने बताया कि, एनानी और राजपुरोहित के साथ-साथ उनके सहयोगियों की गतिविधियों पर नजर रखी गई, जिसके बाद राजस्थान में सिरोही और जोधपुर के अलावा गांधीनगर के पिपलाज गांव और अमरेली जिले के भक्तिनगर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित इकाइयों पर छापे मारे गए। छापे के दौरान एटीएस ने 22.028 किलोग्राम मेफेड्रोन और 124 किलोग्राम तरल मेफेड्रोन बरामद किया।

## पाकिस्तान में देर रात घर लौट रहे जज का अपहरण, हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को बुलाई पड़ी आपाकालीन बैठक

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
आतंकवादियों के गढ़ पाकिस्तान में आम जनता कितनी सुरक्षित है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शनिवार देर अदालत की कार्यवाही से घर लौट रहे सीनियर जज का हथियारबंद बदमाशों ने अपहरण कर लिया। घटना के बाद से पुलिस भी सकते में हैं। मामला पाकिस्तान के सबसे अशांत प्रांत खैबर पख्चूनख्वा की बताई जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जज की कार बरामद कर दी गई है, जज का ड्राइवर भी सुरक्षित है। उसे किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है। किडनैपर्स जज को अपनी गाड़ी में ले गए। उधर, जज के अपहरण की खबर सुनने के बाद पेशावर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ने इलाके में जजों की सुरक्षा को लेकर आपातकालीन बैठक भी बुलाई है।

मिली जानकारी के अनुसार, पाकिस्तानी जज शकीरुल्लाह मारवात का अफगानिस्तान की सीमा से लगे टैंक और डेरा इस्माइल



(डीआई) खान जिले के पास अपहरण कर लिया गया था। डीआई खान पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) मोहम्मद अदनान ने कहा कि घटना बग्वाल नामक गांव में हुई। जज का अपहरण तब किया गया जब वह ड्यूटी से लौटकर डीआई खान के पास जा रहे थे। पुलिस ने कहा कि जज के अपहरण की किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है।

घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के केंद्रीय सूचना सचिव फैसल करीम कुंडी ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर को बुलाकर प्रांत में इस तरह की घटना को जघन्य करार दिया है।

## इंडोनेशिया के जकार्ता से 143 किलोमीटर दूर भूकंप के झटके, रिक्टर स्केल पर मापी गई 6.2 तीव्रता

**जकार्ता, एजेंसी।**
इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता से 143 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में शनिवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.2 मापी गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने इसकी पुष्टि की। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के मुताबिक, जकार्ता और पास के बाडुंग में रात 9 बजकर 59 मिनट पर 6.1 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। बाडुंग निवासी इमान कृष्णावन ने एएफपी को बताया, मैं अपनी पत्नी और बच्चों को घर से बाहर निकालने के लिए चिल्लाया। आमतौर पर भूकंप करीब पांच सेकंड रहता था, लेकिन इस बार 10-15 सेकंड तक था।

द्वीप राष्ट्र इंडोनेशिया को रिंग ऑफ फायर कहा जाता है। धरती के सबसे संवेदनशील हिस्सों में से होने के कारण यहां लगातार भूकंप आते रहते हैं। यह ऐसी जगह पर मौजूद है, जहां धरती की कई टेक्टोनिक प्लेट टकराती हैं। जनवरी 2021 में सुलावेसी द्वीप समहू में 6.2 तीव्रता का भूकंप आया था। जिसने 100 से ज्यादा लोगों की जान ले ली थी और हजारों लोग बेघर हो गए थे। इसी तरह 2018 में सुलावेसी के पालू में 7.5 तीव्रता का भूकंप आया था और उसके बाद सुनामी आई थी, जिसमें 2,200 से ज्यादा लोगों की जान चली गई थी। इससे पहले 2004 में इंडोनेशिया के आचे प्रांत में 9.1 तीव्रता का भूकंप आया था और 1,70,000 से ज्यादा लोग मारे गए थे।

इससे पहले शनिवार की दोपहर जापान के कई इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। यूएसजीएस ने बताया कि देश के बोनिन द्वीप समूह में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल 6.5 मापी गई। भूकंप का केंद्र 503.2 किलोमीटर की गहराई में रहा। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप का केंद्र द्वीपों के पश्चिमी तट पर, टोक्यो से लगभग 875 किमी दक्षिण में पाया गया। मध्य टोक्यो में भी हल्के झटके महसूस किये गये। खबरों के मुताबिक फिलहाल सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है। भूकंप का केंद्र उस स्थान को कहते हैं जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से भूगर्भीय ऊर्जा निकलती है। इस स्थान पर भूकंप का कंपन ज्यादा होता है। कंपन की आवृत्ति ज्यों-ज्यों दूर होती जाती हैं, इसका प्रभाव कम होता जाता है। फिर भी यदि रिक्टर स्केल पर 7 या इससे अधिक की तीव्रता वाला भूकंप है तो आसपास के 40 किमी के दायरे में झटका तेज होता है। लेकिन यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि भूकंपीय आवृत्ति ऊपर की तरफ है या दायरे में। यदि कंपन की आवृत्ति ऊपर को है तो कम क्षेत्र प्रभावित होगा।

# मिस्र के मकबरे की खुदाई करने वालों की चली जाती है जान!

**काहिरा, एजेंसी।** मिस्र के राजाओं की घाटी में एक ऐसा मकबरा है जो कि रहस्यों से भरा हुआ है। यह मकबरा राजा तूतेनखामने का है जिसे टुट के नाम से भी जाना जाता है। बताया जाता है कि राजा टुट की मौत के 3 हजार साल बाद तक इसकी जानकारी किसी को नहीं थी। 100 साल पहले ही यह मकबरा नजर आया और इसके बाद इसकी खुदाई शुरू हुई। राजा टुट के साथ इतना खजाना दफन किया गया था कि इसे निकालने में ही 10 साल का वक्त लग गया। वहीं खुदाई करने वाले ज्यादातर वैज्ञानिकों की कुछ ही समय में गंभीर बीमारियों की वजह से मौत हो गई। कुछ की बीमारियों का तो पता भी नहीं चला। ऐसे में कहा जाता है कि इस मकबरे को राजा टुट का शाप है कि इसे हाथ लगाने वाले की जान चली जाएगी।

बता दें कि मिस्र के राजा को फेराओ कहा जाता था। 1922 में जो लोग खुदाई में शामिल थे उनमें से ज्यादातर की मौत रहस्यमय तरीके से हो गई। अब एक वैज्ञानिक ने दावा किया है कि उसने फेराओ के शाप के राज का पता लगा लिया है। रॉस फेलोज नाम के वैज्ञानिक ने जर्नल ऑफ साइंटिफिक एक्सप्लोरेशन में लिखा है, इस इलाके में यूरेनियम और जहरीले वेस्ट से रैडिएशन निकलता है जिसकी वजह से लोगों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां हो जाती हैं और उनकी मौत हो जाती है।

उन्होंने दावा किया कि फेराओ टुट के मकबरे के पास रैडिएशन का स्तर बहुत ज्यादा है। ऐसे में कैंसर होने की संभावना बहुत ज्यादा रहती है। इसके संपर्क में आने वाले ज्यादातर लोगों को हड्डी, खून या फिर लिंफ का कैंसर हो गया। फेलोज ने अपनी स्टडी में कहा कि केवल मकबरे में ही रैडिएशन नहीं है बल्कि एजिप्ट के इस पूरे इलाके में ये चीजें हैं। उन्होंने कहा कि बहुत सारे अंडरग्राउंड मकबरों के पास रेडियोऐक्टिव गैस पाई गई है। उन्होंने कहा कि आधुनिक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि



एजिप्ट में ममियों के पास से रैडिएशन निकलता है।

इसी में यह भी थ्योरी सामने आती है कि क्या उस समय के लोगों को भी इस तरह के रैडिएशन का बारे में पता था। इसीलिए वे ममी रखने के बाद उसके चारों तरफ मोटी और मजबूत दीवारें बनाते थे। फेलोज ने लिखा, पहले के लोग जाहते थे कि जो भी ये दीवार तोड़े उसकी मौत हो जाए और किसी डॉक्टर को भी पता ना चले की आखिर बीमारी क्या हुई थी। वहीं इन जगहों से संबंधित कई तरह के अंधविश्वास हैं। लोग कहते हैं कि यहां कई आत्माएं रहती हैं और वे लोगों को शाप दे देती हैं जिनकी वजह से लोगों की मौत हो जाती है।

1922 में इस मकबरे की खुदाई शुरू करने वाले लॉर्ड कार्नावन की मौत के बाद यह डर और बढ़ गया है। कार्नावान के खून में जहर पाया गया था। दावा किया गया था कि इस मकबरे में घुसने के छह सप्ताह बाद ही कार्नावन की मौत हो गई थी। वहीं कार्नावन के साथ इस तहखाने में घुसने वाले कार्टर की भी मौत गंभीर बीमारी की वजह से हो गई थी। 1934 में 54 साल की उम्र में कैंसर की वजह से उनकी मौत हुई थी। जब यह तहखाना खुला था तब वहां कुल 26 लोग मौजूद थे जिनमें से 20 की मौत बहुत जल्द हो गई। इसमें दिल का दौरान पड़ने, स्ट्रोक, निमोनिया, पॉइजनिंग और मलेरिया की वजह से लोगों की जान गई थी। कहा गया था कि कार्नावन की मौत मच्छर के काटने की वजह से हुई।

## नवलनी ग्रुप के लिए काम करने के आरोपी दो रूसी पत्रकार गिरफ्तार

**मास्को, एजेंसी।** रूस सरकार ने विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी द्वारा स्थापित एक समूह के लिए काम करने के आरोप में दो पत्रकारों को गिरफ्तार कर लिया और रूसी अदालतों ने जांच पूरी होने एवं मुकदमा चलने तक उन्हें हिरासत में रखने का शनिवार को आदेश दिया। विपक्षी नेता नवलनी की फरवरी में मौत हो गई थी। इन पत्रकारों को ''अतिवाद के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। कॉन्स्टेंटिन गैबोव और सर्गेई कार्लिन दोनों ने इन आरोपों से इनकार किया है। दोनों को मामले में कोई सुनवाई शुरू होने से पहले कम से कम दो महीने तक हिरासत में रखा जाएगा। रूसी अदालतों के अनुसार ''चरमपंथी संगठन में भागीदारी के आरोप साबित होने पर उन्हें कम से कम दो साल और अधिकतम छह साल कारावास की सजा हो सकी है। रूस में सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वालों और स्वतंत्र मीडिया पर सरकारी कार्रवाई पिछले कुछ वक्त में तेज हुई है और इन कार्रवाई में यूक्रेन पर रूस के हमला करने के बाद से और तेजी आई है। इसी क्रम में इन पत्रकारों को गिरफ्तार किया गया है।

# मोदी सरकार दलितों, पिछड़ों और गरीबों का आरक्षण व संविधान को समाप्त करना चाहती है : नरेंद्र चौबे

● भाजपा वाले 30,000 व्हाट्सएप ग्रुप चलाकर लोगों को कर रहे हैं भ्रमित

बब्लू खान/ आकाश कुमार



**चंदवा।** गोला मयूर इंटरनेशनल में इंडिया गठबंधन के आम आदमी पार्टी के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित किया गया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पलामू चतरा लोक सभा प्रभारी नरेंद्र चौबे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आज जो देश की हालत है बिल्कुल बदल चुकी है। चंदवा प्रखंड में दो पावर प्लांट कांग्रेस पार्टी के समय लगाया जा रहा था। दोनों पावर प्लांट को नरेंद्र मोदी की सरकार आते ही पूरी तरह कोल ब्लॉक का लाइसेंस रद्द कर नरेंद्र मोदी की सरकार ने प्लांट को बंद कर दिया। वहीं झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार को गिराने का कार्य किया। हेमंत सोरेन को जेल भेजने का काम किया, जो आज तक ईडी के द्वारा कोई सबूत पेश नहीं किया गया है और हेमंत सोरेन को जेल में रखा है। इसी तरह हमारे नेता दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी ईडी के माध्यम से जेल भेजने का काम किया है। अरविंद केजरीवाल के ऊपर भी किसी तरह का आज तक नरेंद्र मोदी सरकार और ईडी ने कोई सबूत नहीं दिया है। दिल्ली की सरकार में मंत्री रहे मनीष सिसोदिया को भी जेल भेज दिया है। ऐसे करके नरेंद्र मोदी की सरकार पूरे देश भर में अलग-अलग कार्य करती है। आज देश के प्रधानमंत्री देश की जनता को यह कहते हैं कि पांच साल चावल हम फ्री देंगे जो एक रुपये कांग्रेस की सरकार में भी मिलती थी। आज नरेंद्र मोदी की सरकार कहती है कि मैं पांच साल के लिए देश की जनता को पांच किलो ग्राम चावल फ्री में देने का काम करेंगे। देश की नरेंद्र मोदी की सरकार यह कभी नहीं कहती है या करती है कि मैं आपको रोजगार दूंगा, आपके क्षेत्र में रोजगार दूंगा पलायन नहीं करें, आपके घर बैठे रोजगार मिलेगा मनरेगा जैसे कार्य को देश से नरेंद्र मोदी की सरकार पूरी तरह खत्म कर दिया है। रोजगार के लिए हमारे गरीब जनता अन्य राज्यों में पलायन कर भटकते रहते हैं जिससे प्रतिदिन कार्य करने गए मजदूरों को मृत्यु हो जाती है। कोरोना महामारी में जनता को सड़कों पर छोड़ने का काम नरेंद्र मोदी की सरकार ने किया जिससे हजारों लाखों मजदूर भाई-बहन सड़क पर चलते हुए मर गए।

● चतरा लोकसभा क्षेत्र में दस वर्षों से यहां के सांसद आपके पार्टी के थे, उन्होंने क्या किया है : नरेंद्र चौबे

● कोरोना महामारी में जनता को सड़कों पर छोड़ने का काम नरेंद्र मोदी की सरकार ने किया

● भाजपा की केंद्र सरकार सामने से वार न कर पीछे से वार करती है

## भाजपा सामने से नहीं पीठ पीछे से वार कर रही है

भाजपा सामने से वार नहीं कर रही है पीठ पीछे से वार कर रही है। हमने कांग्रेस से भी लड़ाई लड़ी थी, किसी जमाने में लेकिन तब की लड़ाई कुछ अलग किस्म की होती थी इंदिरा गांधी के जमाने में भी कांग्रेस के विचारधारा के विपरीत हम लोगों ने कई आंदोलन की थी लेकिन तब वार सामने से किया जाता था लेकिन आज की स्थिति में भाजपा बिल्कुल गुप्त रूप से पीछे की तरफ से वार करती है और लोगों को इसके परिणाम से डीग भ्रमित करती है। वहीं नरेंद्र चौबे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर दिखा वार करते हुए कहा कि इलेक्ट्रेल बाउंड के जरिए बहुत बड़ा घोटाला हुआ है। आज प्रधानमंत्री इलेक्ट्रल बॉन्ड पे कुछ नहीं बोलने को तैयार हैं। जनता के सवालों से भाग रहे हैं। मंगलसूत्र, मछली इन चीजों पर वह अपना बयान दे रहे हैं।

## राहुल गांधी ने न्याय पत्र लाकर देश को दी एक नई सौगात

आज राहुल गांधी ने न्याय पत्र लाकर देश को एक नई सौगात देने की कोशिश की है, आज इस न्याय पत्र का देश और विदेश में भी प्रशंसा हो रही है। इसलिए इस बार हमें केएन त्रिपाठी को चतरा लोकसभा से जीतकर संसद भवन भेजना है ताकि हमारी समस्या और आवाज को संसद भवन में उठा सके।

मैं पूछना चाहता हूं देश के नरेंद्र मोदी सरकार से कि चतरा लोकसभा क्षेत्र में दस वर्षों से यहां के सांसद आपके पार्टी के थे। उन्होंने क्या किया है? चतरा लोकसभा क्षेत्र में दो बड़े पावर प्लांट जो बंद हो चुका हैं, स्क्रैप की नीलामी और चोरी किया जा रहा है। उसके बारे में भी निवर्तमान सांसद ने लोकसभा सदन में कभी उठाने का कार्य नहीं किया गया है। वहीं रांची चतरा मुख्य मार्ग पर टोरी स्टेशन में रेलवे क्रॉसिंग से हर साल कई बीमारी से जूझ रहें, लोग एंबुलेंस में ही मर जाते हैं। उसके बारे में भी उन्होंने कोई अथक प्रयास नहीं किया है। जिससे जनता परेशान हो गई है। वहीं ऐसे बड़ी समस्या चतरा लोकसभा क्षेत्र में है। उसको भी उन्होंने सदन में उठाने का कार्य नहीं किया है। जिससे जनता हमेशा जूझते आई है तो कैसा विकास का दम भरते हैं। देश के नरेंद्र मोदी सरकार धरातल पर तो उनके कोई भी सांसद किसी तरह का ऐसा कोई कार्य नहीं किया गया है। जिससे जनता सरकार के कार्य से खुश नजर आता हो।

आज भाजपा वाले 30000 व्हाट्सएप ग्रुप चलकर लोगों को अधिक भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं। रोजगार शिक्षा स्वास्थ्य कल्याण इन मुद्दों से भटकने के लिए आज भाजपा के उम्मीदवार लगातार अनलीगल बयान दे रहे हैं।

वहीं इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। लातेहार मीडिया प्रभारी मुकेश दुबे, प्रमोद पांडे, प्रदेश उपध्यक्ष किसान मोर्चा लातेहार रिंकू खान, जिला उपाध्यक्ष लातेहार उपेंद्र शर्मा, लातेहार प्रखंड अध्यक्ष किसान मोर्चा आम आदमी पार्टी चंदवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान, संजय दुबे, अंकित तिवारी, इरफान बाबा व अन्य शामिल थें।

# सड़क निर्माण में ग्रामीणों ने लगाया अनियमितता का आरोप

## बंद कराया निर्माण कार्य

बब्लू खान



**लातेहार।** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य योजना के तहत लातेहार जिले के बरवाडीह व छिपादोह सड़क मार्ग के निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क की गुणवत्ता व पारदर्शिता की अनदेखी का मामला सामने आया है।

साथ ही ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में लीपा पोती कर खाना पूर्ति करने और बिना जल छिड़काव कराये सड़क निर्माण कार्य किये जाने को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त की है। नाराज ग्रामीणों ने सैकड़ों की संख्या में कार्य स्थल पर पहुंच कर जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में जमकर विरोध किया और निर्माण कार्य को विभागीय अधिकारियों के आने तक बंद कराया गया।

ज्ञात हो कि इस सड़क निर्माण की शुरूआत से ही बरती जा रही अनियमितता को लेकर ग्रामीण लगातार विरोध प्रकट करते आ रहे हैं। ग्रामीणों के आरोप को दरकिनार करते हुए संवेदक द्वारा मनमानी रवैया अपनाते हुए गड़बड़ी का कार्य कराने में लगे हुए हैं।

इसी का ग्रामीणों ने विरोध किया। इस दौरान ग्रामीण काफी आक्रोशित थे। वहीं विरोध प्रदर्शन को देखते हुवे तत्काल जल का छिड़काव कर विरोध प्रदर्शन को शांत किया गया।

# दसवीं क्लास की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



प्रात: आवाज

**महुआडांड़।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के ग्राम उदालखाड़ में शनिवार रात को एक 16 वर्षीय युवती काल्पनिक नाम (शोभा कुमारी) ने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

इस संबंध में परिजनों ने बताया की शनिवार को गेंहु फसल कटाई करने खेत गई थी। जहां मां के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इस लेकर युवती काफी परेशान थी। युवती दसवीं क्लास की छात्रा थी। इस बात की सुचना ग्रामीणों के द्वारा जनप्रतिनिधि को दी गई। जिसके बाद इस जनप्रतिनिधि द्वारा इस बात की सुचना थाने में दिया गया। जिसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से शव को फंदे से उतारा गया। जिसके बाद शव कै पोस्टमार्टम हेतु लातेहार भेज दिया गया है। घटना के बाद पूरे गांव में मताम का माहौल है। वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## कोडरमा लोकसभा सीट से पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा का निर्दलीय चुनाव लड़ना तय

**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव में कोडरमा लोकसभा सीट पर कद्दावर नेता जय प्रकाश वर्मा की एंट्री हो चुकी है। उन्होंने रविवार को इस सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरने की घोषणा कर दी। वे कुशवाहा समाज से आते हैं और उनके परिवार का वर्चस्व इस लोकसभा सीट पर रहा है। ऐसे में उनके उम्मीदवार बनने से इस सीट पर लड़ाई रोचक होनी तय है।

वर्मा के पैतृक गांव भण्डारो में रविवार को उनके समर्थकों और कार्यकताओं का महाजुटान हुआ। उन्होंने कार्यकताओं संग मंथन किया और लोकसभा चुनाव में हर विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग रणनीति बनायी। समर्थकों और कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा ने कहा कि स्व. रीतलाल वर्मा और स्व. जगदीश कुशवाहा के बाद इलाके के लोग राजनीतिक शून्यता की स्थिति में हैं।

## समाचार सार

### खेलगांव हाउसिंग सोसाइटी के निवासियों ने चुनाव की मांग को लेकर किया विशाल धरना-प्रदर्शन



**रांची (प्रात: आवाज)।** खेलगांव हाउसिंग सोसाइटी के निवासियों द्वारा आज सोसाइटी के चुनाव की मांग को लेकर विशाल धरना एवं प्रदर्शन किया गया। बताते चलें कि सोसाइटी बायलाज के अनुसार प्रतिवर्ष अप्रैल माह में नई कमेटी का चुनाव उपरांत गठन होता है, परंतु वर्तमान कमेटी ने विगत दो वर्षों से बिना चुनाव कराये सोसाइटी पर मनमाने ढंग से कब्जा कर रखा है निवासियों की मानें तो वर्तमान कमेटी की नजर सोसाइटी के खजाने पर है और बिना किसी अनुमोदन के लगातार पैसे की अवैध निकासी की जा रही है। फलस्वरूप निवासियों में गहरा असंतोष बढ़ता जा रहा है। लगातार प्रयास के बावजूद चुनाव की घोषणा ना होने से एवं किसी प्रकार चुनाव टालने की कोशिशों के बीच बाध्य होकर निवासियों ने आंदोलन का रुख अख्तियार कर लिया है। आज इसी कड़ी में मीडिया की मौजूदगी में दो सौ से अधिक संख्या में लोगों ने एकत्रित होकर वर्तमान कमेटी की मनमानी एवं हठधर्मिता के विरोध में शांतिपूर्ण विशाल धरना का आयोजन किया। मौके पर मौजूद निवासियों ने यह भी बताया कि जब तक चुनाव की घोषणा नहीं हो जाती तब तक आंदोलन चलता रहेगा। अंदेशा है कि आगे और भी उग्र आंदोलन कर सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन देखने को मिले। आज के इस आयोजन में मुख्य रूप से कर्नल अंजनी कुमार, रवींद्र भगत, विद्याकर कुंवर, प्रमोद कुमार जायसवाल, अमरेन्द्र सिंह, मनीष मल्लिक, संजय श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, मनोज कुमार सिंह, मुनेश्वर सिंह, कुमुद सिन्हा, एस दत्ता, प्रकाश वर्मा, जयंत वर्मा, के आचार्य, गौतम सिन्हा, संतोष कुमार, महेश प्रसाद सहित सैकड़ों की संख्या में निवासी उपस्थित थे।

### 30 अप्रैल को मारवाड़ी समाज मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को करेगा सम्मानित



**रांची (प्रात: आवाज)।** संपूर्ण मारवाड़ी समाज द्वारा मारवाड़ी भवन हरमू रोड रांची में 30 अप्रैल को शाम 7:30 बजे भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इस सम्मान समारोह में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को मारवाड़ी समाज के सभी संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने हेतु सुरेश चंद्र अग्रवाल को कार्यक्रम संयोजक बनाया गया है। सुरेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को मारवाड़ी समाज द्वारा एक ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। कार्यक्रम के उपरांत अल्पाहार की भी व्यवस्था की गई है। सम्मान समारोह कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु एक स्वागत समिति का गठन किया गया है, जिसमें ललित कुमार पोद्दार, विनोद कुमार जैन, नंदकिशोर पाटोदिया, मनोज चौधरी, शिव शंकर साबू, डॉ वी.के. जैन, पुरुषोत्तम विजयवर्गीय, नरेंद्र गंगवाल, विष्णु सेन, रमेश शर्मा, मधु सर्राफ, उर्मिला पाड़िया, विनीता सिंघानिया, आशीष अग्रवाल, सौरभ बजाज, हेमंत महेश्वरी, आदि को शामिल किया गया है। संजय सर्राफ को प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी का दायित्व दिया गया है। अनिल कुमार अग्रवाल को मंच सज्जा एवं अजय खेतान को भोजन व्यवस्था का प्रभार दिया गया है। उक्त जानकारी सम्मान समारोह कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी।

### जामताड़ा में चार साइबर ठग गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**जामताड़ा (प्रात: आवाज)।** पुलिस ने जामताड़ा जिला अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर चार साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। इसमें दो आरोपितों की गिरफ्तारी करमाटांड़ थाना क्षेत्र से हुई है जबकि दो की गिरफ्तारी जामताड़ा थाना क्षेत्र से की गई है। सभी साइबर ठगों को फिशिंग करते हुए और रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी रविवार को साइबर डीएसपी अशोक कुमार राम ने साइबर थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। अशोक राम ने बताया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि जिले के कई स्थानों पर साइबर ठग एकजुट होकर ठगी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। इसी कड़ी में टीम गठित की गई, जिसका नेतृत्व डीएसपी ने किया। टीम में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अब्दुल रहमान, इंस्पेक्टर मनोज तिर्की सहित आईआरबी झलवा के महिलाओं एवं पुलिस बल को शामिल करते हुए करमाटांड़ थाना क्षेत्र के बारादाहा एवं ऊपर भीठरा गांव में छापेमारी की गई, जहां से इरशाद अंसारी और अशरफ अंसारी को गिरफ्तार किया गया है। जामताड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत शहरी क्षेत्र में की गई छापेमारी में विमल एवं कमल को गिरफ्तार किया गया। साइबर डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार चारों आरोपितों के विरुद्ध मामला दर्ज कर रविवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से सभी को न्यायिक अभिरक्षा में जामताड़ा मंडल कारा भेज दिया गया। गिरफ्तार साइबर ठग एसबीआई क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड बंद होने की बात बताकर लोगों को झांसा में लेकर स्क्रीन शेयरिंग एप एनीडेस्क, टीम व्यूअर इत्यादि डाउनलोड करवाते थे और गोपनीय जानकारी हासिल कर ठगी की घटना को अंजाम देते थे। इसके अलावा गूगल पे एवं पे फोन के कस्टमर केयर में फर्जी मोबाइल नंबर डालकर कॉल आने पर लोगों को झांसे में लेकर ठगी किया करते थे। साइबर डीएसपी ने बताया कि इन अपराधियों का नेटवर्क झारखंड, बिहार, यूपी के अलावा अन्य राज्यों में भी फैला हुआ है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से एक स्विफ्ट डिजायर कार, 17 मोबाइल फोन, 22 फर्जी सिम कार्ड, 9 एटीएम कार्ड, दो पासबुक, दो चेक बुक, पांच पैन कार्ड, दो आधार कार्ड और एक वोटर आईडी कार्ड बरामद हुए हैं।

# कामडारा में जंगली हाथियों ने दो घरों को किया ध्वस्त

प्रात: आवाज

**गुमला।** जिले के कामडारा प्रखंड के सरिता गड़हा टोली गांव में रविवार अहले सुबह करीब तीन बजे एक जंगली हाथी ने उत्पात मचाते हुए सुरजू कोंगाड़ी और मगदली कोंगाड़ी के मकान को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया।

सड़क के दूसरे भाग में स्थित यहां मात्र दो ही कच्चा खपड़ैल मकान स्थित है। दोनों मकानों को हाथी ने पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसके कारण घरों के अंदर रखे सभी घरेलू सामान व अनाज बर्बाद हो गया। अब दोनों पीड़ित परिवार वालों के समक्ष रहने की समस्या उत्पन्न हो गई है। सरिता पंचायत में कुल 18 टोली है। सरिता व गोहराम के बीहड़ जंगल सारंडा को जोड़ता है और सरिता पंचायत के करीब सभी गांव-टोली जंगल से घिरे हैं। इसके कारण सालो भर इस इलाके में जंगली हाथियों का आना-जाना लगा रहता है। मकानों को क्षतिग्रस्त वाला हाथी अभी गोहराम जंगल में शरण ले रखा है।

# चलती हाइवा में लगी आग, चालक ने भागकर बचायी जान

टीपू खान



**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत गोलीटाड़ गांव के समीप रविवार को कोयला परिवहन कार्य में लगी एक चलती हाइवा वाहन में अचानक आग लगने से अफरा तफरी माहौल बन गया, चालक ने भाग कर जान बचाई। घटना के संबंध में ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त हाइवा मगध कोल परियोजना में परिवहन कार्य में लगा था जो कोयला खाली करके कोयलयरी जा रहा था कि अचानक वाहन में आग लग गई चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए वाहन से उतरकर भाग कर अपनी जान बचाई। घटना के समय मौजूद लोगों इधर-उधर भागने लगे जिसके बाद ग्रामीणों के प्रयास से आग में काबू पाया गया। तब तक हाइवा वाहन का आगे का हिस्सा पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। जिससे वाहन मालिकों का हजारों रुपए का छाती हुआ है। आज की घटना पर लोगों को कहना था कि शॉर्ट सर्किट के कारण वाहन में अचानक आग लग गई।

# नशाखोरी की गिरफ्त में फंस रहे बच्चे व किशोर

## मादक पदार्थों के सेवन से बढ़ रहीं आपराधिक घटनाएं, नशाखोरी बनी चुनौती

कुमार संजय



**लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** पढ़ाई-लिखाई के साथ बेहतर भविष्य बनाने की उम्र में जिले के कई बच्चे, किशोर व युवा वर्ग डेंड्राइट, गांजा व शराब जैसी मादक पदार्थों की नशाखोरी में तेजी से गिरफ्त हो रहे हैं। नशे की लत नाबालिगों पर इतनी घातक साबित हो रही है कि नशे के शिकार कई नाबालिग जघन्य अपराधिक तथा हत्या जैसी घटनाओ को भी अंजाम देने से नहीं चूक रहे हैं। शहरी इलाकों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे चोरी-छिपे डेंड्राइट के नशे की आदी हो रहे है। ऐसे बच्चे तेजी से अन्य साथियों को भी इस तरह का नशा लेने के आदी बना रहे हैं। जानकारों का मानना है कि डेंड्राइट का नशा चार से पांच घंटे तक रहता है और डेंड्राइट आमतौर पर स्टेशनरी व किराना दुकानों में आसानी से उपलब्ध हो जाता है। इसके नशे के आदी हो चुके बच्चों के अभिभावक काफी प्रयास के बाद भी वह अपने बच्चों को इस तरह के नशे को नहीं छुड़ा पा रहे हैं। नाबालिगों को नशा अपराध के रास्ते पर धकेल रहा है। बताते चलें कि शहरी क्षेत्र के मैना बगीचा में पूर्व में एक सरकारी कर्मचारी की गला दबाकर कि गई हत्या के मामले में दो नाबालिगों की संलिप्तता सामने आई थी। इस मामले में पुलिस ने दोनों नाबालिगों को हिरासत में ले कर बाल सुधार गृह भेज दिया था। जिले में युवा पीढ़ी तथा किशोरावस्था में बढ़ती डॅडराइट, गांजा, शराब का सेवन पुलिस के समक्ष चुनौती बन चुकी है। लोहरदगा शहरी क्षेत्र के मैना बगीचा, नदिया रोड, सदर ब्लॉक कॉलोनी, पतराटोली, बक्सीडीपा, बीआईडी, रघुटोली, महादेव टोली, बरवाटोली, नवाड़ीपाड़ा, मिशन चौक सहित जिले के विभिन्न प्रखंडो व कस्बों में शाम ढलते ही ऐसे मादक पदार्थों की सेवन करने वाले लोगों की नशा सर चढ़ कर बोलने लगता है। जिस तरह से काफी कम उम्र के किशोर नशे की हालत में झूमते हुए दिखाई देते हैं, यह समाज के हर वर्ग के लोगों के लिए चिन्तनीय का विषय है।

### नशाखोरी सभ्य समाज के लिए चिंतनीय

बलदेव साहू महाविद्यालय लोहरदगा के सेवानिवृत मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो परमानंद अग्रवाल का कहना है कि नशाखोरी सभ्य समाज के लिए काफी चिंता का विषय है। बचपन से ही लोग नशे की लत में पड़ रहे हैं। इससे आसपास का माहौल पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है। यह समाज के लिए काफी घातक है। नशा अच्छे और बुरे की समझ को समाप्त कर देता है। बच्चों के मन मस्तिष्क पर इसका काफी ज्यादा असर पड़ता है। अभिभावकों को इसे लेकर सजग रहने की जरूरत है।

### श्वांस के माध्यम से लेते हैं डेंड्राइट का गंध

किशोरावस्था के बच्चे डेंड्राइट का गंध नाक व मुंह के माध्यम से लेते हैं। बताया जाता हैं कि आमतौर पर एक प्लास्टिक में डेंड्राइट को निकाला जाता है। जिसके बाद प्लास्टिक के अंदर मुंह या नाक के माध्यम से इसकी गंध श्वांस के माध्यम से लेते हैं। एक बार इसके सेवन से कई घंटो तक इसका असर रहता है। डेंड्राइट के अलावा गांजा तथा देशी व विदेशी मादक पदार्थो का सेवन कर विशेष कर बच्चे तथा किशोर जाने अनजाने कमोबेश अपराध की ओर बढ़ रहा है।

### खतरनाक होता है डेंड्राइट का नशा

डेंड्राइट का नशा मानव जीवन के लिए काफी खतरनाक होता है। चिकित्सक डॉ गणेश प्रसाद का कहना है कि डेंड्राइट नशाखोरी के आदि हो चुके लोगों को नशा नहीं करने पर भूख नहीं लगता है। इसके लगातार सेवन से बच्चों का विकास भी रूक जाता है. फेफड़ा व गुर्दा को काफी नुकसान पहुंचता है। साथ ही ऐसे लोगों का दिमाग भी धीरे-धीरे शिथिल हो जाता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक हेमंत कुमार द्वारा प्रातः आवाज (दैनिक) डीबी कार्प लिमिटेड, प्लॉट नंबर 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन रातू, रांची (झारखंड) से मुद्रित आवाज डेली हर्षित टीवी कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, विजयवर्गीय कांपलेक्स, ऑफिस नंबर सी-14, दूसरा तल्ला, कोकर, रांची (झारखंड) पिन नंबर 834001 से प्रकाशित। संपादक : नीलेन्दु जयपुरियार ** पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेवार ** फोन 7004363095/ 9572196587/7004527300 RNI No JHAHIN/2022/83327